रांची का तापमान
| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 26.5° | अधिक. 28.5° |
| न्यून. 13.4° | न्यून. 14.4° |

रांची, बुधवार
12 फरवरी 2025
वर्ष-26, अंक- 13, पृष्ठ-12

माघ शुक्ल पक्ष 15, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

₹79900 10 ग्राम

₹98000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 76,293.60 | 86.745 |
| -1,018.20 | -0.724 |

## भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने की विभागीय समीक्षा बैठक, कहा

# रैयतों के आवेदनों को बेवजह रिजेक्ट न करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आमलोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसे लेकर जहां कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, वहीं विभागीय मंत्री भी प्रशासनिक स्तर पर कार्यों के निष्पादन के लिए पूरी तरह सक्रिय हैं। इसी क्रम में भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में भू-राजस्व, भूमि सुधार विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मंत्री बिरुआ ने कहा कि अंचलों में तकनीकी कारणों का हवाला देकर रैयतों के आवेदनों को बेवजह रिजेक्ट करने पर चिह्नित सीओ (अंचलाधिकारी) पर अब कार्रवाई होगी। साथ ही, अंचलों में दाखिल खारिज से जुड़े मामलों पर आवेदनों को अस्वीकृत या आपत्ति करने वाले सीओ को पचास शब्दों में ठोस बातें लिखकर स्पष्ट रूप से कारण बताना अनिवार्य होगा।

मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि कई बार तकनीकी कारणों से झारभूमि साइट नहीं खुलने की बातें लिखकर



अंचल अधिकारी आवेदनों को जिस तरह रिजेक्ट करने का बहाना बनाते हैं, अब ऐसा नहीं चलेगा। जमीन मामले में अंचलों में कई गड़बड़ियां हैं, जिसका खामियाजा सरकार को उठाना पड़ता है। इसलिए सभी अंचल अधिकारी, पदाधिकारी सचेत होकर ईमानदारी से अपने कार्य दायित्व का निर्वहन करें।
विभागीय सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि राजस्व संग्रहण के वार्षिक लक्ष्य के तहत कार्य किया जाए। कमजोर प्रदर्शन करने वाले अंचलों की समीक्षा कर सुधारात्मक रणनीति अपनाई जाएगी। उन्होंने एलआरडीसी (भूमि अभिलेख उप समाहर्ता) और एसी (एडिशनल



कलेक्टर) को अंचलों में लगने वाले कैंप की विशेष निगरानी करने का खास निर्देश दिया।

मौके पर भू राजस्व विभाग के निदेशक भोर सिंह यादव ने दाखिल खारिज करने के अनुचित कारणों और इसके अद्यतन स्थिति, वेब पीएन की सुविधा दिलाने, जिलों में भू-लगान के निर्धारण एवं ऑनलाइन भुगतान करने, भूमि सीमांकन के लंबित मामलों की स्थिति समेत अन्य विभागीय कार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी ससमय सभी कार्यों के निष्पादन के लिए समन्वय स्थापित कर काम करें। बैठक में मंत्री दीपक बिरुआ के अलावे सचिव चंद्रशेखर, विशेष सचिव शशि प्रकाश झा, भूमि निदेशक भोर सिंह यादव समेत जिलेभर से आए एलआरडीसी, एडिशनल कलेक्टर समेत अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

**मंत्री ने कहा**

चिह्नित अंचलाधिकारी पर अब की जाएगी कार्रवाई

**तकनीकी कारणों का हवाला दे आवेदन रिजेक्ट नहीं करें**

रिजेक्ट करने पर बताना होगा 50 शब्दों में ठोस कारण

### मॉडर्न रिकॉर्ड रूम को करें दुरुस्त

भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि कई मॉडर्न रिकॉर्ड रूम से खतियान निकालने पर सही छपाई नहीं होती। खतियान फोटो कॉपी में नहीं दिखता है। ऐसी विसंगतियों को दुरुस्त किया जाए। स्पष्ट स्कैनिंग नहीं होने पर रैयतों को अपनी जमीन की सही जानकारी नहीं मिलती। खतियान निकालने के बाद भी रैयतों को परेशानी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मॉडर्न रिकॉर्ड रूम में कैथी और बांग्ला भाषा में लिखी खतियान को ट्रांसलेट करने की सुविधा देने की आवश्यकता है।

### आरओबी बनाने पर ग्रामीण सड़कों का दिया जाए ध्यान

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की कार्य परियोजना को लेकर मंत्री दीपक बिरुआ ने दो टूक कहा कि जहां-तहां आरओबी बनाने के चक्कर में ग्रामीण सड़कों को छोड़ दिया जाता है, जो गलत है। आरओबी (रोड ओवर ब्रिज) ऊपर में बनने और नीचे जगह छूटने से आमजनों को परेशानी होती है। उन्होंने लैंड एक्वीजेशन को लेकर समय पर मुआवजा दिलाने की बात कही। कहा कि एनएचएआई की जिम्मेदारी है कि पदाधिकारी लैंड एक्वीजेशन से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

## एक नजर

### सेंसेक्स में 1018 अंकों की भारी गिरावट

**मुंबई।** शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट आई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1018 अंक या 1.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,293 और निफ्टी 309 अंक या 1.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,071 पर बंद हुआ। भारी गिरावट के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप नौ लाख करोड़ रुपए गिरकर 408 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

(विस्तृत खबर पेज 10 पर)

### लॉटरी पर केवल राज्य सरकार लगा सकती है सर्विस टैक्स : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन और ऑफलाइन लाटरी टिकट पर लगने वाले जीएसटी पर अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि लॉटरी पर केवल राज्य सरकार ही टैक्स लगा सकती है। केंद्र द्वारा सर्विस टैक्स नहीं लगाया जा सकता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में केंद्र की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि वह सर्विस टैक्स लगाने की हकदार है।

### संसद में 6 नई भाषाओं में अनुवाद सेवा के विस्तार की घोषणा

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को संसद में छह नई भाषाओं में अनुवाद सेवा के विस्तार की घोषणा की। इनमें बोडो, मैथिली, डोगरी, मणिपुरी, संस्कृत और उर्दू भाषाएं शामिल हैं।


**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।


## अवैध खनन मामले में सरकार के जवाब पर कोर्ट असंतुष्ट

# आखिर सरकार किसे बचाना चाह रही है : झारखंड हाईकोर्ट

- सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए मिला एक और मौका
- जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर हुई सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद व जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ में मंगलवार को पैनम माइंस कंपनी की ओर से किए गए अवैध खनन की जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार के जवाब पर असंतुष्टि जताई। अदालत ने कहा कि कई बार समय दिए जाने के बाद भी सरकार मामले में स्पष्ट जवाब दाखिल नहीं कर रही है। अदालत ने मौखिक कहा कि आखिर सरकार किसको बचाना चाह रही है।

अदालत ने कहा कि यह मामला सीबीआई जांच को सौंपे जाने का लिए उपयुक्त है। लेकिन, अदालत मामले में सरकार को स्पष्ट जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दे रही है। मामले में अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। अधिवक्ता राम सुभग सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि पैनम कोल कंपनी को पाकुड़ में खनन का लीज मिला था।

शेष पेज 11 पर

**मेडिकल क्लेम भुगतान मामले में हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला** | **बीसीसीएल के सेवानिवृत्त अधिकारी की याचिका पर की गई सुनवाई**

## शारीरिक और मानसिक बीमारी के नाम पर भेदभाव नहीं करें : हाईकोर्ट

**रांची (आईएएनएस)**

झारखंड हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा कि मानसिक बीमारी के इलाज में होने वाले खर्च को मेडिकल क्लेम के दायरे से बाहर नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि कोई भी कंपनी अपने मौजूदा या सेवानिवृत्त कर्मियों को मेडिकल क्लेम के भुगतान में शारीरिक और मानसिक बीमारी के नाम पर भेदभाव नहीं कर सकती। यह फैसला जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने कोल इंडिया की सहयोगी कंपनी बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) के एक सेवानिवृत्त अधिकारी की याचिका पर सुनवाई के बाद सुनाया। अदालत ने बीसीसीएल को आदेश दिया कि वह याचिकाकर्ता की पत्नी के मानसिक स्वास्थ्य उपचार पर किए गए खर्च का भुगतान करे। बीसीसीएल ने कोल इंडिया लिमिटेड




(सीआईएल) और उसकी सहयोगी कंपनियों में लागू 'कंट्रीब्यूटरी पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकेयर स्कीम फॉर एक्जीक्यूटिव्स ऑफ सीआईएल एंड इट्स सब्सिडियरीज' के प्रावधान का हवाला देते हुए मानसिक बीमारी के इलाज में किए गए खर्च का भुगतान करने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद अपने फैसले में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 की धारा 21 यह स्पष्ट करती है कि मानसिक और शारीरिक बीमारियों के इलाज में भेदभाव नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने अधिनियम का हवाला देते हुए कहा कि प्रत्येक बीमाकर्ता को मानसिक रोगों के उपचार के लिए उसी तरह की स्वास्थ्य बीमा सुविधा प्रदान करनी होगी, जैसे कि शारीरिक बीमारियों के लिए की जाती है।

शेष पेज 11 पर

## ममता ने 2026 में अकेले चुनाव लड़ने का किया ऐलान

**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि तृणमूल कांग्रेस



(टीएमसी) 2026 के विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी। कांग्रेस के साथ संभावित गठबंधन को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की कोई राजनीतिक अहमियत नहीं है इसलिए गठबंधन की जरूरत नहीं है। ममता बनर्जी के इस ऐलान के बाद राज्य की सियासत गर्म हो गई है। एनडीए ने इसे विपक्षी इंडी गठबंधन की टूट का संकेत बताया और इसे टीएमसी का 'अति आत्मविश्वास' करार दिया। भाजपा के हमलों के बीच तृणमूल कांग्रेस ममता बनर्जी के साथ एकजुट है। पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री शशि पांजा ने मंगलवार को कहा, हम पूरी तरह से वर्ष 2026 के चुनाव के लिए तैयार हैं। e तृणमूल कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने 2021 के चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा, 2021 में भी दीदी अकेले चुनाव लड़ी थीं और 213 सीटें जीती थीं। 2026 में भी टीएमसी आसानी से दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगी।

## लाठकर परमाणु ऊर्जा विभाग के आईजी सिक्योरिटी नियुक्त

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** केंद्र सरकार ने झारखंड कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी संजय आनंद लाठकर को परमाणु ऊर्जा विभाग में आईजी सिक्योरिटी नियुक्त किया है। केंद्र सरकार की ओर से अधिसूचना जारी कर इस संबंध में मंगलवार को जानकारी दी गई है। आईपीएस लाठकर मुंबई स्थित परमाणु मुख्यालय में अपना योगदान देंगे।

ज्ञात हो कि इससे पहले लाठकर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीआरपीएफ में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहते हुए लाठकर झारखंड चैप्टर के आईजी भी रह चुके हैं। अब एसए लाठकर एक बार फिर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। झारखंड पुलिस के एडीजी (अभियान) संजय आनंद लाठकर




वर्ष 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वे एक तेज तर्रार व ईमानदार पुलिस अधिकारी माने जाते हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने लाठकर को एडीजी स्तर और वेतन पर परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत आईजी सुरक्षा के पद पर नियुक्त करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। ज्ञात हो कि एसए लाठकर महाराष्ट्र के रहने वाले हैं।

## हजारीबाग में 1.02 लाख मोती हुए उत्पादित

**नई दिल्ली (हि.स.)**



- केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने लोकसभा में बताया
- प्राकृतिक मोती उत्पादन को बढ़ावा देने को हुई है पहल

केंद्रीय मत्स्य पालन विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने राज्य सरकारों, अनुसंधान संस्थानों और अन्य संबंधित एजेंसियों के सहयोग से प्राकृतिक मोती की खेती (नेचुरल पर्ल फार्मिंग) को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं।
यह जानकारी मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मंगलवार को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में दी। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) ने बताया है कि झारखंड के हजारीबाग जिले में 1.02 लाख मोती उत्पादित हुए हैं।

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह के दिए उत्तर में बताया गया है कि मत्स्य पालन विभाग द्वारा की गई प्रमुख पहलों में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कुल 461 लाख रुपये की लागत से 2307 बाइवाल्व खेती (मसल्स, क्लैम्स, मोती आदि सहित) इकाइयां स्वीकृत की गईं। इसी तरह, मत्स्यपालन विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय मंचों पर प्राकृतिक मोती की खेती और इसके आर्थिक महत्व को प्रदर्शित करने के लिए मोती किसानों को सहायता दी गई। इसी क्रम में पीएमएमएसवाई के अंतर्गत पर्ल क्लस्टर सहित मात्स्यिकी और जलीय कृषि क्षेत्र में उत्पादन और प्रसंस्करण क्लस्टरों के विकास के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को प्रसारित की गईं। झारखंड सरकार के सहयोग से हजारीबाग, झारखंड में प्रथम पर्ल क्लस्टर उत्पादन विकास और प्रसंस्करण की अधिसूचना और समुद्री मोती सीप की प्राकृतिक आबादी को बढ़ाने के लिए, आईसीएआर-केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) ने तमिलनाडु तट के

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# डिजिटल हो रहे किसान और झारखंड

कुछ दशक पहले और आज के गांवों में बहुत बड़ा अंतर यह आया है कि घूम घूमकर सब्जी बेचने वाली महिला भी यूपीआई पेमेंट लेने लगी है। खुले पैसे के लिए


**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

भागदौड़ से दूर झारखंड भी बदल रहा है कि भारत के ग्रामीण परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। किसानों की आमदनी बढ़ने से उनका जीवन स्तर सुधर रहा है। हाल ही में प्रकाशित मैकिन्से ग्लोबल फार्मर्स इनसाइट सर्वे 2024 में कहा गया है कि भारतीय किसान तेजी से डिजिटल भुगतान को अपना रहे हैं। वर्ष 2024 भारत में 40 फीसदी किसानों ने भुगतान डिजिटल माध्यम से किया। वर्ष 2022 में केवल 11 फीसदी किसान ही डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल कर रहे थे। किसानों के बीच डिजिटल भुगतान का चलन बढ़ने का कारण सस्ता डाटा और यूपीआई सेवा को माना गया है।रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में देश में फसल बीमा का इस्तेमाल करने वाले महज आठ फीसदी किसान थे, जो वर्ष 2024 में 37 फीसदी हो गए। यह भी पाया गया है कि 11 फीसदी किसान वर्ष 2024 में जैविक उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि वर्ष 2022



में यह आंकड़ा दो प्रतिशत ही था। इस रिपोर्ट का यह निष्कर्ष भी महत्वपूर्ण है कि भारत के किसान औपचारिक ऋण की ओर बढ़ रहे हैं। वर्ष 2024 में 36 फीसदी किसानों ने बैंक से कर्ज लिया, जो वर्ष 2022 में केवल नौ फीसदी था। वहीं, 26 फीसदी किसानों ने सब्सिडी वाले सरकारी ऋण का उपयोग किया, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा सिर्फ एक फीसदी था। रिपोर्ट ने यह भी बताया कि भारत के 53 फीसदी किसान फसल चक्रीकरण जैसे टिकाऊ खेती के तरीकों को अपनाने के लिए सरकारी सब्सिडी पर निर्भर हैं। सरकार कई तरह से सहायता प्रदान कर रही है, जैसे-लागत में छूट, कार्बन क्रेडिट से आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन आदि। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, शहरों के बजाय ग्रामीण इलाकों में गरीबी तेजी से कम हुई है। वर्ष 2011-12 में ग्रामीण गरीबी 25.7 प्रतिशत और शहरी गरीबी 13.7 प्रतिशत थी। वर्ष 2023-24 में ग्रामीण गरीबी घटकर 4.86 प्रतिशत और शहरी गरीबी घटकर 4.09 प्रतिशत पर आ गई। वर्ष 2009-10 से 2023-24 के बीच शहरी इलाकों में एमपीसीई 1,984 रुपए से बढ़कर 6,996 रुपए और ग्रामीण इलाकों में यह खर्च 1,054 रुपए से बढ़कर 4,122 रुपए हो गया। निस्संदेह ग्रामीण एवं कृषि विकास के विभिन्न अभियानों के कारण देश में ग्रामीण गरीबी में तेजी से कमी आ रही है। यह पिछले वर्ष 2024 में घटकर पांच प्रतिशत से भी कम रह गई है। साथ ही ग्रामीणों की आमदनी और क्रयशक्ति बढ़ी है।डिजिटल तकनीक की मदद से बेहतरीन डॉक्टर और अस्पताल भी गांवों से कनेक्ट हो रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से देश के किसानों को तीन लाख करोड़ रुपए की आर्थिक मदद दी जा रही है। बीते दस वर्षों में कृषि ऋण साढ़े तीन गुना बढ़ गए हैं। अब पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा रहे हैं। बीते दस वर्षों में फसलों पर दी जाने वाली सब्सिडी और फसल बीमा की राशि को बढ़ाया है। स्वामित्व योजना जैसे अभियान चलाए हैं, जिससे गांव के लोगों को संपत्ति के दस्तावेज दिए जा रहे हैं। गांव के युवाओं की मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से की जा रही है। यह भी महत्वपूर्ण है कि डिजिटल इंडिया, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना जैसे अभियानों से भी ग्रामीण भारत में गरीबी में कमी आ रही है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने भी ग्रामीण भारत में गरीबी को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। निश्चित रूप से ग्रामीण भारत में सकारात्मक परिवर्तन, कृषि और ग्रामीण विकास तथा किसानों की आमदनी बढ़ाने के मद्देनजर केंद्रीय बजट 2025-26 एक और आशा की किरण लेकर आया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के लिए इस बार केंद्रीय बजट 2025-26 में 1,88,754 करोड़ का प्रावधान किया गया है। नए बजट में कृषि एवं किसान कल्याण का बजट आवंटन 1.71 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जो पिछले वर्ष के बजट की तुलना में 11 फीसदी अधिक है। तमाम सुविधाओं के बावजूद अभी ग्रामीण भारत और किसानों की प्रगति के लिए काफी कुछ करना है। करीब 42 फीसदी किसानों का कहना है कि उन्हें ऑनलाइन विक्रेताओं से पर्याप्त ग्राहक सेवा और लचीला भुगतान का विकल्प नहीं मिलता है। ऐसी कठिनाइयों को दूर करना होगा।

## भारत करेगा अगली एआई एक्शन समिट की मेजबानी



- पीएम मोदी ने कहा, अगली समिट का आयोजन करना खुशी की बात है

**पेरिस (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 'एआई एक्शन समिट' की गति बढ़ाने के लिए भारत की ओर से अगली समिट का आयोजन करना खुशी की बात है। अपने समापन संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज की चर्चा से एक बात सामने आई है कि सभी पक्षकारों के दृष्टिकोण और उद्देश्य में एकता है।
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं एआई फाउंडेशन और काउंसिल फॉर सस्टेनेबल एआई की स्थापना के फैसले का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा, मैं इन पहलों के लिए फ्रांस और मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को बधाई देता हूं और हमारे पूर्ण समर्थन का आश्वासन देता हूं। प्रधानमंत्री ने 'एआई के लिए वैश्विक साझेदारी' बनाने का सुझाव दिया। इससे पहले, 'एआई एक्शन समिट' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारत सार्वजनिक भलाई के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एप्लीकेशन विकसित कर रहा है। और, भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा एआई टैलेंट पूल है।

शेष पेज 11 पर

# केंद्रीय बजट 2025-26 में जेंडर-आधारित आवंटन को मजबूत किया है : अन्नपूर्णा देवी

● महिलाओं के कल्याण के लिए 4.49 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है

नवीन मेल संवाददाता



रांची। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय बजट 2025-26 के प्रमुख प्रावधानों की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं महिला उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए बाल एवं मातृ पोषण को बढ़ाने के उद्देश्य से नई पहलों की शुरूआत की।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 में जेंडर-आधारित आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। जेंडर बजट अब कुल बजट का 8.86 प्रतिशत है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 6.8 प्रतिशत था। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस बात पर जोर दिया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) इन प्रयासों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसके बजट का एक बड़ा हिस्सा विभिन्न लक्षित पहलों के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। यह लैंगिक समानता और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

महिलाओं के कल्याण के लिए 4.49 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37.25 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सबसे आगे है, जिसने अपने बजट का 81.79 प्रतिशत हिस्सा जेंडर-आधारित कार्यक्रमों के लिए आवंटित किया है।

महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए सरकार के परिकल्पना पर प्रकाश डालते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा, महिला उद्यमी भारत की आर्थिक प्रगति के पीछे एक प्रेरक शक्ति हैं। लक्षित वित्तीय सहायता और कौशल निर्माण कार्यक्रम प्रदान करके, हम एक समावेशी और न्यायसंगत उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दे रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने 18 मार्च से 2 अप्रैल 2025 तक मनाए जाने वाले 7 वें पोषण पखवाड़े की भी घोषणा की। पोषण पखवाड़ा 2025 से लेकर 2025 के अंत तक 1000 सुपोषित ग्राम पंचायतों की घोषणा होने तक समुदायों के लिए निरंतर संवेदीकरण गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी।

कुपोषण से निपटने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत मंत्रालय ने 26 दिसंबर, 2024 को भारत मंडपम में वीर बाल दिवस के राष्ट्रीय आयोजन के दौरान सुपोषित पंचायत योजना की शुरूआत की। इस पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर पोषण और स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार के लिए उनके असाधारण प्रयासों के लिए देश भर में शीर्ष 1000 ग्राम पंचायतों की पहचान करना और उन्हें 'सुपोषित ग्राम पंचायत' के रूप में पुरस्कृत करना है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के दस साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 100 दिवसीय अभियान के तहत देशभर में 1,342 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 1,410 जन प्रतिनिधियों सहित 13 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। गतिविधियों में विभिन्न प्रकार की पहल शामिल थीं।

## पूर्वी कमान अलंकरण समारोह आज

● राज्यपाल संतोष गंगवार व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रहेंगे उपस्थित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पूर्वी कमान अलंकरण समारोह आज बुधवार को दीपाटोली मिलिट्री स्टेशन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया जाएगा। लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, एसएम,जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान, इस अलंकरण समारोह के दौरान वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित करेंगे। इस समारोह में कुल 39 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसमें 20 सेना पदक (वीरता), 04 सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 01 बार टू सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 02 युद्ध सेवा पदक, 01 बार टू विशिष्ट सेवा पदक, 11 विशिष्ट सेवा पदक, इसके अतिरिक्त 45 सैन्य यूनिटों को जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान यूनिट प्रशंसा से सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे। 11 फरवरी को कार्यक्रम से एक दिन पहले, एक सांस्कृतिक संध्या 'शौर्य सनाध्य' आयोजित की जाएगी, जिसमे मार्शल आर्ट प्रदर्शन, हेलीकॉप्टरों द्वारा फ्लाई-पास्ट, आर्मी बैंड सिम्फनी फ्यूजन प्रस्तुत, और भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन शामिल। इस समारोह में पुरस्कार विजेताओं के परिवारों के साथ-साथ भारतीय सेना और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

## फरवरी माह में ही राज्य में पारा पहुंचा 36 डिग्री

रांची। राज्य में फरवरी माह में ही तापमान बढकर 36 डिग्री हो गया है। मंगलवार को सरायकेला में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि अभी फरवरी का महीना आधा भी खत्म नहीं हुआ है। देश भर में झारखंड की पहचान एक हरे भरे राज्य के रूप में होती है, लेकिन राज्य गठन के बाद से राज्य में वनों की तेजी से कटाई हो रही है। गांव से लेकर शहरी इलाकों में भी सड़क, पुल और आवास निर्माण समेत अन्य जरूरी विकास कार्यों के लिए हर दिन हजारों पेड़ काटे जा रहे हैं, जिसका दुष्प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है और तापमान में बढोत्तरी हो रही है। वहीं सरायकेला के बाद चाईबासा और डालटेनगंज में भी तापमान 33 डिग्री पहुंच गया है। दोनों शहरों में अधिकतम तापमान क्रमशः 33.8 और 33.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची की बात करें तो यहां सुबह में हल्की ठंड महसूस की जा रही है, जबकि रात में कनकनी है। हालांकि हवा नहीं चलने से ठंड में कमी आई है। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य में जिन शहरों में तापमान 30 डिग्री के पार पहुंच गया है उनमें जमशेदपुर 32.2, बोकारो 31.1, गढ़वा 30.9 और गुमला 30.2 डिग्री सेल्सियस शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार आनेवाले चार पांच दिनों तक मौसम साफ रहेगा। इससे अधिकतम तापमान में आंशिक बढोत्तरी होने की संभवना है।

## मंत्री ने बेकन फैक्ट्री का किया औचक निरीक्षण, कहा

# 1996 से बंद बेकन फैक्ट्री को किया जाएगा पुनर्जीवित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को बेकन फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया. औचक निरीक्षण के बाद मंत्री ने कहा कि इस बंद फैक्ट्री को रिवाइव करने के लिए सीएम हेमंत सोरेन से भी चर्चा हुई है. एक समय में ये फैक्ट्री एशिया का नंबर फैक्ट्री हुआ करता था, लेकिन महज 25 हजार रुपए की वजह से ये बंद हो गया. सूकर मांस के विभिन्न प्रकार के रेडी टू इट व्यंजन तैयार कर रैनबेक ब्रांड के नाम से ब्रांडिंग की जाती थी. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि इस फैक्ट्री के शुरू होते ही सूकर पालन से जुड़े लोगों को फायदा पहुंचेगा। सूकर पालकों के व्यवसाय में बढ़ोत्तरी होगी। इसके साथ ही मंत्री ने साफ शब्दों में कहा है कि ब्यूरोक्रेट्स के भरोसे हर चीज को छोड़ा नहीं जा सकता है।

### सीएम से भी फैक्ट्री खोलने के लिए हुई है सकारात्मक चर्चा



मंत्री ने कहा - हमें अपनी इच्छाशक्ति से काम करते हुए सकारात्मक परिणाम निकालने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने इसके साथ ही मुख्यमंत्री पशु धन योजना के तहत वितरण किए जा रहे पशु अगर विभाग के फॉर्म सेंटर में तैयार पशु हो तो ये ज्यादा बेहतर होगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र और बत्तख प्रजनन प्रक्षेत्र होटवार की स्थिति देख कर काफी नाराज हुई। यहां बनाए गए शेड की गुणवत्ता बेहतर नहीं होने से संबंधित अधिकारियों को फटकार भी लगाई। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने स्पष्ट शब्दों में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया की इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान और टीका औषधि लैब के बेहतर उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विभाग हर स्तर पर सहयोग करने के लिए तैयार है।

# झारखंड में सत्ता मजबूत है, लेकिन जनता मजबूर : सुदेश महतो

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने शहीद वीर तिलका मांझी की जयंती पर कहा कि झारखंड में सत्ता मजबूत है, लेकिन जनता मजबूर है। उन्होंने यह भी कहा कि आजसू पार्टी मजबूर जनता की बुलंद आवाज बनेगी और उनके अधिकारों की लड़ाई को और तीव्र करेगी। इसी कड़ी में, उत्तरी छोटानागपुर के जिला अध्यक्षों और प्रमुख नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें संगठन के विस्तार और आगामी रणनीतियों पर चर्चा हुई है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उत्तरी छोटानागपुर स्तरीय संगठन की एक अहम बैठक 21 फरवरी को मधुवन में होगी, जिसमें जिला, प्रखंड और केंद्रीय नेतृत्व के साथ क्षेत्र के प्रमुख नेताओं की भागीदारी होगी।



## महाकुंभ में व्यवस्था बहुत अच्छी : अर्जुन मुंडा



रांची। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में महाकुंभ की जिस तरह व्यवस्थाएं की है वो बहुत अच्छी है। इतने बड़े आयोजन में थोड़ी परेशानी होना स्वाभाविक है, लेकिन इसे परेशानी के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। सरकार ने बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा सब परिवार महाकुंभ स्नान करके रांची लौटे हैं।

## डीएसपीएमयू में तिलका मांझी की 275 वीं जयंती मनाई गई



रांची। मंगलवार को आदिवासी छात्र संघ के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में वीर शहीद तिलका मांझी बाबा की 275 वीं जयंती मनाई गई। मौके पर डीएसपीएमयू के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने छात्रों से कहा कि जनजातीय भाषा विभाग के सभी कक्षा का नाम जनजातीय वीर शहीदों के नाम से नामाकरण किया जाएगा। वहीं एक स्मारक अपने खर्च पर डीएसपीएमयू कैंपस पर लगवाया जाएगा। मौके पर रजिस्टार नमिता सिंह, रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज उरांव, डीएसपीएमयू उपाध्यक्ष दिपा कच्छप, सचिव अमित टोप्पो, अभिनव भगत, सूरज कुमार, दीपक मुंडा, दिनेश उरांव, लक्ष्मी उरांव, सीताराम उरांव, नेहा उरांव , प्रियंका उरांव, सुमंती उरांव, कंपनी कुमार, खुशबू टोप्पो, लालेश्वर उरांव, बिंजलानी मिंज, निर्मला उरांव, आशा उरांव तथा अन्य शामिल थे।

## राजेंद्र प्रसाद ने सीएम को लिखा पत्र, कहा

# ओबीसी का फर्जी सर्वे बंद हो

नवीन मेल संवाददाता



रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने ओबीसी के सर्वेक्षण में अनियमितता व फर्जीवाड़ा को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। राजेन्द्र प्रसाद ने अपने पत्र में लिखा है ओबीसी के सर्वेक्षण में घोर अनियमितता और फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, जो ओबीसी समुदाय के साथ सरासर धोखा और उनके अधिकारों से खिलवाड़ बताया है। राजेन्द्र प्रसाद ने अखबार में प्रकाशित खबरों का हवाला दिया है। प्रसाद ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री को जानकारी दी है कि रघुवर सरकार में ही पिछड़ा वर्गों की जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित कर तत्संबंधी प्रतिवेदन देने को लेकर प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने सभी जिलों को पत्र निर्गत किया था। जिसका पत्रांक संख्या 26 दिनांक 2 .1. 2019 है। सभी जिला को पत्र भेज कर पिछड़ा वर्गों की जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित कर तत्संबंधी प्रतिवेदन विभाग को भेजने के लिए कहा गया था। राजेन्द्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री को पत्र में लिखा है कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी पिछड़ी जातियों की जनसंख्या के आंकड़ों के संग्रहित करने को लेकर दिनांक 28 दिसंबर .2018 को राज्य सरकार को एक पत्र भेजा था। प्रसाद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पिछड़ा वर्गों की जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित करने के लिए कार्मिक विभाग ने 2019 में ओबीसी का सर्वेक्षण कराकर रिपोर्ट मांगी थी। ऐसे में सभी उपायुक्तों से सरकार को जानकारी लेना चाहिए कि उस पत्र के आलोक में पिछड़ी जातियों की जनसंख्या का सर्वेक्षण हुआ है या नहीं? यदि नहीं हुआ है ,तो क्यों नहीं हुआ? ओबीसी को लेकर उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। राजेन्द्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री से पिछड़ी जातियों का जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित उपायुक्तों के माध्यम से ही कराने का आग्रह किया है। राजेन्द्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री से अंत में लिखा है आपके रहते हुए हम आशा करते हैं ओबीसी के अधिकारों से खिलवाड़ नहीं होगा।

## आजसू ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का जताया आभार

रांची। आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त प्रकट किया है। वहीं कहा कि नीड बेस्ट लेक्चरर नियुक्ति पर रोक स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि इस नियुक्ति में झारखंडी अभ्यर्थी को प्राथमिकता न देते हुए दूसरे राज्य के लोगों को प्राथमिकता देने का काम विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा था। आजसू शुरू से ही इसको लेकर विरोध दर्ज कर कुलपति को ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार और उच्च शिक्षा विभाग को इसपर रोक लगाने एवं झारखंडी अभ्यर्थी को प्राथमिकता देने की बात कर रही थी। आज उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ये निर्णय स्वागत योग्य है आजसू इसका समर्थन करती है और उच्च शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त करती है ।

## नाबालिग से दुष्कर्म के जुर्म में जीजा दोषी करार, सजा 18 साल को

रांची। पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को नाबालिग साली से दुष्कर्म करने के मामले में जीजा अनिल एक्का को दोषी करार दिया है। साथ ही उसकी सजा की बिंदु पर सुनवाई के लिए 18 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। पीड़िता छह बहनों में सबसे छोटी थी। जबकि, दुष्कर्म के जुर्म दोषी अनिल एक्का पीड़िता की बड़ी बहन का पति है। घटना को लेकर साल 2019 में चान्हो थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसमें कहा गया है कि 28 जून 2019 को अभियुक्त ने पीड़िता को नामांकन कराने के लिए स्कूल लेकर गया। लौटने के दौरान बाइक खराब होने की बात बोलकर नाबालिग को पैदल ही खेत के रास्ते घर ले जाने लगा था। सुनसान जगह देखकर उसके साथ दुष्कर्म किया। अभियुक्त नशे में था। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपनी बुआ को दी। इसके बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने संपूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया था : बाबूलाल मरांडी

● दीनदयाल जी का बलिदान राष्ट्रसेवा के लिए सदैव प्रेरित करता है

● दीनदयाल जी का चिंतन कार्यकर्ताओं को युगों युगों तक अनुप्राणित करता रहेगा : डॉ रविंद्र कुमार राय



नवीन मेल संवाददाता

रांची। प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि बूथ स्तर पर समर्पण दिवस के रूप में मनाया। नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा एवं चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की तथा राष्ट्र सेवा के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दीनदयाल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया। श्री मरांडी ने कहा कि एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान कर्मयोगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना सम्पूर्ण जीवन जरूरतमंदों की सेवा व राष्ट्रोत्थान के लिए समर्पित कर दिया। कहा कि पंडित दीनदयाल जी का बलिदान कार्यकर्ताओं को राष्ट्रसेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। कहा कि स्व. उपाध्याय का आदर्श जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी हम सभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुरुष हैं। आज देश भारी मन से उनकी जीवनलीला की असामयिक हत्या को याद कर रहा है। आज भी उनकी हत्या का रहस्य देश के लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी का चिंतन एकांगी नहीं था बल्कि उनके चिंतन में शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समावेशी चिंतन है। एक व्यक्ति का संपूर्ण विकास इन चारों पर आधारित है। कहा कि इस चिंतन के द्वारा धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति के साथ व्यक्ति, समाज, परिवार, राष्ट्र के साथ संपूर्ण ब्रह्मांड का कल्याण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी के चिंतन में अंत्योदय के साथ एकात्म मानव दर्शन समाहित है। गांव, गरीब, किसान भारत के हैं प्राण। इनकी उन्नति ही अंत्योदय है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसी चिंतन पर तेजी से कार्य हो है। उन्होंने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने, फिर से सोने की चिड़िया बनाने तक भाजपा कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल जी का विचार युगों युगों तक कार्यकतार्ओं को अनुप्राणित करता रहेगा। प्रदेश कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में विधायक सीपी सिंह, प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, किशुन दास, सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदीप सिन्हा, शिवपूजन पाठक, वरुण साहू, प्रेम मित्तल, शोभा यादव, संदीप वर्मा, वसंत मित्तल, मुकेश मुक्ता, संजय जायसवाल, संजय चौधरी आदि शामिल थे।

## 6 देशों के डेलीगेट के साथ संजय सेठ ने की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

रांची/ बेंगलुरु। एरो इंडिया 2025 के दौरान 6 देश के डेलीगेट के साथ देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में भारत और अन्य देशों के बीच मजबूत होते रक्षा सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में किर्गिज गणराज्य के प्रथम उप रक्षा मंत्री मेजर जनरल टेर्डिकबायेव एर्लिस, फिलिपींस केसाल्वाडोर मेलचोर बी मिसन, अवर सचिव रक्षा (अधिग्रहण एवं संसाधन) दक्षिण अफ्रीका के मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) बंटुबोनके हैरिंगटन होलोमिसा, साइप्रस के रक्षा मंत्री की स्थायी सचिव अन्ना अरिस्टोटेलस, मालदीव के रक्षा राज्य मंत्री मुआज हलीम, डोमिनिकन गणराज्य के सैन्य मामलों के उपरक्षा मंत्री मेजर जनरल मिगुएल एंजेल रूबियो बेज शामिल थे।

# केंद्र की बड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने के प्रति सरकार उदासीन : प्रतुल

● पैसे का यूटिलिटी सर्टिफिकेट भी नहीं मिलता है

नवीन मेल संवाददाता



रांची। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर केंद्र की योजनाओं को धरातल में उतारने के प्रति उदासीन होने का आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि दिखावा के लिए मुख्यमंत्री और राज्य वित्त मंत्री केंद्रीय मंत्रियों को मांग पत्र सौंपते हैं। लेकिन पहले से चल रही केंद्रीय योजनाओं का राज्य में बुरा हाल है।

प्रतुल ने कहा कि सर्वप्रथम मनरेगा में केंद्र सरकार के हिस्सेदारी के पैसे का यूटिलिटी सर्टिफिकेट राज्य ने नहीं सौंपा। जिसके कारण लंबे समय तक केंद्र के अंशदान पर ग्रहण लग गया था। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना में भी केंद्र और राज्य का संयुक्त योगदान होता है। केंद्र ने इस योजना में जो पैसा दिया उसका राज्य सरकार ने फिर से समय पर यूटिलिटी सर्टिफिकेट नहीं दिया। जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना में भी झारखंड काफी नीचे के पायदान पर है। प्रतुल ने कहा कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान योजना में केंद्र से अंशदान मिल जाने के बावजूद राज्य सरकार ने अनेक निजी अस्पतालों को समय पर भुगतान नहीं किया। इस कारण सैकड़ों निजी अस्पतालों ने आयुष्मान कार्ड से मरीजों का दाखिला लेना बंद कर दिया। प्रतुल ने कहा कि हर घर में नल से जल योजना का झारखंड में हेमंत सरकार ने बुरा हाल कर दिया। इस योजना में एक समय झारखंड नीचे से एक पायदान ऊपर था। आज भी राज्य के 28 लाख घरों में नल से जल नहीं पहुंच पाया है। केंद्र की यह स्कीम भी भ्रष्टाचार के आरोप में चढ़ गई थी और तत्कालीन मंत्री के करीबियों सहित अनेक लोगों के यहां छापा पड़ा था।

प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। परंतु राज्य सरकार केंद्र के पैसे का हिसाब नहीं देती। जिसके कारण पूरा मामला खटाई में फंस जाता है। प्रतुल ने मुख्यमंत्री से अपील की कि वह केंद्र के पैसे का सदुपयोग करें। क्योंकि प्रधानमंत्री, अमित शाह, नितिन गडकरी समेत कई मंत्रियों ने अनेक बार कहा है कि वह राज्यों को पैसे की कमी नहीं होने देंगे बशर्ते नियम कानून का पालन हो।

## कीमत से अधिक दाम पर शराब बेच रहे दो गिरफ्तार

● शराब के एमआरपी से अधिक वसूलने पर होगी कार्रवाई : सहायक कमिश्नर




रांची। राजधानी के शराब दुकानों में उत्पाद विभाग की और से कड़े निर्देश दिए गए हैं कि शराब कीमत से अधिक वसूली करते हुए पकडे जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। बावजूद इसके राजधानी में कुछ शराब दुकान के संचालक शराब की बिक्री ओवर प्राइस करके बेच रहे हैं। इसी कड़ी में उत्पाद विभाग ने लालपुर और सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर से दो लोगों को गिरफ्तार किया।

सहायक कमिश्नर अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि शराब की कीमतों को बढा कर बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा इन निदेर्शों के बाद भी यदि कोई शरब की कीमत बाधा कर बेचते हुए पकड़ा जाता है तो उसके लिए सजा का प्रवधान है। उन्होंने कहा कसीस से यदि शराब दुकान में कीमतें बढा कर शराब बेचीं जा रही है तो वह शराब दुकान के ऊपर लगे हरे बोर्ड में दिए गए टोल फ्री नंबर पर शिकायत कर सकता है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर उत्पाद विभाग कंट्रोल रूम से तुरंत कार्रवाई की जाएगी।





# बारी पार्क की तरह जाकिर हुसैन पार्क का भी अस्तित्व मिटने वाला है या सहेजा जाएगा

**काजल मेहता**

**रांची।** राजधानी रांची में दो महापुरुषों के नाम पर पार्क थे जिसमे एक का अस्तित्व मिट चूका है और दूसरे का संकट में है। भारत के राष्ट्रपति रहे डॉ जाकिर हुसैन के नाम से राजधानी रांची में राजभवन के समीप बने पार्क की आज दुर्दशा हो गई है। पार्क के चारो ओर ऑटो, रिक्शा, फल की दुकानें हैं। वहीं जाकिर हुसैन पार्क के टूटी फूटी चहारदीवारी को आस पास के लोग और आने जाने वाले लोगों ने शौचालय बना दिया है क्योंकि आसपास कोई साफ व उपयोग लायक शौचालय नहीं है। पार्क के अन्दर की हालत भी सफाई और देख रेख के अभाव में बदहाल है।

### अब्दुल बारी पार्क का मिट चूका है अस्तित्व

उल्लेखनीय है कि राजधानी रांची में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के सामने ही एक पार्क हुआ करता था, जिसका नाम था अब्दुल बारी पार्क। पार्क इतना बड़ा था कि यहां फुटबाल मैच भी होते थे। अब्दुल बारी एक बड़े मजदूर नेता थे, जिनकी जमशेदपुर में हत्या कर दी गई थी। उनकी स्मृति में यह पार्क बना था, लेकिन अब तो न इसका नाम बचा है न अस्तित्व। जाकिर हुसैन पार्क की हालत भी कुछ ऐसी ही होती जा रही है। अब यहां सवाल यह भी है क्या जाकिर हुसैन पार्क का भी अस्तित्व मिट जायेगा?

**राजभवन के समीप स्थित पार्क अपनी दुर्दशा पर रोने को है मजबूर**

**सफाई और देख रेख के अभाव में बदहाल है पार्क**

**पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन के नाम बने पार्क की दुर्दशा**

**सार्वजनिक शौचालय बना दिया है पार्क को**




### जाकिर हुसैन पार्क में पहले भी लगा था कचरे का ढेर

वर्ष 2002 में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के कार्यकाल में डॉ जाकिर हुसैन पार्क का उद्घाटन हुआ था। जिसके कुछ वर्षों तक सही तरीके से संचालन हुआ। फिर 8 वर्षों तक पार्क बंद रहा। 2021 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को शहर के सौंदर्यीकरण और पार्कों के उचित देखभाल का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद नगर प्राधिकरण निदेशालय के तहत रांची नगर निगम ने शहर के लोगों के लिए स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए कई योजनाएं शुरु की है। इसके तहत 'रमणीक रांची' नामक एक समर्पित योजना भी शुरु की गई है। उसी वर्ष 2021 में डॉ जाकिर हुसैन पार्क की स्थिति काफी खराब थी। वर्ष 2021 से पिछले आठ साल से पार्क बंद पड़ा था और देखभाल के अभाव में जहां-तहां झाड़ियां उग गई थी। पार्क में लगे झूले खराब हो चुके थे। गेट में भी जंग लग गया था और जहां तहां गंदगी का अंबार था। नगर निगम की टीम ने दिन रात मेहनत कर झाड़ियों और गंदगी को साफ किया। डॉ जाकिर हुसैन जैसे महापुरुष के नाम पर राजधानी के बीचोंबीच बने पार्क पर किसी की नजर नहीं हैं और ना ही परवाह है। राजभवन के रास्ते से मंत्रियों, विधायकों का गुजरना होता है। उसी रास्ते पर यह पार्क बना है, फिर भी सबकी नजरों से अछूता है। कहा जा सकता है कि जाने अंजाने लापरवाही के कारण जाकिर हुसैन पार्क का अपमान हो रहा।

### फिर से जाकिर हुसैन पार्क हुआ देखरेख का मोहताज

वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर राजधानी के नगर निगम क्षेत्रों में आने वाले पार्क का सौन्दर्यकरण करवाया गया जिसमे की रातों रात जाकिर हुसैन पार्क को भी तंदुरुस्त किया गया था। लेकिन वह देख रेख सिर्फ कुछ दिनों के लिए ही थी। आज की तारीख में पार्क कचरे के ढेर में तब्दील हो गया है। पार्क को घेरने के लिए लगाए गए ग्रिल भी जंग लगने से टूट गए हैं। पार्क के अन्दर जहां-तहां सूखे पौधे फेंके हुए हैं। नगर निगम कार्यलय से महज कुछ दुरी पर स्थित यह पार्क निगम की नजरों से अछूता है। पार्क के अन्दर की स्थिति किसी कचरे खाने से कम नहीं हैं। कई सीमेंट से बने बेंच टूटे हुए है तो कहीं टूटी दीवारे। इन सब के बीच पार्क के अन्दर कुछ खरगोश भी रखे है जिन्हें देखने के बाद कहा जा सकता है की उनका ख्याल भी नहीं रखा जाता होगा। पार्क के कर्मचारियों के अनुसार पार्क की सफाई रोजाना होती है लेकिन पुरानी शराब की बोतल इस बात की गवाही देता है कि मरम्मत के साथ-साथ साफ-सफाई का भी आभाव है।

### जाकिर हुसैन पार्क के अस्तित्व को बचने के लिए उठाएंगे आवाज : डॉ प्रभाकर

जाकिर हुसैन पार्क पर भाजपा नेता डॉ प्रभाकर चौबे उर्फ मंटू कुमार चौबे ने कहा कि नगर निगम के



उदासीन रवैए के कारण पार्क की हालत बाद से बदत्तर हो चुकी है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि निगम को पैसे नहीं मिल रहे इसलिए निगम भी कुछ नहीं कर पा रही है। राज्य सरकार के इस रवैये के कारण जाकिर हुसैन पार्क की हालत जर्जर हो गई है। भाजपा नेता डॉ प्रभाकर चौबे ने कहा यदि झारखंड सरकार का रवैया इसी प्रकार रहा तो जल्द ही अब्दुल बारी पार्क की तरह जाकिर हुसैन पार्क का भी अस्तित्व मिट जाएगा। उन्होंने कहा कि जाकिर हुसैन पार्क के अस्तित्व को बचाने के लिए वह भी आवाज उठाएंगे।

### राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिया संज्ञान में, होगी कार्रवाई : राकेश सिन्हा

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि जाकिर हुसैन पार्क



की रख रखाव नगर निगम के हाथ में है लेकिन टेंडर नहीं होने के कारण ध्यान नहीं दिया जा रहा था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नविन मेल ने इसे संज्ञान में दिया है जल्द ही निगम के प्रशासक से वार्ता कर पार्क का सौन्दर्यकरण कराया जाएगा।

**उठाते सवाल**

- जाकिर हुसैन पार्क राजभवन और निगम ऑफिस से महज कुछ दुरी पर है बावजूद इसके जर्जर स्थिति कैसे है?
- यह सरकार की लापरवाही है या अधिकारियों की?
- रोजाना उस रास्ते से गुजरते हैं मठाधीश लेकिन जाकिर हुसैन जैसे महापुरुष के नाम पर बने पार्क पर क्यों नहीं पड़ती किसी की नजर?
- महापुरुषों के नाम पर बने पार्क की जिम्मेदारी किसकी?

# इंटरनेट हमारी जीवन शैली का हिस्सा पर सतर्क रहकर करें उपयोग : आदित्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेफ इंटरनेट डे को लेकर जैप-आईटी सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईटी एवं ई-गवर्नेंस निदेशक आदित्य रंजन ने कहा कि इंटरनेट हमारी जीवन शैली का हिस्सा है ,परंतु हमें सावधान और सतर्क रहकर इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। साइबर फ्रॉड एवं अन्य साइबर क्राइम को रोकने के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। सेफ इंटरनेट डे भारत सरकार एवं राज्य सरकार की एक पहल है ताकि सभी नागरिकों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के लिए जानकारी दी जा सके। निदेशक जेएसएसी आर रोनीटा ने भी सभी विभागों के पदाधिकारियों तथा कर्मियों को सेफ इंटरनेट के प्रति जागरूक होने तथा समाज में सभी वर्गों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। राज्य सूचना-विज्ञान पदाधिकारी दीपक कुमार एवं ओमेश प्रसाद सिन्हा ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से आम जन के जीवन में इंटरनेट के उपयोग करने के दौरान आने वाले साइबर खतरा, साइबर स्वच्छता एवं साइबर सुरक्षा की विस्तृत जानकारी दी गई।



- **1930 पर कॉल करके व राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराएं शिकायत**

कार्यशाला में जानकारी दी गई कि अनजान लोगों के साथ ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड या बैंक की अन्य जानकारी साझा नहीं करें साथ ही अनजान नंबरों से आने वाली लिंक पर क्लिक नहीं करने, अनजान लोगों से पेमेंट पाने के लिए कयू.आर. कोड स्कैन नहीं करने व ओटीपी या पिन साझा नहीं करने, बैंक ट्रांजैक्शन करते समय सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करने सहित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया, साइबर थ्रेटस, ऑनलाइन फ्रॉड, डीप फेक, व्हाट्सएप्प सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा की गई। कार्यशाला में संयुक्त निदेशक शिव चरण बनर्जी, कल्याण विभाग, राजस्व विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारिगण भी मौजूद थें ।

**सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का आयोजन**

## सावधान और सतर्क रहकर करें इंटरनेट का उपयोग : राजीव रंजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी राजीव रंजन की अध्यक्षता में सेफ इंटरनेट डे पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी ने कहा कि इंटरनेट ने हमारी लाइफस्टाइल आसान बना दी है। परंतु हमें सावधान और सतर्क रहकर इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से पहले उसके डोमेन की जांच करना बेहद जरूरी है। फर्जी साइटों से बचने के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी भी एसएमएस के माध्यम से प्राप्त लिंक को खोलने से पहले उसकी जांच -पड़ताल कर लेनी चाहिए। इंटरनेट का उपयोग करते समय अन्य महत्वपूर्ण सावधानियाँ बरतने की अपील की गई।

- **किसी भी एसएमएस के माध्यम से प्राप्त लिंक को खोलने से पहले उसकी जांच पड़ताल करें**

साइबर अपराधी नए नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते है, जिसमें डिजिटल अरेस्ट, अधिक रिटर्न का लालच देकर निवेश करना, विभिन्न तरह के ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म इत्यादि शामिल है। जिला सूचना एंव विज्ञान पदाधिकारी ने कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षित तरीके से पैसे का ट्रांजैक्शन करें, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग, सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल करने से बचें, बिना जाने समझें अनजान लोगों के साथ रकम की लेनदेन नहीं करें, अनजान नंबर से आने वाले व्हाट्सएप कॉल एवं व्हाट्सएप वीडियो कॉल तथा इंटरनेशनल कॉल को रिसीव करने से बचें, स्वयं जागरूक बने एवं अपने परिवार को भी जागरूक करें।

कार्यशाला में जिला सूचना एंव विज्ञान पदाधिकारी राजीव रंजन, एडीआईओ रीमा कुजूर, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अनिमेष दास, आईटी मैनेजर रांची नगर निगम, श्री राज, इ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पियुष जयसवाल, डीपीओ समीर सागर, समाहरणालय कर्मी, कृषक मित्र, उषा मार्टिन विश्वविद्यालय के छात्र, प्रज्ञा केन्द्र संचालक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**शासी निकाय एवं कार्यकारिणी समिति की संयुक्त बैठक**

# पर्यटकीय विकास व सुरक्षा पर कार्य योजना बनाने पर लिया गया निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् की शासी निकाय एवं कार्यकारिणी समिति की संयुक्त बैठक मंगलवार को आहूत की गई। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में विधायक सीपी सिंह, सुरेश बैठा, उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, लोकसभा, राज्यसभा सांसद, विधायक प्रतिनिधि एवं जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् के सभी सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में प्रमुख रूप से विगत वर्ष 2023-24 में पर्यटन विकास के लिए कराये गए कार्यों की समीक्षा की गई। विस्तृत रूप से चालू वित्तीय वर्ष में जिला के पर्यटकीय विकास एवं सुरक्षा हेतु कार्य योजना तैयार करने की समीक्षा की गई। समिति द्वारा बुढ़मू प्रखण्ड स्थित बागलता जलप्रपात एवं ओरमांझी प्रखण्ड स्थित टूटी जलप्रपात को अधिसूचित कर विकास कार्य कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही बुढ़मू प्रखण्ड स्थित तीरू जलप्रपात की सामूहिक विकास के लिए कार्य योजना तैयार करने का भी निर्णय लिया गया। रांची जिलान्तर्गत पर्यटन क्षेत्र में कार्यरत सभी व्यक्ति/एजेंसियों/फर्म/संस्था आदि को झारखंड टूरिज्म ट्रेड पोर्टल पर अनिवार्य रूप से निबंधन कराने एवं जिलान्तर्गत ट्रैकिंग रूट को विकसित करने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया। जिलान्तर्गत सभी पर्यटक स्थलों की साफ-सफाई एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था कराने के लिए विधायक सीपी सिंह ने सुझाव दिए, जिसपर विधायक सुरेश कुमार बैठा एवं अन्य सभी उपस्थित सदस्यों ने सहमति प्रदान की।

### कैपिसिटी बिल्डिंग पर कार्यक्रम, तीन जिलों के 60 शिक्षकों ने लिया हिस्सा

**रांची।** सीबीएसई के तत्वावधान में कैपिसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम के तहत जेवीएम श्यामली के दयानंद प्रेक्षागृह में मंगलवार को कार्यशाला हुई। इसमें रांची, रामगढ़ और हजारीबाग के स्कूलों के 60 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। लॉयला कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्या पारोमिता साहा एवं विकास विद्यालय की शिक्षिका सुकृति केजरीवाल ने रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रदत्त विषय पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

# राशन कार्ड बन रहा है अवसर का लाभ लें लाभुक : डीएसओ

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** लंबे इंतजार के बाद राशन कार्ड बनने की प्रक्रिया चालू है। नया राशन कार्ड बनवाने के लिए लोगों को घंटों लाइन में इंतजार नहीं करना होगा। अपने दस्तावेज के साथ नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर नए राशन कार्ड बनवाने के लिए आहार झारखंड की आधिकारिक वेबसाइट में ऑन-लाईन आवदेन कर सकते हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल के सवांददाता से विशेष बातचीत में रांची जिला के आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने बताया कि वार्ड नंबर, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, डीलर का नाम, बैंक पासबुक, आवेदक एसटी, एससी जाति के हो तो जाति-प्रमाण पत्र के साथ ऑन-लाइन आवदेन करें। आवदेन ऑन-लाइन होने के बाद एमओ या बीएसओ जांचोपरांत आवदेन जिला आपूत्ति पदाधिकारी को भेजेंगे। जिला आपूत्ति पदाधिकारी के यहां से जांचोपरांत सही आवदेन का राशन कार्ड बन जाएगा। मौके पर रांची डीएसओ प्रदीप भगत ने लोगों से अपील की है कि राशन कार्ड बन रहा है अवसर का लाभ लाभुक लें।

### केवाईसी कराएं, नहीं तो राशन कार्ड से कट जाएगा नाम

**रांची।** सभी राशन कार्डधारियों को फरवरी माह के अंत तक राशन कार्ड का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है, नहीं तो स्वत: राशन कार्ड से नाम हट जाएगा। खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से सभी जिलों के संबंधित अधिकारियों को एक निर्देश जारी किया गया है। इसमें कहा गया कि सभी जिलों के आपूर्ति पदाधिकारी राशन कार्डधारियों का 28 फरवरी तक ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से करा लें। इसके साथ ही कहा गया है कि जिन लाभुकों का आधार राशनकार्ड में दर्ज नहीं है वे जल्द राशनकार्ड से अपना आधार दर्ज कर लें, नहीं तो 01 अप्रैल 2025 के बाद स्वत: राशन कार्ड से नाम हट सकता है।

**आज / कल**




### सामूहिक विवाह समारोह 27 अप्रैल को

**रांची।** आगामी 27 अप्रैल 2025 को लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल लायंस क्लब ऑफ रांची दिवास के संयुक्त तत्वाधान में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी आयोजनकर्ता श्रवण जैन एवं पायल जैन ने दी। प्रेस क्लब के कॉन्फ्रेंस हॉल में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह दिगम्बर जैन भवन, हरमू रोड में संपन्न किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य सौजन्यकर्ता झूमरमल जी जैन सेठी एवं परिवार की ओर से किया जा रहा है। विवाह संस्कार सनातन विधि विधान के साथ किया जाएगा।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड आगमन पर निगम मुस्तैद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का रांची आगमन 14-15 फरवरी प्रस्तावित है। इस मद्देनजर नगर प्रशासक संदीप सिंह ने निगम को मुस्तैद किया है। स्वच्छता शाखा के पदाधिकारियों के साथ शहर के मुख्य मार्गों कचहरी चौक, सर्कुलर रोड, लालपुर, डांगरटोली, कांटाटोली, सिरमटोली चौक, सुजाता होते हुए मेन रोड की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी अतिक्रमणकारियों को स्वतः अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। वहीं निर्देशों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई करने को कहा।

रवहीं कहा कि नो वेंडिंग जोन में खड़े ठेला-खोमचा तथा अव्यवस्थित दुकानों को हटवाए तथा सभी जोन के इनफोर्समेंट ऑफिसर यह सुनिश्चित करें की भविष्य में सड़कों पर अतिक्रमण ना हो तथा सड़कें जाम मुक्त रहे। एयरपोर्ट से लेकर सभी मुख्य मार्गों में झाड़ू, डंप कूड़े का उठाव, जाम नालियों की सफाई इत्यादि कार्य 24 घंटे मुस्तैदी के साथ करना सुनिश्चित करें। पूरे सफाई व्यवस्था का निरीक्षण नगर प्रबंधक एवं सहायक प्रशासक की गठित टीम द्वारा फील्ड विजिट करते हुए करें। स्वच्छता शाखा के पदाधिकारी एवं सुपरवाइजर लगातार क्षेत्र भ्रमण करते हुए सड़कों पर पड़े अवैध निर्माण सामग्री हटाते हुए नियमानुसार कार्रवाई करें। इसके अलावा सभी खुले नालियों को स्लैब से ढकना सुनिश्चित करें। विद्युत शाखा के पदाधिकारी क्षेत्र भ्रमण करते हुए बिजली की तारों को सुव्यवस्थित करें, पेड़ो की टहनियों को ट्रिम करवाए तथा प्रतियुक्त टीम सभी खराब पड़े पथ बत्तियों को दुरुस्त करे। बाजार शाखा की टीम मुख्य मार्गों पर लगे अवैध होर्डिंग, पोस्टर इत्यादि हटवाना सुनिश्चित करें। मौके पर उपप्रशासक रविंद्र कुमार, सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की, नगर प्रबंधक एवं संबंधित वार्ड के सुपरवाइजर उपस्थित थे।



### महिला के घर से ढाई लाख के जेवर ले गए चोर

**रांची।** रांची के पहाड़ीटोली निवासी एजेड नाहिद के घर से चोरों ने ढाई लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली। घटना रविवार की है। एजेड नाहिद ने सुखदेवनगर थाने में अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। एजेड नाहिद ने पुलिस को बताया कि वह रविवार की रात बच्चे के स्कूल में आयोजित प्रोग्राम में गईं थीं। प्रोग्राम खत्म होने के बाद जब वह अपने घर लौटीं तो देखा कि अलमीरा खुला हुआ था। उसमें रखा ढाई लाख रुपए का जेवरात गायब था।

## एक नजर

### सड़क हादसे में दो लोग घायल, एक रिम्स रेफर

**मांडर।** नेशनल हाईवे 39 में मांडर मिशन के बीच में मंगलवार को दोपहर लगभग 4:00 बजे पिकअप और बाइक की दुर्घटना हुई। जिसमें बाइक सवार दो लोग घायल हो गए हैं। घायल दोनों लोग लुन्ड्री निवासी थे। एक का नाम सूरज उरांव जिसकी उम्र लगभग 21 वर्ष , वहीं दूसरे की उम्र शनि उरांव जिसकी उम्र लगभग 19 वर्ष है । बताया जाता है कि मांडर और मिशन के बीच में कट से पिकअप टर्निंग ले रहा था उसी समय मिशन की तरफ से मुड़मा जा रहे हैं बाइक सवार सूरज उरांव ने पिकअप को टक्कर मार दी और वहीं पर गिर गया। जिससे बाइक सवार दोनों को चोट लगी। दोनों को तुरंतमांडर स्थित रेफरल अस्पताल ले जाया गया ले जाया गया।

38वे नेशनल गेम्स में मॉडर्न पेंटाथलन पुरुष व महिला टीम को कांस्य पदक

# झारखंड की झोली में अब तक 7 स्वर्ण 6 रजत, 10 कांस्य समेत कुल 23 पदक

**नवीन मेल संवाददाता। देहरादून**
38वें नेशनल गेम्स,उत्तराखंड में झारखंड मॉडर्न पेंटाथलन पुरुष वर्ग के प्रेम किशोर महतो ने कांस्य पदक जीता। वहीं महिला टीम प्रिया उरांव, मोनिका कुमारी एवं चांदनी कुमारी को कांस्य पदक मिला। झारखंड राज्य के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, अवर सचिव राजेश कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ अध्यक्ष आरके आनंद, जेओए कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, चीफ द मिशन शिवेंद्र दुबे, भोलानाथ सिंह, धनबाद जिला पेंटाथलन संघ की अध्यक्ष पूजा पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष पप्पू सिंह, उपाध्यक्ष वैभव सिन्हा एवं डॉ जयंती कश्यप, जिला खेल



पदाधिकारी धनबाद उमेश लोहरा विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी अनिल जायसवाल, हरभजन सिंह, गुलाम रब्बानी,जय कुमार सिन्हा,अर्चित आनंद, आनंद बिहारी दुबे, विजय सिंह, चंचल भट्टाचार्य, सीडी सिंह, एसके पांडेय, वरुण कुमार, सुरेश कुमार, संजेश मोहन ठाकुर, के के सिंह, प्रभाकर राव, खुर्शीद खान, परीक्षित तिवारी, अजय झा, शैलेन्द्र पाठक, रजनीश कुमार, हरभजन सिंह, निशिकांत पाठक, बिपीन सिंह, राजेंद्र प्रसाद, पूर्णिमा महतो, सुमन चंद्र मोहंती, आशीष झा, रितेश झा, मो.खुर्सिद खान, शैलेन्द्र दुबे, उदय साहू, शैलेन्द्र कुमार झारखंड खेल प्राधिकरण रांची के मणिकांत कुमार -जूनियर फेलो कंसलटेंट देवेंद्र सिंह,स्पोर्ट्स एडवाइजर समेत खेल विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षकों ने बधाई दी।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में फ्लैग ऑफ असेंबली का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सफल शैक्षणिक सत्र के औपचारिक समापन के लिए सरला बिरला पब्लिक स्कूल प्रांगण में फ्लैग ऑफ असेंबली का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने एक सफल और समृद्ध सत्र के समापन की घोषणा की। असेंबली की शुरूआत प्रार्थना से हुई, जिसके बाद आज का विचार और एक प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया गया। इस प्रेरक संबोधन ने छात्रों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद सत्र की ह्यसर्वश्रेष्ठ कक्षाह्य की घोषणा की गई। यजुर्वेद इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ सदन बनकर उभरा। इस अवसर पर स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों ने वृक्षारोपण अभियान भी चलाया, जिससे उन्होंने इस सफल सत्र के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यह असेंबली अत्यंत उत्साहजनक रही, जिसने विद्यार्थियों और शिक्षकों में नवीन ऊर्जा और उमंग भर दिया। इस आयोजन ने उच्च मानदंड स्थापित किए और सभी को आने वाले सत्र की एक नई, सफल यात्रा के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी को एक सफल सत्र के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों को अपने प्रदर्शन पर आत्मविश्लेषण करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष में हमें अपनी कमजोरियों को समझकर खुद को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने आगामी परीक्षाओं के लिए सभी को शुभकामनाएं भी दीं।

## न्यूज | बॉक्स

### नरकोपी के कंजगी से चोरी गई मोटर पंप को पुलिस ने किया बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**बेड़ो।** नरकोपी थाना क्षेत्र के ग्राम कंजगी में एक मोटर पंप चोरी की गई थी जिस कांड के सम्बन्ध में नरकोपी थाना कांड संख्या 05/25 दर्ज की गई थी। तत्पश्चात वरीय पुलिस आरक्षी अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा एवं ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुमित जायसवाल के निदेर्शानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम कंजगी के राजकुमार उरांव पिता धाधू उरांव एवं लोहरदगा जिला के कैरो थाना के मोजमिल अंसारी पिता मोइन अंसारी ग्राम कंजगी को गिरफ्तार किया तथा चोरी गई मोटर पंप को बरामद कर लिया गया है। चोरी की घटना के उद्भेदन में थाना प्रभारी नागेश्वर साव एवं नकोर्पी के पुलिस पदाधिकारी कंचन कुमार सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

खलारी बाजारटांड़ में 25वां सालाना उर्स का आयोजन

### सभी बुराइयों से दूर रहे व शिक्षित हो मुस्लिम समाज



**खलारी।** खलारी आजाद नगर बाजारटांड़ में 25वां सालाना उर्से रफीके मिल्लत फैजाने कान्फ्रेंस द्वारा देश में आपसी भाईचारे और मिल्लत को लेकर जलसा का आयोजन किया गया। जलसा में रांची लोहरदगा, बालूमाथ, बीजूपाड़ा, राय, डकरा, खलारी कोयलांचल के ग्रामीण इलाकों से मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। इस जलसे में बरैली शरीफ से हजरत अल्लामा तौसीफ नुरानी, हजरत मौलाना वाशिकुल कादरी, महाराष्ट्र से शहजादाए ताजए मिल्लत नाबरीये आलाहजरत समनानी, हाफिज मकसूद सहित अन्य ओलिमाएकराम उपस्थित थे। जलसा में मुख्य रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों को समाज में फैल रही बुराइयों से दूर रहने के साथ शिक्षित होने तथा शादी को अधिक खर्चिला नहीं करने की अपील की गई। वहीं उपस्थित नात खां के द्वारा पढ़े गए नातो का लोगों ने लुत्फ उठाया। जलसा की समाप्ति में उपस्थित लोगों के बीच सिरनी बांटा गया। जलसा को सफल बनाने में अंजुमन कदीम अहले सुन्नत, अंजुमन गरीब नवाज, अंजुमन तंजीम अहलेसुन्नत कमेटी के पदाधिकारियों के अलावा खलारी बाजारटांड़ के ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने जमीन कब्जा करने का लगाया आरोप

# सीओ को दिया आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी**
बिरनी प्रखंड के पोखरिया मौजा में स्थित खाता संख्या 44, प्लॉट संख्या 12 की जमीन पर अतिक्रमण को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी को आवेदन सौंपा। इस दौरान प्रमुख, उपप्रमुख सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन अड़वार (सामुदायिक उपयोग) और पशु चरागाह के लिए रखी गई थी, जो उनके दादा-परदादा के समय से सार्वजनिक उपयोग में रही है। लेकिन हाल ही में पोखरिया गांव के हरिहर महतो, गुर्जर दास और संतुन सिंह द्वारा इस जमीन पर अतिक्रमण कर कब्जा किया जा रहा है।

**आरोप :** ग्रामीणों ने आवेदन में नारायण पांडे पर भी जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जब ग्रामीण इस अवैध कब्जे को रोकने जाते हैं, तो गाली-गलौज और मारपीट की धमकी दी जाती है। ग्रामीणों को आशंका है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कोई बड़ा विवाद या हिंसा हो सकती है।

**मांग:** ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी से अनुरोध किया है कि इस जमीन पर तत्काल रोक लगाई जाए और उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। मौके पर इस दौरान प्रमुख रामु बैठा, उपप्रमुख शेखर सुमन समेत दर्जनों महिला-पुरुष अंचल कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगें रखीं।

जेपीएससी रिजल्ट और चेयरमैन की नियुक्ति नहीं होने पर छात्रों में आक्रोश, किया प्रदर्शन

# सरकार हमें नक्सली बनने के लिए कर रही मजबूर : छात्र



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर आंदोलन ने रफ्तार पकड़ ली है। छात्रों में गुस्सा इतना है कि छात्र नक्सली बनने तक की बात कर रहे हैं। मंगलवार को सैकड़ों छात्र जेपीएससी कार्यालय पहुंचे जहां छात्रों ने काला बिल्ला लगाकर सरकार से आयोग के अध्यक्ष को जल्द से जल्द नियुक्त करने की मांग की। छात्रों ने कहा आयोग में अध्यक्ष नहीं होने के कारण सिविल सेवा परीक्षा सहित कई परीक्षाओं के रिजल्ट लंबित होने से हो जाते हैं। जिस से आक्रोशीत छात्रों ने सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की और आंदोलन तेज करने की घोषणा की है। छात्र नेता सत्यनारायण शुक्ला के नेतृत्व में पहुंचे छात्रों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर यही हालात रही तो सरकार हमें नक्सली बनने के लिए मजबूर कर देगी। उन्होंने जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक आंदोलन जारी रखने की घोषणा करते हुए कहा है कि बूधवार को शव यात्रा, भिक्षाटन और इसके बावजूद भी सरकार यदि नहीं मानती है तो छात्र निर्णायक लड़ाई के लिए मजबूर हो जाएंगे। छात्रों ने कहा कि मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक और सरकार के आला पदाधिकारियों तक गुहार लगा चुके हैं।

### 22 अगस्त 2024 से खाली है अध्यक्ष का पद

जेपीएससी के अध्यक्ष का पद 22 अगस्त 2024 के बाद से खाली है। तत्कालीन अध्यक्ष नीलिमा केरकेट्टा का कार्यकाल खत्म होने के बाद से जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा सहित आधा दर्जन से अधिक परीक्षा अभी नहीं हुई हैं। 11वीं से 13वीं सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 22 से 24 जून तक हुई थी। 342 पदों पर इस परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति होनी है, इसके लिए जेपीएससी ने पीटी का रिजल्ट 22 अप्रैल 2024 को जारी किया था जिसमें 7011 अभ्यर्थी सफल हुए थे। आयोग ने मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी करने की घोषणा भी कर दी थी, मगर आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त हो गया जिसके बाद सब कुछ ठहर गया।

### यूथ मंथन ने 4 विकेट से जीत दर्ज की



**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर में यूथ मंथन बनाम मंथन सीसी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मंथन सीसी ने 35 ओवर में सात विकेट पर 197 रन बनाया। ऋषिकेश ने 100 व अर्पित ने 21 रन बनाया। तौहीद ने 20 रन देकर 3 विकेट व सौरव ने 45 रन देकर 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी युवा मंथन ने 34.2 ओवर में छह विकेट पर 200 रन बनाया। सौरव ने 41, अक्षज ने 34, आयुष ने 32 व तौहीद ने 31 रन बनाया। अमन ने 19 रन देकर 2 विकेट व राहुल ने 39 रन देकर 2 विकेट लिया। यूथ मंथन ने 4 विकेट से जीत दर्ज की।

### द अचीवर्स ने 10 विकेट से जीत दर्ज की



**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू स्टेडियम में केडी गिरी बनाम द अचीवर्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी केडी गिरी ने 19.2 ओवर में 10 विकेट पर 57 रन बनाया। सक्षम राज ने 10 रन बनाया। वहीं विवेक कुमार ने 4 विकेट लेकर 19 रन, उत्सव कुमार सिंह ने 3 विकेट लेकर 18 रन व हर्षित आर्य ने 2 विकेट लेकर 2 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी द अचीवर्स ने सात ओवर में बिना विकेट के ही 58 रन बनाया लिया। आदित्य प्रसाद ने 39 व पुनीत राज ने 10 रन बनाया। द अचीवर्स ने 10 विकेट से जीत दर्ज की।

### सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचे दो पत्रकार

**बिरनी।** बिरनी थाना के डबरसैनी चौक के पास सोमवार देर रात अनियंत्रित होकर कार पलट गई जिसकी गाड़ी संख्या जेएच 10 एएम 0814 है। हालांकि कार में बैठे पत्रकारों को कोई नुकसान नहीं हुआ बाद में कार का शीशा तोड़कर कार में बैठे दोनों पत्रकार बाहर निकले। ज्ञात हो कि कार में हिन्दुस्तार के पत्रकार विनय संगम एवं इंडियन पंच के पत्रकार सदानन्द वर्णवाल बैठे हुए थे। दोनों बिरनी से भरकट्टा की ओर जा रहे थे तभी विपरीत दिशा की ओर से आ रही वाहन से बचने के लिए सड़क से कार को नीचे उतारा परन्तु कार अनियंत्रित हो गई और पलट गई। सीट बेल्ट लगा होने के वजह से किसी को चोट नहीं है सभी सुरक्षित बताए जा रहे है। घटना की जानकारी बिरनी थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज को दिया गया। प्रभारी की सूचना पर पेट्रोलिंग पार्टी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कार को उठा कर नजदीक के गैरेज में पहुंचा दिया।

# पाड़हा व्यवस्था को मजबूत करने में विश्वनाथ भगत की महत्वपूर्ण भूमिका : नीलमणी भगत

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
केंद्रीय पाड़हा संचालन समिति के संरक्षक सह बारीडीह पाड़हा जतरा के संस्थापक एवं पूर्व विधायक दिवंगत विश्वनाथ भगत को उनकी चौथी पुण्यस्मृति पर सैकड़ो लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय पाड़हा संचालन समिति की संरक्षक नीलमणी भगत ने कहा कि समाज को दिशा और दशा प्रदान करने के साथ-साथ दिवंगत विश्वनाथ भगत ने समाज में खासकर पाड़हा में आदिवासी और गैर आदिवासियों को बगैर भेदभाव के समान रूप से न सिर्फ महत्व दिया बल्कि पाड़हा में उन्हें सम्मानजनक ओहदा भी दिया। नीलमणी भगत ने कहा कि पाड़हा स्वशासन व्यवस्था को मजबूत करने में विश्वनाथ भगत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।




उन्होंने केंद्रीय पाड़हा संचालन समिति में तिलक सिंह जैसे शख्सियत को उन्होने अध्यक्ष जैसे पद पर शोभायमान किया। आज धनंजय कुमार राय सचिव पद पर शामिल है और बखुबी पाड़हा संचालन समिति के सचिव के रूप में अपना दायित्व निभा रहे हैं। इसी तरह मुमताज खान, विश्वनाथ गोप, रशीद मीर जैसे लोग पाड़हा के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन धनंजय कुमार राय एवं चरवा उरांव ने संयुक्त रूप से किया। जबकि अध्यक्षता केंद्रीय पाड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष बंधना उरांव ने किया। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में पाड़हा समाज के अगुआ एवं झारखंड आंदोलनकारियों ने दो मिनट का मौन धारण उन्हें याद करते हुए उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके पद चिन्हों में चलने का संकल्प लिया।

### झामुमो चुरी मध्य पंचायत संयोजक मंडली के अध्यक्ष बने जीवन रजवार व सचिव रवि सिंह




**खलारी।** चुरी मध्य पंचायत के मोहननगर बाजार में झामुमो खलारी प्रखंड संयोजक मंडली की बैठक हुई। अध्यक्षता खलारी प्रखंड के संयोजक प्रमुख अनिल पासवान ने किया। बैठक में चुरी मध्य पंचायत में पार्टी की सदस्यता अभियान जोर शोर से करने का निर्णय लिया गया। साथ ही चुरी मध्य पंचायत कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जीवन रजवार, उपाध्यक्ष सुनील मुंडा, कार्तिक खंडित, देव मुंडा, सचिव रवि सिंह, सह सचिव अमर भोगता, कोषाध्यक्ष धर्मवीर मुंडा, सहकोषाध्यक्ष श्रीराम कुमार, संगठन सचिव पप्पू सिंह, मिथलेश चौहान, मनोज मुंडा के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में श्याम महतो, दुर्गा मुंडा, अजय कुमार, कविता कुमारी, सविता देवी, सुजंती कुमारी, मानता कुमारी, मंशा देवी को शामिल किया गया है। वहीं समिति सदस्यों को पार्टी का सिद्धांत पर ग्रामीणों को जानकारी दिया गया। संचालन राजेश गोप ने किया। बैठक में महेंद्र चौहान, राजेश गोप, रंथु उरांव, सुनील यादव, अरुण यादव, छोटू राम, चितरंजन सिंह, राजकुमार गंझू, राजेश प्रसाद, अजीत चौहान, रितम देवी, चंदा देवी, शंभू दस, मुबारक अंसारी, नौशाद, श्यामजी महतो आदि उपस्थित थे।

### बंता से श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ के लिए रवाना



**सिल्ली।** प्रखंड के बंता हजाम उत्तरी एवं बंता हजाम दक्षिणी पंचायत के विभिन्न गांवों के 45 श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार को बंता से प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना हुआ। इनमें पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल रहीं। श्रद्धालुओं के जत्थे को मुखिया माधुरी सिंह मुंडा, मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा एवं पुर्व मुखिया शुशील सिंह मुंडा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुओं ने मिलकर हर-हर महादेव का उद्घोष किया। इससे पूर्व सभी ने बंता गांव के प्राचीन हरि मंदिर में पूजा-अर्चना कर धार्मिक यात्रा की सफलता के लिए कामना की।

### अबुआ आवास में अनियमितता को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचे ग्रामीण, की नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन




**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के बड़ा चांगडू पंचायत के कई गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को सिल्ली प्रखंड मुख्यालय में जमकर बवाल काटा। दर्जनों की संख्या में लोग अचानक पहुंचकर हो हल्ला करने लगे। प्रखंड कार्यालय परिसर में ही अबुआ आवास में हो रही अनियमितता के खिलाफ नारे बाजी करने लगे। ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे हंगामा मचाया। ग्रामीणों का आरोप है कि बड़ा चांगडू पंचायत के पंचायत सचिव और मुखिया मिलकर आवास के सूची में धांधली के रहे है। योग्य लाभुकों को आवास नहीं देकर नौकरी पेशा और पैसे वालों को आवास देने का षडयंत्र किया जा रहा है। इससे पंचायत के कई गांव के योग्य लाभुक योजना से वंचित हो गए है। ग्रामीणों ने ये मामले में बीडीओ के कार्यालय में ज्ञापन देकर मामले की जांच करके दोषी पंचायत सेवक सहित सभी के खिलाफ करवाई करने का आग्रह किया है।

# खलारी में कड़ी निगरानी के बीच जैक बोर्ड की मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
झारखंड एकेडमिक काउंसिल की मैट्रिक व इंटर की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई। खलारी में तीन केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें एसीसी उच्च विद्यालय खलारी, जनता प्लस टू उच्च विद्यालय खलारी तथा आदर्श हाई स्कूल खलारी को सेंटर बनाया गया है। मंगलवार को एसीसी उच्च विद्यालय खलारी और आदर्श हाई स्कूल खलारी में इंफोरमेशन टेक्नोलोजी सिस्टम (आईटीएस) और हेल्थ विषय की कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रथम पाली में एसीसी उच्च विद्यालय खलारी परीक्षा केंद्र में मैट्रिक के आदर्श उच्च विद्यालय के 49 छात्रों ने इंफोरमेशन टेक्नोलोजी सिस्टम (आईटीएस) विषय की परीक्षा दी। कोई भी अनुपस्थित नहीं था। वहीं परीक्षा केन्द्र आदर्श उच्च विद्यालय शांतिनगर खलारी में मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रथम पाली में मैट्रिक के इंफोरमेशन



टेक्नोलोजी सिस्टम (आईटीएस) विषय की परीक्षा में जनता उच्च विद्यालय खलारी के 35 परीक्षार्थियों में से 34 ने परीक्षा दी, 01 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। वहीं मैट्रिक के हेल्थ विषय में जनता 40 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, कोई भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं था। द्वितीय पाली में इंटर की इंफोरमेशन टेक्नोलोजी सिस्टम (आईटीएस) एवं हेल्थ विषय की परीक्षा में जनता उच्च विद्यालय खलारी के इंटर विज्ञान संकाय के 4 परीक्षार्थी व कला संकाय के 55 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। एक परीक्षार्थी हेल्थ विषय की परीक्षा में अनुपस्थित रहा। परीक्षा केन्द्र में दोनो पाली की परीक्षाएं नीयत समय से शुरू हुई। प्रश्न पत्र सही समय पर केंद्रों पर पहुंचा दिए गए थे। केन्द्रों पर सीसीटीवी की निगरानी थी। परीक्षा केन्द्र में मैट्रीक परीक्षा के लिए जोनल दंडाधिकारी गोपालराम दास एवं इंटर परीक्षा के लिए सुनील कुमार को नियुक्त किया गया है। जोनल दंडाधिकारी ने परीक्षा के दौरान केन्द्र का निरीक्षण किया।

# लापुंग के दो केंद्रों पर पहले दिन मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हुई संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड में मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हो गई। मैट्रिक की परीक्षा के पहले दिन लापुंग प्रखंड के दो परीक्षा केंद्रों में वोकेशनल कोर्स की परीक्षा आयोजित की गई । लापुंग की प्रखंड विकास पदाधिकारी ऊषा मिंज ने परीक्षा केदो का निरीक्षण किया और उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मैट्रिक की परीक्षा के पहले दिन राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जातालोया परीक्षा केंद्र में 86 में से 86 और इंटर महाविद्यालय लापुंग परीक्षा केंद्र के 90 में 87 कुल 173 परीक्षाथीर्यो ने



वोकेशनल कोर्स की परीक्षा दी। परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हुआ इसकी जानकारी राजकीय मध्य विद्यालय जातालोया के केंद्राधीक्षक प्रताप रॉय एवं इंटर कॉलेज की केंद्राधीक्षक नीलम लकड़ा ने दी। पहले दिन वोकेशनल कोर्स के आई.टी.एस और बी.ए.डब्लु की परीक्षा आयोजित की गई। लापुंग इंटर कॉलेज में आई.टी.एस में 45 में से एक और बी.ए.डब्लु में 45 में से दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।14 फरवरी को नागपुरी एवं 15 फरवरी को मुंडारी विषयों की परीक्षा आयोजित होगी जबकि मैट्रिक में मूल विषयों की परीक्षा 18 फरवरी से आयोजित होगी।

### मांडर में पहले दिन 87 छात्रों ने दी मैट्रिक की परीक्षा

**मांडर।** मांडर में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 को लेकर कुल चार केंद्र बनाए गए है। मंगलवार को दो केंद्रों उच्च विद्यालय सोसई आश्रम एवं संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय में आई आई टी एवं वोकेशनल कोर्स के कुल 87 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहा। विदित हो की इस वर्ष मांडर प्रखंड से कुल 1464 विद्यार्थी मेट्रिक की परीक्षा दें रहें है।

## एक नजर

### रामगढ़ पुलिस एवं मुक्ति धाम संस्था ने मिलकर करवाया दाह संस्कार

**रामगढ़।** रामगढ़ के न्यू कॉलोनी बगीचा स्थित श्रीनिवास चौधरी के आवास में पुष्पा शुक्ला जिनके पति देव का नाम कुंदन शुक्ला फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुष्पा शुक्ला के शव को तीन दिनों तक इंतजार करने के बाद भी लेने के लिए कोई नहीं आया। जिसके बाद रामगढ़ पुलिस एवं मुक्ति धाम संस्थान ने सहयोग कर गांधी घाट पर उनका अंतिम संस्कार करवाया। मुक्तिधाम संस्थान ने निःशुल्क जलावन उनके दाह संस्कार के लिए उपलब्ध कराकर आवश्यक सहयोग देकर यह कार्य किया। यह जानकारी मुक्तिधाम संस्था के प्रबंधक कमल बगड़िया ने दी।

### जननायक कपूरी फाउंडेशन मनाएगा कपूरी ठाकुर का 37 वां पुण्यतिथि



**हजारीबाग।** झील परिसर में कपूरी प्रतिमा स्थल के प्रांगण मे आगामी 17 फरवरी को जन नायक कपूरी फाउंडेशन द्वारा भव्य तरिके से पुण्यतिथि मनाएगा इसको लेकर जोर शोर से तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश ठाकुर (उपाध्यक्ष राष्ट्रीय महासभा) एवं सुनील शर्मा ( पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा झामुमो) होंगे। उल्लेखनीय हो कि कार्यक्रम जननायक कपूरी फाउंडेशन के तत्वाधान मे किया जा रहा है। इसके संस्थापक धर्मेंद्र कुमार ठाकुर हैं। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य के बारे मे बताया गया है कि नाई समाज के सभी वर्ग के लोगों को जोड़ना एवं जो शिक्षा, रोजगार, मेडिकल, इन सभी चीजों मे जो लोग असमर्थ है वैसे लोगों तक सेवा पहुचाना है। ताकि समाज को गति मिल सके।

### गिद्दी सी रोड सेल संचालन समिति ने हाईवा अनिश्चिकालीन रोका

**गिद्दी।** गिद्दी सी रोड सेल संचालन समिति ने मंगलवार को कोयला उठाव के लिए आए हाईवा को परियोजना में प्रवेश करने से रोक दिया है। हाईवा रोकने वाले समिति के लोगों ने बताया 8 फरवरी को हाईवा लिफ्टरों को मजदूरों के बकाया राशि देने की मांग की गई थी। साथ ही बकाया मजदूरी का पैसा का भुगतान नहीं किए जाने पर कोयला उठाव के लिए आने वाला हाईवा को परियोजना में प्रवेश करने से रोकने की चेतावनी दिया गया था। इसके बावजुद हाईवा से कोयला उठाव वाले लिफ्टरों ने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। जिसके बाद समिति के मजदूरों ने मंगलवार से परियोजना में हाईवा के प्रवेश करने से रोक दिया है। समिति के लोगों ने बताया जब तक बकाया पैसा का भुगतान नहीं किया जाएगा तब तक हाईवा प्रवेश नहीं होने दिया जाएगा।

उपायुक्त ने एस के साथ किया विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, कहा

# पूरी पारदर्शिता व कदाचार मुक्त तरीके से कराएं परीक्षाओं का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
मंगलवार से शुरू हुए झारखंड अधिविध परिषद के वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के तहत मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ रामगढ़ जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा राधा गोविंद पब्लिक स्कूल सहित अन्य विद्यालयों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया, साथ ही उनके द्वारा सीसीटीवी कैमरे आदि का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी चीजों को दूरुस्त रखने का निर्देश भी दिया। उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी नियमावली का अक्षरशः से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निगरानी में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। परीक्षा अधिकारी अपनी ड्यूटी के प्रति सर्तक रहें। कोई भी बाहरी व्यक्ति परीक्षा के समीप दिखाई नहीं देनी चाहिए। वैसे लोगों पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है। परीक्षा केन्द्र में किसी प्रकार का कदाचार नहीं होनी चाहिए। परीक्षाार्थियों पर हमेशा नजर रखें ताकि किसी तरह की भूल न हो सके। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पानी वगैरा का इंतजाम जरूर रखें ताकि कोई भी बाहर नहीं जा सकें। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# स्वस्थ तन-मन के लिए खेलकूद जरूरी : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। भुरकुंडा**
भुरकुंडा पटेलनगर एसएससी कैंपस स्थित प्ले स्कूल अनमोल बचपन में मंगलवार को पांचवा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रोशनलाल चौधरी और स्कूल के निदेशक अवधेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि स्वस्थ तन-मन के लिए खेलकूद निहायत ही जरूरी है। आगे विधायक ने बैलून रेस में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रज्ञान, वंश व नित्यांश, चेयर गेम में राजदीप, सक्षम, पंखुड़ी, बोतल गेम में शिवम, रोहन, वेदांशु कुमार, जेम गेम में अंकित, सत्यम, प्रीति, ध्रुव कुमार, बाइक पैकिंग में गौरव, स्वीटी, अभिमन्यु, कॉफी गेम में आस्था, रिया, किट्टू, सुई धागा में अंश, संध्या, मानवी, जूस गेम में अक्षिता, मोहित, शिवम, बिस्किट गेम में अक्षिता, पीयूष, परी, स्पून रेस में सृष्टि, रिया, मानवी मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। समारोह में हरिवंश सिंह, योगेश दांगी, सतीश मोहन मिश्रा, अमरेश सिंह, अनूप कुमार, प्रमोद सिंह, रामकिशन तुरी राजन पांडेय आदि शामिल हुए। इसे सफल बनाने में शिक्षिका भूमि कुमारी, दिव्या कुमारी, उर्मिला कुमारी, नमिता कुमारी, नैना कुमारी, तारा कुमारी, निधि सिंह, सुशीला एंथोनी, पूर्णिमा कुमारी, अंजना कुमारी, संजना कुमारी आदि ने योगदान दिया।

## न्यूज बॉक्स

### बंडासिंगा में मिट्टी के घर में लगी आग, हजारों की संपति जलकर खाक



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बेलकपी पंचायत अंतर्गत ग्राम बंडासिंगा में खलील मियां, पिता स्व. झरी मियां के मिट्टी के मकान में आग लग गई। घटना मंगलवार दोपहर की है। बताया जाता है मंगलवार को दोपहर मकान में अचानक आग लग गई। आग लगने से पुआल, लकड़ी, आलू समेत अन्य हजारों रुपए का सामान जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से मोटर लगा कर पानी देने पर आग पर काबू पाया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा घटनास्थल पर पहुंचकर थाना प्रभारी को घटना के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात उन्होंने प्रशासन से मुआवजा की मांग की।

### मजदूरों की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित



**रामगढ़।** मंगलवार को दयाल स्टील लिमिटेड-चाहा, रामगढ़ के मजदूरों की एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नगर अध्यक्ष पवन कुमार महतो तथा संचालन महिला मोर्चा अध्यक्ष जयंती देवी द्वारा किया गया। बैठक में समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें कर्मचारियों को पहचान पत्र देने, मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दिए जाने, मजदूरों को सुरक्षा उपकरण हेलमेट, जूता, ग्लव्स, जैकेट आदि सुरक्षा मानकों के आधार पर देने, रिटायरमेंट सुविधा अंतर्गत सभी प्रकार के ग्रेच्युटी, पेंशन, उम्र निर्धारण आदि सुनिश्चित करने, नये कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित करने, रविवार आदि छुट्टी सुविधा बहाल करने की मांग की गई। बैठक में दयाल स्टील लिमिटेड के मजदूरों की विभिन्न समस्याओं की चर्चा करने के लिए प्रतिनिधि मंडल में इम्तियाज अंसारी, ईश्वर कुमार, दिलेश्वर ठाकुर ,किशोर ठाकुर, साहिल अंसारी ,वासुदेव महतो, भुनेश्वर साव, फारूक अंसारी, सिद्धू बेदिया, चुन्नीलाल महतो आदि शामिल हुए । जिन्होंने जेएलकेएम के समक्ष अपनी समस्याएं रखिन एवं समाधान का आग्रह किया। इस बैठक में मुख्य रूप से संतोष महतो ,पवन महतो, संजय महतो आदि उपस्थित थे।

### दस दिवसीय लोक नृत्य कार्यशाला में भाग ले रहे हैं बच्चे



**रामगढ़।** मंगलवार को सांस्कृतिक कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेल-कुद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के सौजन्या से कर्णधार सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था रामगढ़ के दवाई दस दिवसीय लोकनृत्य कार्यशाला सह भव्य प्रस्तुति का शुभारम्भ गणिनाथ धर्मशाला बिजुलिया रामगढ़ में पूर्णतया हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेमरोम उपस्थित हुए। कार्यक्रम में 7 फरवरी से बच्चे शामिल हो रहे हैं। कर्णधार सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के सचिव कार्यक्रम के अयोजक विक्रांत गुप्ता ने बताया कि रामगढ़ जिले के बहुत सारे बच्चो ने अलग-अलग नृत्य विधा में भाग लिया जैसे पायका, छऊ, झूमर, संथाली आदि लोक नृत्य का प्रशिक्षण 10 दिनों तक अलग-अलग प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है एवं कार्यक्रम के समापन पर उनके द्वारा 16 फरवरी को टाउन हॉल रामगढ़ में 10:00 बजे बिहंगम प्रस्तुति दी जाएगी।

# मोबाइल की नहीं, खेल के मैदान की लत लगाएं युवा : सुधीर मंगलेश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दुलमी प्रखंड के सरैया मैदान में सिकनी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के सीजन-03 का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, विशिष्ट अतिथि महताब राही ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फीता काटकर टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन और टीम भावना भी विकसित होती है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेल के प्रति समर्पित रहने और अपने जिले व राज्य का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। मैच सिरु बनाम विरहोन्हे के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर सिरु की टीम बल्लेबाजी करते हुए 6 ओभर में 63 रन बनाई। जवाबी पारी उतरी विरहोंन्हे की टीम 30 रन पर ही ऑल आउट हो गई। सिरु की टीम विजयी रही। टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमें भाग ले रही हैं, जिससे दर्शकों को रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

टाउन हॉल में एक दिवसीय सुरक्षित इंटरनेट दिवस सह कार्यशाला आयोजित

# इंटरनेट का सावधानी के साथ करें उपयोग : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
मंगलवार को छतरमांडू समाहरणालय स्थित टाउन हॉल में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के निदेश के आलोक में बेहतर इंटरनेट के लिए एक साथ थीम पर आधारित सुरक्षित इंटरनेट दिवस का जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपयुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, सयुंक्त निदेशक (आईटी) सह जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी वीरेंद्र प्रसाद, अपर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी मनीष चाहर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर,पुलिस उपाधीक्षक (साईबर) श्री चंदन वत्स के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विद्युत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान राधा गोविंद विद्यालय के बच्चों द्वारा इंटरनेट का उपयोग एवं इंटरनेट कितना सुरक्षित है कैसे इसका इस्तेमाल करें इन सब विषयों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान सयुंक्त निदेशक (आईटी) सह जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी बिरेंद्र प्रसाद के द्वारा स्वागत संबोधन किया गया वहीं उन्होंने आज के युग में दिन प्रतिदिन बढ़ रहे साईबर घटना को ध्यान में रखते हुए साइबर सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी दी।

पूजा विसर्जन के दौरान हुए घटना के दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई

# बड़कागांव के महुदी से निकले रामनवमी के जुलूस : सांसद



*इस तरह की घटनाओं पर रोक लगनी चाहिए ताकि अपराधी किस्म के लोगों को आगे बढ़ने का मौका दिया जाए*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सांसद मनीष जायसवाल ने सदन पटल पर अपनी बात रखते हुए कहा कि झारखंड राज्य में हो रहे हिंदुओं के अत्याचार के प्रति केंद्र सरकार का ध्यान दर्शाने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। अभी हाल ही में बीते सरस्वती पूजा के दौरान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिले के सोसो कला गांव में महिलाएं और बच्चे जुलूस लेकर विसर्जन करने के लिए जा रहे थे तभी बच्चों पर पथराव किया गया जिससे एक बेटी बहुत गंभीर रूप से घायल है। इस मामले में केस तो हुआ लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई बल्कि उल्टा काउंटर केस पुलिस के तरफ से हो गया। इसी प्रकार साल 2022 में सरस्वती पूजा के दौरान हजारीबाग जिले के बरही के रूपेश पांडेय की हत्या कर दी है। हजारीबाग जिले के ही बड़कागांव के महुदी गांव में आजादी के बाद से एक सड़क विशेष पर रामनवमी का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जा रही है, एक समुदाय विशेष द्वारा रोका जाता रहा है। यह भारत गणराज्य का सड़क है और हर सड़क पर हर व्यक्ति को आने-जाने की अनुमति है। हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल से लोकसभा अध्यक्ष ने पूछा कि आपका डिमांड क्या है तो उन्होंने स्पष्टता के साथ कहा कि मैं आपसे आग्रह करूंगा कि केंद्र सरकार ऐसे मामले पर हस्तक्षेप करें और हिंदुओं पर झारखंड में हो रहे अत्याचार पर कार्रवाई कराएं साथ ही महुदी में रामनवमी जुलूस को संपादित कराएं। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि झारखंड सरकार लगातार अपने वोट बैंक को सुरक्षित कर रही है, वही बहुसंख्यक हिंदू समाज आज अपने पर्व- त्योहार भी स्वतंत्रता से नहीं मना पा रहे हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय मानववाद विचारधारा के वाहक थे : विवेकानंद सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि संसदीय कार्यालय, झंडा चौक स्थित हजारीबाग में जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर हजारीबाग भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठन कर्ता थे ।विभारतीय जन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को जुगनू कूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश की एकात्मक मानववाद की विचारधारा दी ।पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य- के पी ओझा, टुन्नू गोप, हरीश श्रीवास्तव, जिला पदाधिकारी -दामोदर सिंह, रेणुका साहू, जयनारायण प्रसाद, इंद्र नारायण कुशवाहा, विवेक बरियर, विजय वर्मा, ऋषि शर्मा, शिवपाल यादव, बद्रीनाथ प्रसाद मेहता, विशेषांक, ज्योत्सना, क्षत्रिय कृष्णा, सुबोध सिंह, आशीष आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

3 मार्च को भव्य रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

# रक्तदान की सेवा किसी को नया जीवन दे सकती है : चंद्र प्रकाश

*रक्तदाताओं को किया जाएगा सम्मानित, रक्तदान करने वालों का बढ़ाया जाएगा हौसला*




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
समाज सेवा एवं मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हजारीबाग यूथ विंग द्वारा 3 मार्च को लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिले के उन 200 से अधिक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए जीवनदायिनी साबित होगा, जिन्हें हर 45 दिनों में रक्त की आवश्यकता होती है। इस महत्त्वपूर्ण अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए हजारीबाग यूथ विंग के सदस्य शहर के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में जाकर शिक्षकों, प्राचार्यों एवं विद्यार्थियों को आमंत्रण पत्र सौंप रहे हैं। साथ ही, उनसे आग्रह किया जा रहा है कि वे इस महादान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। रक्तदान शिविर में 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय एवं महाविद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी रक्तदान करने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। यह एक ऐसा अवसर है जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग एकजुट होकर जरूरतमंदों की मदद कर सकते हैं। अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक करण जायसवाल और सह-संयोजक रोहित बजाज के साथ संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के समर्पण और निष्ठा के साथ शिविर को सफल बनाने के लिए जुटे हैं।

# भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
प्रखर राष्ट्रवादी विचारक,अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मंगलवार को उपस्थित भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने समर्पण दिवस के रूप में मनाया । हजारीबाग और रामगढ़ के संयुक्त जिला के जिला अध्यक्ष रहे वरिष्ठ भाजपा नेता रणजीत सिन्हा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय कीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते उनके जीवन के बारे में बताया। करोड़ों भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा पुंज प्रखर वक्ता और कुशल संगठनकर्ता राजनेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजनीति में अपने विचार से विरोधियों को अचरज में डालने वाले बहुत कम समय में जनसंघ को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर अपनी संगठन क्षमता का लोहा मनवाया। उनका रहस्यम निधन से देश और राष्ट्रवाद के लिए बहुत बड़ी क्षति हुई। आज उनके ही नीति और संगठनात्मक रचना ,एकात्म मानववाद और अंत्योदय को लेकर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाया है। मौके पर राजू चतुर्वेदी, राजू कुशवाहा, राजीव पामदत्त ,विनोद प्रसाद मंडल, मनोज गिरि, संजय साह, लक्ष्मी पांडा और महिला नेत्री सुनीता देवी ने भी पुष्प अर्पित कर अपना श्रद्धा सुमन निवेदित किया।

एच.जेड.बी. आरोग्यम इंस्टीट्यूट में फ्रेशर डे का भव्य आयोजन

# नए छात्रों ने बिखेरा जलवा

*फ्रेशर डे नए छात्रों को आत्मविश्वास और सकारात्मक माहौल देने का अवसर है, जिससे वे अपने लक्ष्य की ओर मजबूती से बढ़ सकें*




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
एच.जेड.बी. आरोग्यम इंस्टीट्यूट में ए.एन.एम, जी.एन.एम, और बी.एस.सी नर्सिंग के नए छात्रों के स्वागत में फ्रेशर डे का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के प्रांगण में आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतिभा प्रदर्शनों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें संस्थान के निदेशक हर्ष अजमेरा, प्रशासक जया सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रजत चक्रवर्ती एवं प्राचार्या शबनम तिरिया भारती ने भाग लिया। इसके बाद प्राचार्या शबनम तिरिया भारती ने अपने प्रेरणादायक भाषण में नर्सिंग क्षेत्र की जिम्मेदारियों और समाज में इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल एक करियर नहीं, बल्कि यह सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे हम मानवता की भलाई कर सकते हैं। फ्रेशर डे के तहत कई रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें छात्रों ने अपने नृत्य, अभिनय, गायन और अन्य कलात्मक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने उत्साह और जोश से भरी प्रस्तुतियां दीं, जिनमें संगीत, नृत्य और अभिनय शामिल थे। फ्रेशर डे का यह आयोजन न केवल मनोरंजन से भरपूर रहा, बल्कि इसने छात्रों को अपनी प्रतिभा को निखारने और टीम वर्क की भावना विकसित करने का भी अवसर दिया। संस्थान की प्रशासक जया सिंह ने अपने संबोधन में कहा की एच.जेड.बी. आरोग्यम इंस्टीट्यूट हमेशा से अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर देता रहा है। नर्सिंग एक ऐसा क्षेत्र है, जहां न केवल तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता होती है, बल्कि समर्पण, धैर्य और संवेदनशीलता भी जरूरी होती है।

# सांसद प्रतिनिधि ने डीसी ने की शिष्टाचार भेंट



सिमडेगा। सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग ने डीसी अजय कुमार सिंह से शिष्टाचार भेंट की। मौके पर जिले में चल रहे विकास योजनाओं पर भी चर्चा की। मौके पर अमित डुंगडुंग ने जिले की कई समस्यालओं से भी डीसी को अगवत कराया। साथ ही समस्याचओं का समाधान करवाने की दिशा में पहल करने की अपील की।

# कुरडेग प्रखंड में भारी संख्या में लोगों ने थामा झामुमो का दामन : अनिल कंडुलना

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झामुमो जिला संयोजक मंडली सिमडेगा द्वारा कुरडेग प्रखंड का तूफानी दौरा किया गया । इसी क्रम में संयोजक मंडली द्वारा कुरडेग प्रखंड में सदस्यता अभियान भी चलाया गया। सदस्यता रशीद काटकर और झामुमो पटा पहना कर सबका पार्टी में स्वागत किया गया । बैठक को संबोधित करते हुए श्री अनिल कांडुलना ने कहा कि कुरडेग प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता प्रखंड अंतर्गत सभी गांवों में जा कर झारखंड सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों एवं योजनाओं के बारे बताएं साथ ही प्रखंड में सदस्यता अभियान तेज करें ताकि प्रखंड में झामुमो को मजबूत किया जा सके। मौके पर मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली प्रमुख अनिल कांडुलना, मो सफीक खान ,साबिर अंसारी,केन्द्रीय समिति सदस्य फिरोज अली, नारायण मांझी, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा,पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर डांग,पूर्व युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो,नासिर अंसारी, अशोक कुमार दास, लॉरेंसतुष कुजूर, नुसरत खातून, जोहान खलखो के अलावा भारी संख्या में कुरडेग प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

# न्यूज बॉक्स

## बोलबा प्रखंड के गांव में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक 60 वर्षीय वृद्ध घायल

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के कछुपानी गाँव में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक 60 वर्षीय वृद्ध घायल, इलाज के लिए लाया गया बोलबा अस्पताल..घटना के सम्बन्ध मिली जानकारी के अनुसार कछुपानी गाँव के पास सम्पति देवी नामक वृद्ध महिला को किसी अज्ञात बाइक सवार लोगों ने तेज रफ़्तार से आकर धक्का. मारकर फरार हो गया. वहीं सम्पति देवी. गिरकर घायल हो गई.. ग्रामीणों की मदद से बोलबा अस्पताल इलाज के. लिए लाया गया।अस्पताल में डा देबतोष भूटिया की देखरेख में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## सक्रिय सदस्यों का जिला स्तरीय उपसमिति ने जांच एवं सत्यापन किया गया

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला स्तरीय सक्रिय सदस्यता जांच एवं सत्यापन उपसमिति के संयोजक श्रीचंद्र प्रजापति, सदस्य मुकेश श्रीवास्तव, सदस्य सुजान जोजो मुंडा के निगरानी में जिला कार्यालय में सदस्यता अभियान के सक्रिय सदस्यों के दस्तावेजों का जांच एवं सत्यापन किया गया।मौके पर एस टी मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश रविकांत प्रधान, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह, रवि वर्मा, मंडल अध्यक्ष बांसजोर विशाल नायक, चंदन प्रसून सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## स्वास्थ्य केंद्र बानो में टीबी बीमारी का जांच शिविर का आयोजन किया

**बानो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में टी वी बीमारी का जांच शिविर का आयोजन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी द्वारा गाँव गाँव जा कर टीबी के रोग होने की संभावना को देखते हुए सम्भावित लोगों मंगलवार को जांच की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ०मनोरंजन कुमार ने बताया कि शिविर में आये सभी लोगों की स्वास्थ्य जाँच के बाद ही पता चल पाएगा कि कौन टीबी के मरीज हैं। इसके लिए आधुनिक तकनीक वाला मशीन लाया गया है। डॉ ०मनोरंजन ने शिविर में आये लोगों से कहा कि बीड़ी ,तम्बाकू का सेवन न करें। हमेशा गरम पानी का सेवन करें।

## श्याम भक्त रांची से सिमडेगा पहुंचे किया श्याम मंदिर का अवलोकन

**सिमडेगा।** निमार्णधीन श्याम मंदिर सिमडेगा में खाटू वाले श्याम बाबा द्वारा प्रेरित श्याम भक्त अजय मयंक जैन एवं और आनंद गोयल रांची से सुबह सिमडेगा पहुंचे और श्याम मंदिर का अवलोकन किया और बाबा की मोर छड़ी का मोर पंख जो अपने साथ लाए थे उसका पुजन कर किया। एवं आज अजय मयंक जैन परिवार द्वारा अपने हाथों द्वारा 500000/पांच लाख रुपए मंदिर निर्माण में सहयोग दिया गया।और मंदिर निर्माण में जो सहयोग और भी पड़ेगा उसे पुरा करने का आश्वासन दिया गया। आज मोहन दास जी महाराज खाटू वाले से फ़ोन पर स्वीकृत भी मिल गई है उनके सानिध्य में ही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कराया जाएगा ।उनका बहुत जल्द आगमन सिमडेगा में होने वाला है। रांची से पहुंचे श्याम प्रेमियों का श्याम मित्र मंडल सिमडेगा द्वारा उनका स्वागत किया गया। आज मंदिर में संरक्षक श्री अमरनाथ वामलिया अध्यक्ष पवन जैन सचिव संजय शर्मा कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, रजनीश अग्रवाल,सरत वामलिया, अमित अग्रवाल,पिंकुल अग्रवाल, मुरारी वामलिया, मुन्ना अग्रवाल, राकेश अग्रवाल , संतोष देवी उपस्तिथि रही।



# के. तलमंगा गामहर टोली में विभिन्न समस्याओं को लेकर किया बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पिड़ियापोंछ पंचायत के तलमंगा कोरवा बस्ती गामहर टोली में विभिन्न समस्याओं को लेकर सांसद प्रतिनिधि की अगुवाई में किया गया बैठक. बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि तलमंगा गामहर टोली गाँव में अब तक बिजली नहीं पहुंची है. ग्रामीणों ने बताया कि गाँव में अबतक बिजली का खम्भा भी नहीं गाड़ाया है. इसके साथ दो किमी पहुँच पथ एवं किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए एक डीप कि मांग किया गया. सांसद प्रतिनिधि सुनील टोप्पो ने कहा कि इन सारी समस्याओं को माननीय सांसद कालीचरण मुंडा के पास भेजा जाएगा और सभी समस्याओं का जल्द. समाधान किया जाएगा।इस मौक़े नारयण सिंह, सांसद प्रतिनिधि सह युवा प्रखण्ड आध्यक्ष सुनील टोप्पो,पंचायत आध्यक्ष रोशन बारला, युवा कंग्रेस वाहिनी के सदस्य. अजीत लोहरा, फुल्श्वर नायक, संजय टोप्पो, अमर सिंह एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे ।

# संत अन्ना प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय ताराबोगा में वार्षिक क्रीड़ा दिवस

नवीन मेल संवाददाता



**ठेठईटांगर।** मंगलवार को संत अन्ना प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय ताराबोगा में वार्षिक क्रीड़ा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिला संयोजक मंडली सिमडेगा के प्रमुख अनिल कांडुलना निमंत्रित किए गए थे। इस अवसर पर छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए श्री कडुलना ने कहा - बुजुर्गों द्वारा हमें कहा जाता था कि खेलोगे -कूदोगे होगे खराब, पढ़ोगे- लिखोगे बनोगे नवाब, लेकिन मेरे प्रिय विद्यार्थियों आज युग बदल चुका है। आज के युग में पढ़ोगे - लिखोगे फिर भी बनोगे नवाब, खेलोगे - कूदोगे फिर भी बनोगे नवाब, बस जरूरत है किसी भी काम को पूरी निष्ठा से किया जाए। यभ कहा कि आज विद्यार्थियों का काम को आप पूरी निष्ठा से अपने तन,मन और धन से करते हैं तो आप को कोई सफल होने से रोक नहीं सकता। हमारे विद्यालयों में प्रत्येक वर्ष क्रीड़ा दिवस मनाया जाता है, क्योंकि आप को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत किया जा सके ताकि भविष्य में आने वाले हर चुनौती का आप दिमागी तौर पर पूरे दमखम के साथ सामना कर कर सकें। आज के खेल - कूद प्रतियोगिताओं में बहुत से विद्यार्थी पदक विजेता बने और बहुत से विद्यार्थी पदक जीतने में असफल रहे पदक विजेता विद्यार्थियों को बधाई देता हूं, और जो असफल रहे उन विद्यार्थियों से कहना चाहूंगा कि आप निराश न हों, अपने- आप को मानसिक और शारीरिक तौर पर और अधिक मजबूत कीजिए, निश्चित रूप से आपको विजय हासिल होगी। किसी ने सच ही कहा है असफलता ही सफलता की कुंजी है । अंत में उन्होंने वार्षिक क्रीड़ा दिवस पर पूरे संत अन्ना विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

# सड़क मरम्मती का जायजा लेने पहुंचे ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख

नवीन मेल संवाददाता



**ठेठईटांगर।** टुकुपानी से फरसापानी पंडरीपानी, आसानबेड़ा होते हुए कुड़पानी सड़क का मरमती एवं मजबूतीकरण कार्य चल रहा है जिसका ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को फोन पर सूचित करते हुए कहा कि सड़क मरम्मती कार्य में कोताही बरती जा रही है जिस पर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज संबंधित सड़क पर पहुंचे एवं कंपनी के इंजीनियर से सही तरीके एवं प्रकलन के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया जिस पर कंपनी के इंजीनियर ने आश्वासन दिया कि प्रकलन के अनुसार एवं गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए ही सड़क बनाया जाएगा इसमें किसी प्रकार का कोताही नहीं बरती जाएगी ।प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने कहा की हमारे कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोनगाड़ी एवं हमारे झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी अच्छा कार्य कर रहें है, हर क्षेत्र ,हर गली, हर गांव तक सड़क निर्माण एवं मरम्मती करवा रहें है, इसमें गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए सड़क मरम्मती एवं मजबूतीकरण किया जाए जिससे कि अधिक दिनों तक यह सड़क ग्रामीणों के उपयोग में आने लायक रहे अन्यथा इसका शिकायत विभाग को किया जाएगा मौके पर मिरस जी ,लोरेंग डुंगडुंग ,शंकर मांझी, शाहबाज अली एम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मां बाघचंडी मंदिर का स्थापना दिवस सह तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन आज से

**कोलेबिरा।** प्रखंड के कल्हाटोली स्थित मां बाघचंडी मंदिर का स्थापना दिवस सह तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन यज्ञ कार्यक्रम 12 फरवरी से आयोजन किया गया है।12 फरवरी को सुबह 8:00 से कलश यात्रा निकाली जाएगी।13 फरवरी को अखंड हरी कीर्तन सह यज्ञ आरम्भ किया जाएगा।14 फरवरी को नगर भ्रमण और पूर्णाहुति कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर मां बाघचंडी मंदिर परिसर में तैयारी किया जा रहा है।मंदिर को आकर्षक तरीके सजाया गया है।चारों ओर प्रकाश की व्यवस्था की गई है।कार्यक्रम को लेकर मंदिर के पुजारी पंचम सिंह ने बताया की कलश यात्रा में 5001 महिलाएं शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उड़ीसा के अलावा झारखंड के विभिन्न जिलों और प्रखंड के कीर्तन मंडली भाग लेंगे।

# विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर में फाइलेरिया उन्मूलन आइडीए कार्यक्रम चलाया



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ स्थित विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में पीएचसी स्वास्थ केंद्र हजारी बेड़ा और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लचरागढ़ के स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा विद्यालय के बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई ।कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद साहू और उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा फाइलेरिया की दवा खाकर किया गया। वहीं मौके पर सभी लोगों को दवा खाने के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम कल प्रारंभ हुई है और 25 फरवरी तक चलेगी। उन्होंने बताया कि आज स्वास्थ्य कर्मी और सहिया दीदीयों के द्वारा डोर टू डोर जाकर भी दवा खिलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवा पूरी तरह से सुरक्षित है ।इस बात का विशेष ध्यान रखना है की 2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को छोड़कर सभी लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन स्वास्थ्य कर्मचारियों के सामने करना है ।यह दवाई खाली पेट नहीं खानी है ।मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद साहू ने भी लचरागढ़ क्षेत्र वासियों से डीईसी व एल्बेंडाजोल की दवा आयु वर्ग के अनुसार खाने की अपील की उन्होंने कहा कि फाइलेरिया ( हाथी पांव) एक विशेष प्रकार के मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है दवा खाकर ही इस बीमारी से बचाव किया जा सकता है ।सरकार और जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही फाइलेरिया मुक्त अभियान में सभी कोई फाइलेरिया की दवा खाकर सहयोग करें।

# मैट्रिक परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को कार्यक्रम आयोजित कर दी गई विदाई

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित प्रस्तावित उच्च विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित कर मैट्रिक परीक्षा में शामिल छात्र छात्राओ को विदाई दिया गया।* इस अवसर पर रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाध्यापिका कल्याणी बरला,मनोहर प्रसाद और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दीप प्रज्वलित कर किया। संस्कृतिक कार्यक्रम में नवम वर्ग की छात्र ने स्वागत गान प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत किया ।कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओ ने मंगलाचरण प्रस्तुत कर किया गया ।इसके बाद वर्ग छः,सात, आठ व नवम् वर्ग के छात्र-छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर लोगो का मनोरंजन किया ।इसके बाद मैट्रिक परीक्षा में शामिल छात्रों के माथे पर तिलक लगाया गया तथा बुके देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका कल्याणी बरला और शिक्षक मनोहर प्रसाद ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मैट्रीक की परीक्षा में छात्र-छात्राएं तनावमुक्त होकर परीक्षा दे और मैट्रीक परीक्षा मे बेहतर प्रदर्शन कर विधालय व जिला का नाम रोशन करें ।उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करना जरूरी है ।मेहनत करने वाला ही आगे बढता है ।कार्यक्रम का संचालन रोहित केरकेट्टा ने किया ।इस अवसर पर मनोहर प्रसाद,सूर्य भूषण स्वर्णकार,यज्ञवीर,कार्नेलियुस सोरेंग, मणीन्द्र सिंह, के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# केरसई में फाइलेरिया मुक्त अभियान की शुरुआत: अंचल पदाधिकारी ने दवा खाकर किए कार्यक्रम का उद्घाटन

**केरसई।** केरसई स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को फाइलेरिया मुक्त अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर अंचल पदाधिकारी देवकांत सिंह ने स्वयं दवा का सेवन कर यह संदेश दिया कि फाइलेरिया की रोकथाम के लिए दी जा रही दवा पूरी तरह से सुरक्षित है ।अंचल पदाधिकारी श्री सिंह के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी ग्रामीणों को फाइलेरिया से बचाव के उपायों और दवा के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और खुद को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए दवा का सेवन करें ।यह अभियान जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# विधायक की पहल पर अनुमंडल बनाने की मांग को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा पंचायत भवन सभागार में सबकी योजना सबका विकास पर विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई ।सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड को अनुमंडल बनने की प्रशासनिक पहल प्रारंभ हो गई है,बैठक को संबोधित करते हुए कोलेबिरा मुखिया अंजना लकड़ा ने सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह और जिला पंचायती राज पदाधिकारी के द्वारा जारी पत्र के उल्लेख के बारे में उन्होंने बताया की झारखंड सरकार,झारखंड विधानसभा के सदस्य कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के द्वारा कोलेबिरा को अनुमंडल का दर्जा देने के संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गई थी ।इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा बिरेंद्र किंडो के द्वारा सभी मुखिया और पंचायत सचिवों को पत्र जारी कर ग्राम सभा आयोजित करने का निर्देश दिया गया है इसी के निमित्त आज कोलेबिरा पंचायत भवन में बैठक रखी गई थी ।इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, कोलेबिरा मुखिया अंजना लकड़ा,प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद,सुलभ नेल्सन डुंगडुंग,उप मुखिया संजीत कुमार,एई शितल एक्का,रोजगार सेवक बिरबल भुइंया,पंचायत सचिव मिथिलेश कुमार रोय,रणधीर कुमार साहू उपस्थित थे। आयोजित ग्राम सभा में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया ।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कोलेबिरा को अनुमंडल बनने के महत्व पर जोर दिया और इसके लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया ।सभी पंचायत क्षेत्रों में बैठक आयोजित कर ग्रामीणों से सहमति प्राप्त करने की बात कही गई ।ज्ञात हो कि कोलेबिरा को अनुमंडल बनाने हेतु पूर्व से ही कई वर्षों से लगातार प्रयास किया जा रहा है ।चाहे लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव कोलेबिरा को अनुमंडल बनने की मांग प्रमुख रही है ।चुनावी भाषणों में भी कोलेबिरा को अनुमंडल बनने की बात नेताओं और जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार कही जाती है ।बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने कोलेबिरा को अनुमंडल बनने की मांग रखी ।ग्रामीणों ने बैठक में बतलाया कि कोलेबिरा में बहुत से विभाग के अनुमंडल स्तर के कार्यालय हैं जिसे देखते हुए जल्द से जल्द अनुमंडल का दर्जा दिया जाए।

# कोलेबिरा में झारखंड नव निर्माण दल की बैठक हुई संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

● मांगो को लेकर 19 को होगा रांची में प्रदर्शन

**कोलेबिरा।** स्टेडियम में झारखंड नवनिर्माण दल कोलेबिरा प्रखंड इकाई के पदाधिकारीयों और सदस्यों का जसोन कंडुलना के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई ।बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार जन समस्याओं का समाधान के प्रति चिंतित नहीं है। यही कारण है कि सहारा इंडिया,एपीलाइन,साईं प्रकाश,पल्स,विश्वामित्र, वेलफेयर, इत्यादि दर्जनों दर्जन कंपनी में गरीबों के मेहनत के जमा पूंजी पैसे की भुगतान लंबित है,जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।श्री सिंह ने विभिन्न ननबैंकिंग में जमा पैसे की जल्द भुगतान समेत पांच सूत्री मांग को लेकर 19 मार्च 2025 को रांची में आयोजित विधानसभा मार्च की तैयारी अभी से नेता व कार्यकर्ताओं को करने की अपील की ।वहीं दल के नेता सह प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक ने कहा कि जिले में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है ।जिसका खिलाफत एकजुट होकर करना होगा तभी आम जनता को भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी ।श्री बेक ने जल-जंगल-जमीन व हक अधिकार की लड़ाई के लिए दल को हर स्तर पर मजबूती प्रदान करने की अपील की । बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ व जनसमस्याओं का समाधान हेतु लोगों को जागरूक करने, पलायन रोकने व काम के लिए मनरेगा मजदूरों व ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे शुद्ध समेत भुगतान के लिए जमाकर्ताओं को एकजुट करने,प्रखंड क्षेत्र में संगठन का विस्तार व मजबूती के अलावे कई निर्णय लिए गए हैं बैठक में नकुल बड़ाईक, सुशील मुंडा,अमृत केरकेट्टा, बिंदेश्वर सिंह, मुन्ना सिंह,सुदीप प्रसाद,रोपना जड़िया, ललित बरला,सुखराम महतो,मसीह प्रकाश डुंगडुंग,विनीता होरो, नीलिमा होरो,एनिमा बरला, व अन्य लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
### (सामान्य शाखा)

-: आवश्यक सूचना :-

हजारीबाग जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2024 के आलोक में चयनित अभ्यर्थियों की मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य प्रमाण पत्रों की जाँच दिनांक 19.02.2025 एवं 20.02.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक नया समाहरणालय भवन के ग्राउण्ड फ्लोर, कमरा संख्या– A-001 में किया जाना है।

सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि/समय/स्थान पर अपने साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं एक सेट स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति लाना सुनिश्चित करेंगेः–

1. प्रवेश पत्र (Admit Card)
2. मैट्रीक उत्तीर्णता प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।
3. आवासीय प्रमाण पत्र।
4. जाति प्रमाण पत्र।
5. EWS प्रमाण पत्र।
6. पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के स्तर से निर्गत् चरित्र एवं पूर्ववृत सत्यापन प्रमाण पत्र।

नोटः– 1. प्रकाशित मेघा सूची (सामान्य वर्ग) के कमांक 01 से 90 तक के अभ्यर्थी दिनांक 19.02.2025 को उपस्थित होंगे।
2. प्रकाशित मेघा सूची (सामान्य वर्ग) के कमांक 91 से 155 तक, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के कमांक 01 से 13 तक, अनुसूचित जनजाति वर्ग के क्रमांक 01 एवं पिछड़ा वर्ग के कमांक 01 से 13 तक के अभ्यर्थी दिनांक 20.02.2025 को उपस्थित होंगे।

उपायुक्त, हजारीबाग

PR 346326 District(24-25).D



## झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 36/2024–25

**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 19.02.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 20.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 20.02.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Overhauling of 4000 LPH Iron cum Turbidity Removal filtration plant, Carbon filter Plant with installation of 16x65 vessel, multiple valve, & necessary water supply pipe line and its allied work at IAS Quarter No-04 and other Officers Residence, Dindayal Nagar Ranchi under D.W. & S. Division,Gonda, Ranchi. | 481610.00 | 10000.00 | 750.00 | 07 Days |
| 2. | Supplying & Installation of double Vessel 18" x 65" FRP Iron Removal Plant, Replacement of damaged Sanitary fittings with water supply arrangements its allied works at TS Residence (junior Engineer Residence) Dindayal Nagar Morahabadi Ranchi under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. | 550678.00 | 12000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 3. | Renovation of Toilet Cum bathroom & Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at- Qrt.No.C-11/5, Audrey House Colony Ranchi under D.W.& S.Division, Gonda, Ranchi. | 769783.00 | 16000.00 | 1250.00 | 30 Days |
| 4. | Seepage & Renovation of Toilet Cum bath room & Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage work & other Mis. Work at Qrt No-35, Ground Floor Judge Colony Kanke Road Ranchi ,under D.W.& S.Division, Gonda, Ranchi. | 803295.00 | 17000.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 5. | Renovation of Toilet and bath room, Improvement of W/S and Sanitary fittings & Sewerage work and Other Miscellaneous Work at Qtr. No. C-98 Nagra Toli, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 814289.00 | 17000.00 | 1250.00 | 30 Days |
| 6. | Renovation of Toilet Cum bathroom & Improvement of W/S and Sanitary fittings & Sewerage Work & other Mis. Work at Qrt No-31, First Floor Judge Colony Kanke Road Ranchi ,under D.W.& S.Division, Gonda, Ranchi. | 829269.00 | 17000.00 | 1250.00 | 15 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 346281 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# कार्यशाला में कॉमन साइबर ट्रड के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई

*उप विकास आयुक्त ने कहा कि इंटरनेट एक तरफ वरदान है तो दूसरी तरफ अभिशाप इसलिए इंटरनेट का सही इस्तेमाल करना चाहिए*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार जिला सूचना एवं विज्ञान विभाग हजारीबाग के तत्वावधान में मंगलवार समाहरणालय सभगार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु एसडीपीओ अमित आनंद, डीपीओ पंकज तिवारी, डीडब्ल्यूएसो शिप्रा सिन्हा, डीआईओ संदीप कुमार, डीपीओ यूआईडी प्रवीण कुमार सुमन सहित कई पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में जिला स्तरीय अधिकारियों व अन्य कर्मियों को सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल करने से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यशाला में डीआईओ संदीप कुमार और डीपीओ यूआईडी प्रवीण कुमार सुमन ने सफर इंटरनेट डे के बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। कार्यशाला में उपस्थित लोगों को कॉमन साइबर थ्रेड जैसे फिशिंग, विशिंग, फाइनेंशियल फ्रॉड, लॉटरी स्कैम, फेक एप्स, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, साइबर हाइजीन, पब्लिक वाई-फाई, वीपीएन, यूजिंग मल्टी फैक्टर ऑथेंटिकेशन, यूपीआई, हाउ टू सिक्योर क्रेडिट एंड डेबिट कार्ड, ऑनलाइन बैंकिंग सर्विस, डिजिटल अरेस्ट, टू स्टेप वेरीफिकेशन, डीप फेक वीडियो आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि इंटरनेट एक तरफ वरदान है तो दूसरी तरफ अभिशाप इसलिए इंटरनेट का सही इस्तेमाल करना चाहिए। इंटरनेट का दुरुपयोग करने से हम सबका भविष्य खतरे में पड़ सकता है।

स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की उपायुक्त ने समीक्षा बैठक

# गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई, जिसके उपरांत उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा में क्रम में उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया।


सदर विधायक के प्रयास से सुंदरीकरण कार्य की हुई शुरूआत

# नगर आयुक्त व सीओ के साथ किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** शहर के ऐतिहासिक मिशन ग्राउंड अब और अधिक सुव्यवस्थित, स्वच्छ और आकर्षक बनने जा रहा है। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के विशेष प्रयासों से इस मैदान के सुंदरीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। मंगलवार को विधायक स्वयं नगर निगम के नगर आयुक्त, सदर सीओ और अन्य अधिकारियों के साथ मिशन ग्राउंड पहुंचे और कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मैदान की सफाई, आधारभूत संरचनाओं के विकास और सुविधाओं के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूरा हो, ताकि जनता जल्द से जल्द इस सुविधा का लाभ उठा सके। इस अवसर पर सरना समिति के अध्यक्ष महेंद्र बेक सहित कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। मिशन ग्राउंड को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इस परियोजना के तहत जिसमें मैदान की संपूर्ण सफाई और समतलीकरण, मस्ट लाइट्स की स्थापना, जिससे रात में भी लोगों को सुरक्षित माहौल मिले, सुंदर उद्यान (गार्डन) और हरियाली का विकास, जिससे वातावरण शुद्ध और सौंदर्यपूर्ण बने, बुजुर्गों के बैठने के लिए विशेष व्यवस्था, जिससे वे भी आराम से समय व्यतीत कर सकें, युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए सुविधाओं का विस्तार, ताकि यह एक बहुपयोगी खेल परिसर के रूप में विकसित हो सके, पार्किंग और अन्य बुनियादी सुविधाओं में सुधार, जिससे लोगों को बेहतर अनुभव मिले।

## हिंदू धर्म में सभी जीवों की रक्षा करने की होती है प्रवृत्ति : जैन मुनि



**बरकट्ठा।** हिन्दू धर्म मे संस्कार है कि सभी तरह के जीवों की रक्षा करने की प्रवृत्ति होनी चाहिए। पहले यह प्रवृत्ति थी लेकिन अब लोग भटक गए हैं। उक्त बातें झारखंड के पारसनाथ और कोलकाता से दो वषार्वास कर गुजरात लौटने के क्रम में बरकट्ठा स्थित दिव्य कल्याण आश्रम में प्रवास के क्रम में जैन मुनि हर्ष तिलक सुरेश्वर जी महाराज साहेब ने कही। उन्होंने कहा कि मनुष्य की शक्ति सभी जीवों से ज्यादा है। मनुष्य को शक्ति पहचानने होंगे। मनुष्य तन कम समय का है। बेहतर कर्म करें। यह देश परमात्मा का विचरण स्थल है। लोंगो में जीवों के प्रति हमदर्दी लुप्त हो चुका है। हिन्दू धर्म भटक चुका है भ्रमित हो चुका है। जीवों के प्रति ध्यान रखना चाहिए। दूसरे जीवों की हिंसा कर मनुष्य के पेट मे नहीं जाना चाहिए। जीव हत्या हिन्दू समाज के लिए कलंकित है। हिन्दू समाज सभी जीवों की रक्षा के लिए है। यह भूमि भगवान महावीर, बुद्ध, राम कृष्ण की धरती है। छोटे जीव की रक्षा करें।

## श्री श्री 108 श्री सतचंडी महायज्ञ सह विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के तुईयो में आयोजित श्री श्री 108 श्री सतचंडी महायज्ञ, भगवती हनुमंत सह विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। वहीं मंगलवार को भक्तजनों का यज्ञ शाला में भीड़ उमर पाड़ा। आज वैदिक पूजन मंडप पूजन पाठ हवन आरती व प्रवचन किया जा रहा है जिसमें काफी संख्या में दूर-दूर से भक्त जन रहे हैं। प्रसिद्ध कथा वाचक विधयांशु महाराज के द्वारा कथा सुनने के लिए लोग दूर-दूर से आ रहे हैं। वहीं पूजा समिति के अध्यक्ष उत्तीम महतो ने बताया कि कल 12 फरवरी को प्रसिद्ध भजन गायका शहनाज अख्तर आएंगे और इनका रात भर भजन चलेगा। वहीं 13 तारीख को महाप्रसाद भक्ति जागरण एवं झांकी प्रस्तुत किया जाएगा।

## गावां प्रखंड मुख्यालय में बीएलबीसी की हुई बैठक



**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को ब्लॉक लेबल बैंकर्स कमेटी (बीएलबीसी) के तहत सभी बैंक कर्मियों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता बीडीओ महेंद्र रविदास ने की। बैठक में मुख्यरुप से एलडीएम अमृत चौधरी उपस्थित थे। वहीं बैंक ऑफ इंडिया गावां, इंडियन बैंक गावां, इंडियन बैंक माल्डा, इंडियन बैंक पिहरा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र मंझने आदि के बैंक कर्मी शामिल हुए। इस दौरान बीडीओ ने बैंकों में होने वाले प्रशासनिक समस्या केसीसी लोन, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, पेंशन, स्कूल के बच्चों का बैंक में खाता खोलने सहित अन्य समस्याओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। वहीं, बीडीओ ने योजनाओं से संबंधित, पेंशन, पीएम आवास, अबुआ आवास आदि से संबंधित राशि निकालने एवं अन्य सभी पहलू पर विचार-विमर्श व समस्याओं को निदान करने का निर्देश दिया। मौके पर विवेक कुमार, सुनील कुमार चौधरी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित

**तिसरी।** तिसरी प्रखंड के मंझलाडीह के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेंगचुरो में मंगलवार को एक शिक्षक के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम में सहायक शिक्षक सुधीर कुमार चौधरी का इस स्कूल में 18 वर्ष की सेवा देने के बाद उनको विद्यालय से सप्रेम विदाई दी गई. सभी शिक्षकों ने बारी बारी से सहायक शिक्षक सुधीर कुमार चौधरी को माला पहनाया, जिसके बाद उनके कार्यकाल को याद करते हुए उनकी सराहना की गई. रिटायर्ट शिक्षक सुधीर कुमार चौधरी ने कहा कि मैं बीते 18 साल से इस स्कूल में सेवा दे रहा हूं.यहां के ग्रामीण और छात्र-छात्राओं से भरपूर प्रेम मिला यह प्रेम भुलाया नहीं जा सकता. मौके पर सीआरसी प्रमोद कुमार, प्रकाश राय, महेंद्र यादव ,प्रदीप यादव, बालेश्वर यादव, उपेंद्र कुमार राय, अरुण राय ,सदानंद राय, किशोर राय विद्यालय के अध्यक्ष और बच्चे मौजूद थे.

पानी-सड़क की समस्या गंभीर, दूसरे सवालों का भी समाधान नहीं

# उपेक्षित गांव के दलितों की सुधि ले प्रशासन : राजेश



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय/ गिरिडीह** फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता राजेश यादव ने मंगलवार को गांडेय प्रखंड के दासडीह पंचायत अंतर्गत दलित टोला जियनपुर का दौरा किया और वहां की गंभीर समस्याओं की जानकारी लेकर प्रशासन से इसकी सुधि लेने व समाधान की मांग की। यह गांव लगभग 30 परिवारों वाले जियनपुर में फिलहाल पानी की घोर किल्लत है। कहने को तो यहां 3 सोलर आधारित पानी टंकी का निर्माण किया गया, लेकिन उसमें से 2 पूरी तरह बेकार पड़ा है। बाकी 1 टंकी से आसपास के 2-4 घरों को ही किसी तरह पानी मिल पा रहा है। लोगों में इसे लेकर भारी नाराजगी है। उक्त गांव गिरिडीह-जामताड़ा मुख्यमार्ग से सटे रहने के बावजूद भी गांव को पक्की सड़क से नहीं जोड़ा गया है। जियनपुर के दलित परिवारों के लिए सरकारी बेहतर शिक्षा और अस्पताल भी मयस्सर नहीं। अधिकांश परिवार भूमिहीन हैं लेकिन सरकारी जमीन नहीं मिली। अगर कुछ जमीन हासिल और उपयोग में भी है, तो उसे फजीर्वाड़ा करके हड़पने की कोशिश की जा रही है। समस्याओं को सुनकर श्री यादव ने कहा कि, दलितों का लंबे समय से वोट लेने वालों ने किस तरह इन्हें उपेक्षित करके रखा है, यह जियनपुर जैसे गांव में देखना काफी दिलचस्प है। इसलिए अब लोगों को संगठित होकर आंदोलन करने की जरूरत है। फाब्ला नेता ने लोगों से आगामी 22 फरवरी को गांडेय में किसान-मजदूरों की समस्याओं को लेकर आयोजित की गई है। मौके पर उपस्थित फाब्ला नेता रोहित यादव , बीरू तुरी, ललिता देवी एवं अन्य मौजूद थे।

## शिहान उदय बने ऑल इंडिया कराटे सेशीनकाई के उपाध्यक्ष



**बरही।** कराटे की दुनिया में एक विशेष पहचान बनाने वाले हजारीबाग निवासी शिहान उदय कुमार के उपाध्यक्ष बनाए गए है. इसके साथ ही इन्हे कराटे संघ के के कोच एवं रेफरी भी मनोनित किया गया है. इस बाबत सेशिनकाई कराटे के चीफ टेक्निकल डायरेक्टर हांसी प्रेमजीत सेन ने श्री कुमार को ऑल इंडिया सेशिनकाई कराटे फेडरेशन के उपाध्यक्ष सहित कोच और रेफरी का मनोनयन पत्र भी निर्गत किया है. इस उपलब्धि के लिए उन्होंने अपने गुरु एवं श्री सेन का अभार जताते हुए कृतघ्नता जाहिर किया है. उन्होंने कहा कि उनके ऊपर को विश्वास जताया गया है, उस विश्वास को और अधिक मजबूत बनाते हुए अपने दायित्वों को जिम्मेवारी के साथ निभाने की बात कही है. इस मनोनयन के लिए हजारीबाग सहित बरही के कई लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है.

**मेकॉन लिमिटेड**
(भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम)
मुख्यालय : डोरंडा, रांची - 834002
फोन : 0651-2483000
सीआईएन नं.: U74140JH1973GOI001199

**रोजगार अधिसूचना**

मेकॉन लिमिटेड को नियमित वेतनमान में विभिन्न पदों के लिए अनुभवी मानव संसाधन पेशेवरों की आवश्यकता है (विज्ञापन संख्या 11.73.4.3/2025/Reg/01 दिनांक 08/01/2025)।
अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.meconlimited.co.in के लिंक पर जाएं।
नोट : इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/ संशोधन हमारी वेबसाइट www.meconlimited.co.in के "careers" में अपलोड किया जाएगा।
**CBC 40110/12/0003/2425**

लघु सिंचाई विभाग ने तालाब के जीर्णोद्धार की दी स्वीकृति

# गांव के आलम अंसारी ने तालाब के कार्यों पर लगाई रोक



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय** गांडेय प्रखंड के मौजा भाषपुर के खाता नंबर 47 प्लॉट नंबर 106, रकवा 4 एकड़ 36 डिसमिल जमीन गैरमजरूआ खाते किस्म की जमीन दर्ज है। उक्त जमीन पर लघु सिंचाई विभाग द्वारा तालाब जीर्णोद्धार का स्वीकृति मिला है। जीर्णोद्धार कार्य को फुलझरिया गांव निवासी आलम अंसारी ने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर उक्त तालाब का जमीन हमारे दादा सुभानी मियां के नाम से पट्टा हासिल है। जिस कारण हो रहे जीर्णोद्धार कार्य को उक्त लोगों ने रोक लगा दिया जिस वजह से उक्त गांव के लोगों के साथ हो-हंगामा किया गया, इधर ग्रामीण देव नारायण यादव, गुही पंडित, महेंद्र सिंह,रतन तुरी ने बताया कि उक्त जमीन पर 1962/63 में लघु सिंचाई विभाग द्वारा तालाब का निर्माण किया गया था। गांडेय के पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद द्वारा 2022/23 में तालाब में स्नान घाट का निर्माण कार्य हुआ है। उक्त तालाब से लगभग 500 हेक्टर जमीन में सिंचाई होती है। ग्रामीणों का कहना है कि आस पास के गांव के लोगों द्वारा तालाब में छठ पूजा, प्रतिमा विसर्जन व धार्मिक कार्य करते हैं। लोगों ने कहा कि गांडेय प्रखंड में आए दिन बिचौलियों द्वारा सरकारी जमीन का फर्जीवाड़ा होते आ रहे हैं। आम रास्ता, आम गैरमजरूआ, खास गैरमजरूआ, प्रति कदीम समेत सरकारी जमीन का कागजात दिखाकर हड़पने में जुटे रहते हैं। मामले को लेकर गांडेय अंचल अधिकारी मो हुसैन ने कहा कि उक्त जमीन गैर मजरूआ खास खाते की है। उक्त तालाब का जीर्णोद्धार कार्य पर रोक नहीं लगनी चाहिए फिलहाल जांच कर रहे हैं, जांच के बाद निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

## बिरनी : दो गांवों में आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के नावाडीह और कुसमई गांव में मंगलवार को बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास किया। लगभग 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इन केंद्रों से गांव के छोटे बच्चों को बेहतर प्रारंभिक शिक्षा और पोषण मिलेगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएंगे, इसलिए निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा में पूरा होना चाहिए। कार्यक्रम में अरारी पंचायत के मुखिया सुनील वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धिपत्र /सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–BCD/EE/ HAZARIBAG/ 64 /2024-25 ,PR संख्या–343506 Building(24-25)-D द्वारा प्रकाशित निविदा कार्य का नाम– Construction of Kitchen Cum Store in P.S. Giddi washery colony Block-Dari , District-Hazaribag.को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
PR 346267 Building (24-25)_D भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

# बिना डॉक्टर के संचालित हो रहा है हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज का डायलीसिस यूनिट



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में संचालित डीसीडीसी किडनी केयर के डायलिसिस यूनिट में नियमों को ताख पर रखते हुए डायलिसिस किया जा रहा है। पिछले करीब 5 महीने से यहां बिना डॉक्टर के यहां टेक्नीशियन डायलिसिस करते हैं। ऐसे में डॉक्टर की अनुपस्थिति में जरूरतमंद मरीजों का डायलिसिस किया जाना, उनका ब्लड चढ़ाया जाना और जरूरत के मुताबिक दवाई टेक्नीशियन द्वारा दिया जाना डायलिसिस के नियमों के विपरित मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ करने जैसा ही है। राज्यस्तरीय आउटसोर्स के तहत यहां डीसीडीसी किडनी केयर द्वारा डायलिसिस यूनिट का संचालन पीपीपी मोड पर किया जाता है। गरीबी रेखा से नीचे के मरीजों का यहां लो इनकॉम सर्टिफिकेट के जरिए निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मरीजों को उपलब्ध कराई जाती है। इस सेंटर का संचालन अगले सुबह से ही होता है ऐसे में आयुष्मान भारत योजना से संबंधित कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण आयुष्मान भारत योजना के मरीजों को यहां डायलिसिस के लाभ के लिए लो इनकॉम सर्टिफिकेट बनवाना पड़ता है। ज्ञात हो कि आयुष्मान भारत योजना से संबंधित आयुष्मान मित्रों का काउंटर यहां 10 बजे के बाद ही खुलता है। जबकि यहां मरीज सुबह 7 बजे से ही डायलिसिस कराते हैं । हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में अवस्थित डीसीडीसी के डायलिसिस यूनिट में डॉक्टर नहीं होने के मामले को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने गंभीरता से उठाया है। रंजन चौधरी ने इस संबंध में डायलिसिस यूनिट के मैनेजर, जिले के सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह और मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ.अजय कुमार सिंह से बात की और उनसे इस संबंध में शिकायत करते हुए जरूरतमंद मरीजों के हितार्थ डायलिसिस यूनिट में डॉक्टर बहाली कराने की दिशा में साकारात्मक पहल करने का आग्रह किया।

# नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत गांवों में निःशुल्क सोलर लाइट लगी



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के एफ समवाय तिसरो द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत कार्यक्षेत्र के ग्राम लेवाबनवरिया, घसनी तैतरिया और हड़हड़ा में मंगलवार को सोलर लाइट स्थापित किया गया। इस दौरान तीनों गाँवों में निः शुल्क सोलर लाईट स्थापित कर पंचायत प्रधान बसंती मरांडी, प्रतिनिधि लखीराम हेमब्रम, वार्ड सदस्य समेत अन्य की उपस्थिति में ग्रामीणों को सुपुर्द किया गया। मौके पर एसएसबी के एफ समवाय प्रभारी समेत अन्य कार्मिक उपस्थित थे। बता दें कि बीते सोमवार को भी एसएसबी एफ समवाय द्वारा ग्राम तिसरो में मुखिया, प्रतिनिधि व अन्य की उपस्थिति में निःशुल्क सोलर लाइट स्थापित कर ग्रामीणों को सुपुर्द किया गया है। बताया गया कि एसएसबी द्वारा उनके कार्यक्षेत्र में समय - समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाया जाता है ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। मौके पर मुखिया बसंती मरांडी ने एसएसबी की इस पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में एसएसबी की यह पहल अत्यंत ही सराहनीय है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना।

उपरोक्त ओरमॉझी थाना काण्ड सं0–101/2023,दिनांक–08/11/2023 धारा–354/354(A) भ0द0वि0 एवं 12 पोक्सो एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त आजाद, पिता–वहाब, सा0–ईरबा कबरिस्तान के नजदिक, थाना–ओरमॉझी, जिला–राँची का द0प्र0सं0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Sri Arif Equbal AJC IV Cum spl. Judge Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]

ओरमॉझी थाना काण्ड सं0-101/2023
**(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)** **process 82 crpc**

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
आजाद, पिता–वहाब, सा0–ईरबा कबरिस्तान के नजदिक, थाना–ओरमॉझी, जिला–राँची
2. किया है या करने का उस पर शुवहा है। — जो व–मुजिब दफा — मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है — (2) ओरमॉझी थाना काण्ड सं0-101/2023, दनिांक-08/11/2023
3. नाम आजाद, पिता–वहाब, सा0–ईरबा कबरिस्तान के नजदिक, थाना–ओरमॉझी, जिला–राँची
और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि (3) वर्तमान थाना–ओरमॉझी जिला–रॉंची
जब
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उसपर जरी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) — जब
5. मोकाम। सा0–ईरबा कबरिस्तान के नजदिक, थाना–ओरमॉझी, जिला–राँची फरार मजकुर इसलिए
बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि धारा-354/354(A) भ0द0वि0 एवं 12 पोक्सो एक्ट
मजकुर साकिन — ब–मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। — अ–हजुर(6)
ब–तारीख 15 — माह 02.2025 — नालिश–मजकुर
करे जवाब देही के लिए हाजिर हो
आज तारीख माह सन्

**Sd. Sri Arif Equbal AJC IV Cum spl. Judge Ranchi**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिक अभियुक्त आजाद, कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय/ **Sri Arif Equbal AJC IV Cum spl. Judge Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें
पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, राँची। – 9431770066
थाना प्रभारी, ओरमॉझी, रॉंची। – 9431706183

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR.NO.346305 Police(24-25):D

कविता सच्ची भावनाओं का चित्र है और सच्ची भावनाएँ चाहे वे दु:ख की हो या सुख की, उसी समय संपन्न होती है जब हम दु:ख या सुख का अनुभव करते हैं। - प्रेमचंद

# संपादकीय

## प्रजातंत्र के बदलते मायने

कहा जाता है कि 'जनतंत्र जनता के लिए, जनता द्वारा, जनता का शासन है।' सिद्धान्तः यह कथन आंशिक रुप से सत्य भी है क्योंकि इसमें जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित करते हैं। इस दृष्टि से समस्त शासन व्यवस्थाओं में यह व्यवस्था सर्वोत्तम भी है और इसीलिए स्वतंत्रता प्राप्ति के समय हमने इस व्यवस्था को चुना, किन्तु आज रेवड़ी संस्कृति से जीतने वाली सरकारों की कार्यशैली, जनमन में बढ़ता असंतोष जनित आक्रोश और यत्र-तत्र घटित अराजकतायुक्त दुर्घटनाएं विश्व के इस विशालतम लोकतन्त्र के समक्ष अनेक यक्षप्रश्न उपस्थित कर रही हैं। जनतंत्र में व्याख्यायित 'जनता' एक इकाई है। जनतंत्र की उपर्युक्त लिंकन कृत परिभाषा से ध्वनित होता है कि एक इकाई के रुप में संगठित जनता सम्पूर्ण समाज में से सर्वसम्मति से सुयोग्य नेतृत्व का चयन कर जनकल्याण का पथ प्रशस्त करती है, किन्तु व्यावहारिक रुप से जनतंत्र में प्रयुक्त जनता एक इकाई नहीं होती। वह अनेक विचारधाराओं, दलों और धर्म-क्षेत्र- जाति- भाषा- व्यवसाय आदि की संकीर्णताओं में बंधे छोटे-छोटे समूहों का समुच्चय होती है, जो मनुष्यता और राष्ट्रीयता की उदार एवं समावेशी हितग्राहिता को हाशिए पर डालकर सत्ता हथियाने की दलीय प्रतिबद्धता के प्रति दुराग्रह प्रकट करती है। निजी निहित स्वार्थों के लिए सचेष्ट ये संकीर्ण समूह परस्पर कीचड़ उछालते हुए सत्ता के गलियारों में आधिपत्य के लिए निरन्तर संघर्ष करते हैं। इसलिए जनतंत्र में शासन 'जनता द्वारा जनता के लिए' न रहकर 'दल द्वारा दल के लिए' हो जाता है और इसी कारण जनता में असंतोष और आक्रोश जन्म लेता है। जनतंत्र की उदार दृष्टि दलीय महत्त्वाकांक्षाओं की दलदल में धंसकर जनकल्याण से दूर चली जाती है। सत्ताधारी दल जनकल्याण के नाम पर प्रचारित योजनाओं के माध्यम से अपनी भावी चुनावी विजय की रूपरेखा रचता है; वोट-बैंक तैयार करता है और राष्ट्रीय-हितों के नाम पर दलीय-हितों के साधन में अपनी ऊर्जा नियोजित करता है। विपक्षी दल भी उचित-अनुचित का विचार किए बिना सत्ता हथियाने के लिए हर संभव कूट रचना रचते रहते हैं। भारतीय जनतंत्र की लगभग सात दशक लम्बी यात्रा इस विडंबना की साक्षी है। गत शताब्दी के आठवें दशक में घटित जनता पार्टी का उद्भव और पराभव इस तथ्य का ज्वलन्त प्रमाण है। मनुष्य की प्रकृति सामंती है। वह शासन करना चाहता है। औरों को अपने अधीन अपने नियन्त्रण में रखना चाहता है। परिवार का मुखिया, संस्था का प्रमुख, संगठन का नेता- सब वर्चस्व चाहते हैं और इस वर्चस्व कामना में निहित 'राजस' भाव स्वयं के लिए एवं अपने जाति-वर्ग के लिए सुख-सुविधाएँ जुटाने का उद्यम करता है। राजतंत्र में राजा लोग अपने लिए, अपने राजपरिवार के लिए, अपने पक्ष के सामंतों-सरदारों आदि के लिए सुख- सुविधाएं जुटाते थे और जनता के हितों की उपेक्षा करते थे, वर्तमान जनतंत्र में भी यही दुष्प्रवृत्ति दूर-दूर तक दिखाई देती है। भाई-भतीजावाद, वंशवाद, वोट बैंक सुदृढ़ करने की मानसिकता, जनता की गाढ़ी कमाई पर ऐश करने की ऐसी ही दुर्भलाषाओं के कारण आज हमारा जनतंत्र अपना वास्तविक अर्थ खोकर असंतोष और अराजकता की ओर अग्रसर हो रहा है।

*जनतंत्र की उदार दृष्टि दलीय महत्त्वाकांक्षाओं की दलदल में धंसकर जनकल्याण से दूर चली जाती है।*

# सामाजिक प्रगति में सभी का विकास समाहित

कोई भी व्यक्ति बहुत अधिक प्रगति कर सकता है, लेकिन जब तक उसका समाज भी उसी अनुरूप प्रगति नहीं करता, तब तक उसका कोई महत्व नहीं है। क्या हम उस समाज और धर्म की रक्षा और लाभ के लिए कुछ व्यर्थ महत्वाकांक्षाओं का त्याग नहीं कर सकते जिसके लिए राम ने वनवास झेला, कृष्ण ने असंख्य कष्ट सहे, राणा प्रताप जंगल-जंगल भटके, शिवाजी ने अपना सर्वस्व दांव पर लगा दिया और गुरु गोविंद सिंह ने अपने नन्हे-मुन्ने बेटों को जिंदा दफना दिया? आज समाज हाथ में कटोरा लेकर हमसे भीख मांग रहा है। यदि हम इसकी मांगों के प्रति उदासीन बने रहे तो एक दिन ऐसा आएगा जब हमें अपनी सबसे प्रिय वस्तु से विदा लेनी पड़ेगी। इतने सारे लोगों ने अपना जीवन केवल समाज कार्य के लिए क्यों समर्पित कर दिया है? उन्होंने ऐसा इसलिए किया है क्योंकि सामाजिक प्रगति के बिना कोई व्यक्तिगत प्रगति संभव नहीं है।



दीनदयाल उपाध्याय ने अपने मामा को 21 ज़ुलाई, 1942 को लखीमपुर से उपरोक्त यादगार पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने बताया कि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक क्यों बने। उनके जीवन में देशप्रेम और देश की सेवा का भाव इतना गहरा था कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दीनदयाल उपाध्याय के लिए कहा था, अगर मुझे दो दीनदयाल मिल जाएं तो मैं भारतीय राजनीति का नक्शा बदलकर रख दूंगा। 1953 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की रहस्यमय मृत्यु के बाद दीनदयाल ने जनसंघ को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली। वर्ष 1967 तक वो भारतीय जनसंघ में महासचिव रहे और पार्टी को लगातार आगे बढ़ाने के मिशन में जुटे रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। वे एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे।

आज की बात



**डॉ प्रदीप वर्मा**
राज्यसभा सांसद व लेखक

दीनदयाल जी का शुरूआती जीवन काफी कष्ट में बीता था। वह जब तीन वर्ष के भी नहीं हुये थे कि उनके पिता का देहान्त हो गया। पति की मृत्यु से माँ रामप्यारी को अपना जीवन अंधकारमय लगने लगा। वे अत्यधिक बीमार रहने लगीं। उन्हें क्षय रोग लग गया। 8 अगस्त 1924 को उनका भी देहावसान हो गया। उस समय दीनदयाल 7 वर्ष के थे। 1926 में नाना चुन्नीलाल भी नहीं रहे। 1931 में पालन करने वाली मामी का निधन हो गया। 18 नवम्बर 1934 को अनुज शिवदयाल ने भी उपाध्याय जी का साथ सदा के लिए छोड़कर दुनिया से विदा ले ली। 1935 में स्नेहमयी नानी भी स्वर्ग सिधार गयीं। 19 वर्ष की अवस्था तक उपाध्याय जी ने मृत्यु.दर्शन से गहन साक्षात्कार कर लिया था। जीवन में इतना मृत्यु पक्ष देख लेने के बाद भी वह आजीवन भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशावादी बने रहे। बचपन में उनके घर आए ज्योतिषी ने दीनदयाल की जन्मकुंडली देखा थी और भविष्यवाणी करते हुए कहा कि, ये बालक आगे चलकर महान विद्वान और विचारक बनेगा, ये विलक्षण प्रतिभा का धनी होगा और इसकी गिनती देश के अग्रणी राजनेताओं में होगी, लेकिन ये विवाह के बंधन में कभी नहीं बंधेगा। आगे चलकर ज्योतिषी द्वारा कही गई सभी बातें सही सिद्ध हुईं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने हाई स्कूल की शिक्षा राजस्थान के सीकर में प्राप्त की। पढ़ाई लिखाई में बहुत अच्छा होने के चलते सीकर के तत्कालीन नरेश ने उन्हें एक स्वर्ण पदक, किताबों के लिए 250 रुपये और दस रुपये की मासिक छात्रवृत्ति से पुरस्कृत किया। दीनदयाल ने अपनी इंटरमीडिएट की परीक्षा पिलानी में विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण की, जिसके बाद उन्होंने बीए. की पढ़ाई के लिए कानपुर के सनातन धर्म कॉलेज में दाखिला ले लिया। यहां उनके कई मित्र बने। उन्हीं में से एक मित्र थे श्री बलवंत महाशब्दे। वर्ष 1937 में श्री बलवंत महाशब्दे के कहने पर वो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में सम्मिलित हो गए। बस यही से उनकी जिंदगी ने अहम मोड़ ले लिया। 1937 में ही बीए. की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने के बाद दीनदयाल एमए. की पढ़ाई के लिए आगरा आ गए। आगरा में आकर वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में सक्रिय हो गए। संघ की सेवा के दौरान उनका परिचय हुआ भारत रत्न श्री नानाजी देशमुख और श्री भाऊराव देवरस से, जिन्होंने दीनदयाल जी के भविष्य निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभायी।

उसके बाद पंडित दीनदयाल बीटी. का कोर्स करने के लिए प्रयागराज (इलाहाबाद) आए और यहां भी उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से नाता नहीं तोड़ा। प्रयागराज पहुंचकर उन्होंने संघ में अपनी सेवा जारी रखी। बीटी. का कोर्स पूरा हुआ तो उन्होंने खुद को संघ में पूर्णकालिक रूप से समर्पित करने का फैसला किया। संघ ने वर्ष 1955 में उन्हें उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संगठक (प्रान्त प्रचारक) बनाने का निर्णय लिया। जल्दी ही उन्होंने संघ में सभी को प्रभावित किया। उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आदर्श स्वयंसेवक समझा जाता था, क्योंकि उनके भाषण व उनके विचार पूर्ण रूप से संघ की शुद्ध विचारधारा पर आधारित ही होते थे। उनके नाम के साथ पंडित जुड़ने का किस्सा भी काफी रोचक रहा। असल में अपनी चाची के कहने पर दीनदयाल एक सरकारी परीक्षा देने के लिए तैयार हुए। इस परीक्षा में जहां अन्य परीक्षार्थी सूट बूट में आए थे। वहीं दीनदयाल ने धोती और कुर्ता पहनने के साथ अपने सिर पर टोपी भी लगा रखी थी, जिसके बाद उनके साथियों ने उनका जमकर मजाक बनाया और उन्हें पंडित जी कह कर पुकारना शुरू कर दिया। बस तभी से ही लोग उन्हें इसी नाम से बुलाने लगे। दीनदयाल उस दिन के बाद से पंडित दीनदयाल हो गए। अच्छी बात ये थी कि दीनदयाल इस परीक्षा में भी प्रथम आए थे।

माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर से प्रेरणा लेकर 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई और जनसंघ के माध्यम से ही दीनदयाल ने भारतीय राजनीति में कदम रखा। 1952 में कानपुर में जनसंघ का प्रथम अधिवेशन हुआ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पहले उत्तर प्रदेश शाखा का महासचिव बनाया गया और उसके बाद उन्हें अखिल भारतीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया। उनकी कार्य कुशलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जनसंघ के कानपुर अधिवेशन में पारित हुए कुल 15 प्रस्तावों में से 7 प्रस्ताव पंडित दीनदयाल उपाध्याय के थे। दिसंबर 1967 में भारतीय जनसंघ का चैदहवां अधिवेशन कालीकट में हुआ और इसमें सर्वसम्मति से पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पार्टी अध्यक्ष चुना गया, लेकिन वो मात्र 43 दिन ही जनसंघ के अध्यक्ष रह सके। 10 फरवरी 1968 को वो लखनऊ से पटना जाने के लिए रेलगाड़ी में बैठे, लेकिन 11 फरवरी को सुबह पौने चार बजे उनकी लाश रेलवे लाइन के किनारे मिली। कहा जाता है कि जौनपुर तक वे जीवित थे, लेकिन उसके बाद किसी ने चलती ट्रेन में से उन्हें धक्का दिया और खंभे से टकरा जाने के चलते उनकी मौत हो गई। दीनदयाल जी के कद का अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नेता संपूर्णानंद ने उपाध्याय की राजनीतिक डायरी की प्रस्तावना में दीनदयाल को अपने समय के सबसे उल्लेखनीय नेताओं में शामिल बताया है।

दीनदयाल पत्रकार भी रहे थे, उन्होंने अनेकों पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन किया। हिंदुत्व की विचाराधारा को प्रसारित करने के लिए उन्होंने मासिक राष्ट्रधर्म का प्रकाशन किया। इसके अलावा उन्होंने साप्ताहिक पांचजन्य व दैनिक स्वदेश की शुरुआत भी की। उन्होंने चंद्रगुप्त मौर्य, शंकराचार्य की हिंदी में जीवनी लिखी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक हेडगेवार की जीवनी का मराठी से हिंदी में अनुवाद करने का श्रेय भी दीनदयाल को ही जाता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत मां के मुखर और सच्चे सपूत थे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## त्यागियों के खेल कुर्सी का मेल

गांव का चौपाल इस बार असाधारण रूप से गुलजार था। चर्चा थी "त्याग संघ" नाम के एक नए संगठन की, जो स्वच्छ राजनीति का वादा लेकर आया था। अध्यक्ष बने 'त्यागानंद बाबू', जिनका त्यागी जीवन बस इतना था कि पिछले हफ्ते उन्होंने पकोड़े के साथ चाय लेना छोड़ दिया था। त्यागानंद ने घोषणा की, "हम सिद्धांत और कार्यक्रम की राजनीति करेंगे। पदलोलुपता हमारी संस्कृति में नहीं।" यह सुनते ही गाँव के सबसे बुजुर्ग ताऊजी बोले, "ये कौन-से सिद्धांत हैं, बेटा?" त्यागानंद मुस्कराए, "हमारे सिद्धांत हैं- सादा जीवन, उच्च विचार और कुर्सी से दूरी।" गाँव के लोग तालियाँ बजाने लगे। हालाँकि, यह तालियाँ सुनते ही उनके 'उप-सिद्धांत मंत्री' हरिराम चौधरी अचानक खड़े हो गए, "पर, कुर्सी से दूरी का मतलब यह नहीं कि हम सेवा से दूरी बना लें।" अब गाँव में अजीब स्थिति बन गई। चौपाल के कोने में बैठे गंगा बाबू धीरे-धीरे हँसने लगे। "त्यागानंद, ये हरिराम तो तुम्हारे सिद्धांत का पंचनामा बना देंगे।" त्यागानंद भड़कते हुए बोले, "सिद्धांत पर सवाल? यह तो सिद्धांतों का अपमान है।" हरिराम तुरंत बचाव में आए, "नहीं, मैंने तो कहा कि हमें पद को जिम्मेदारी समझना चाहिए, लोभ नहीं।" तब तक गाँव का तीसरा योद्धा, 'दयानंद वाजपेयी', जो हमेशा से 'दूरदर्शी' कहलाते थे, बोले, "त्यागानंद, मैं त्याग संघ का महासचिव बनने के लिए तैयार हूँ, अगर आप अनुमति दें।"त्यागानंद बोले, "दयानंद, महासचिव पद त्याग संघ में सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसे निभाने के लिए त्याग करना पड़ता है। क्या आप तैयार हैं?" दयानंद ने सिर झुकाया, "अगर यह त्याग संघ की सेवा में है, तो मैं तैयार हूँ।" अब गाँव के कुछ लोग इस 'त्याग नाटक' को समझने लगे थे। हरिराम, दयानंद, और त्यागानंद के बीच चल रही खींचतान में गाँव के युवा, जो नौकरी की तलाश में थे, ने अपने दोस्तों से मजाक करना शुरू कर दिया। एक लड़का, राजू, बोला, "त्याग संघ में प्रवेश का पहला नियम क्या है?" दूसरा लड़का, मोहन, तुरंत जवाब देता, "पहले चाय में पकोड़े छोड़ो, फिर अपनी कुर्सी के लिए लड़ो।" गाँव के कुछ बुजुर्ग इस 'स्वच्छ राजनीति' पर खीसें निपोरते हुए बोले, "जब सिद्धांत इतना स्वच्छ है, तो कुर्सी इतनी गंदी क्यों है?" त्यागानंद इस सवाल पर भड़क उठे, "कुर्सी कोई चीज नहीं है। यह एक विचार है।" दयानंद बीच में टपक पड़े, "और विचार हमारे पास हैं। इसलिए कुर्सी भी हमारी होनी चाहिए।"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

# स्वाभिमानी बने अहंकारी नहीं

मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में स्वाभिमान (Self-respect) और अहंकार (Ego) का महत्वपूर्ण स्थान है। जहां स्वाभिमान आत्मसम्मान और आत्मज्ञान से उपजता है, वहीं अहंकार अज्ञान, अति-गर्व और मिथ्या प्रतिष्ठा से जन्म लेता है। आज के युवाओं के लिए यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि स्वाभिमान और अहंकार में सूक्ष्म किन्तु महत्वपूर्ण अंतर है। हमारे शास्त्रों, संतों, ऋषि-मुनियों और साहित्यकारों ने भी इस विषय पर गहन मंथन किया है। यह आलेख इन्हीं विचारों के आधार पर एक दिशा देने का प्रयास करेगा। स्वाभिमान और अहंकार में अंतर इस प्रकार से समझ सकते हैं। स्वाभिमान आत्म-सम्मान देता है, अहंकार दूसरों को नीचा दिखाने का भाव लाता है। स्वाभिमान आत्म-ज्ञान से उत्पन्न होता है, अहंकार अज्ञान और असुरक्षा से। स्वाभिमान व्यक्ति को विनम्र बनाता है, अहंकार कठोर और हठी बना देता है। स्वाभिमान समभाव को जन्म देता है, अहंकार भेदभाव और संघर्ष को। स्वाभिमानी व्यक्ति आलोचना को आत्म-सुधार का माध्यम मानता है, जबकि अहंकारी व्यक्ति आलोचना को अपमान समझता है। इन दोनों के बीच संतुलन बनाना ही एक सफल और संतुलित जीवन का रहस्य है। भारतीय शास्त्रों में स्वाभिमान और अहंकार के बारे में जो बताया गया है उस पर प्रकाश डालते हुए श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को अहंकार त्यागने और स्वाभिमानी बनने का उपदेश देते हैं "नाहं कर्ता हरिः कर्ता" (अर्थात – 'मैं नहीं, बल्कि हरि (ईश्वर) ही कर्ता हैं') यह विचार अहंकार को समाप्त कर स्वाभिमान को सशक्त करता है। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि कर्म करो, लेकिन फल का अहंकार मत रखो। रामायण में हनुमान जी इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। वे परम शक्तिशाली होते हुए भी अपने बल पर अहंकार नहीं करते, बल्कि उसे भगवान श्रीराम की सेवा में समर्पित कर देते हैं। यही सच्चा स्वाभिमान है। वहीं रावण का उदाहरण अहंकार का है। वह महान विद्वान और पराक्रमी था, लेकिन अपने अहंकार के कारण सर्वनाश का कारण बना। महाभारत में कौरवों का पतन उनके अहंकार के कारण हुआ, जबकि पांडवों ने स्वाभिमान बनाए रखते हुए विनम्रता और धर्म का पालन किया। वहीं उपनिषदों और अन्य ग्रंथों में उल्लेख मिलता है, जैसे मुण्डक उपनिषद में कहा गया है कि "विद्या ददाति विनयं" (विद्या विनम्रता लाती है। जिस व्यक्ति में वास्तविक ज्ञान होता है, वह अहंकारी नहीं बल्कि स्वाभिमानी होता है। भारतीय संतों, ऋषियों और साहित्यकारों के विचार में संत कबीर कहते हैं "बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर। पंछी को छाया नहीं, फल लागे अति दूर।। "इस दोहे में कबीरदास अहंकार को व्यर्थ बताते हैं। बड़े होने का वास्तविक अर्थ विनम्रता में है, न कि अहंकार में। तुलसीदास ने कहा "जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी।।" तुलसीदास ने बताया कि व्यक्ति अपने भाव के अनुसार ही दुनिया को देखता है। अहंकारी व्यक्ति हर किसी को छोटा समझेगा, जबकि स्वाभिमानी व्यक्ति सभी का सम्मान करेगा। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं से कहा था "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।" लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि आत्म-गौरव और आत्म-सम्मान के साथ जियो, मगर अहंकार से बचो। महात्मा गांधी जी ने अहंकार का त्याग करते हुए सत्य और अहिंसा को अपनाया। उनके अनुसार, अहंकार संघर्ष को जन्म देता है, जबकि स्वाभिमान शांति और सम्मान को। आज के समय में युवा अक्सर आत्मसम्मान और अहंकार में भ्रमित हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि पाने की होड़, दूसरों से श्रेष्ठ दिखने की इच्छा, और स्वार्थी प्रतिस्पर्धा उन्हें अहंकार की ओर ले जाती है। लेकिन यह याद रखना आवश्यक है कि स्वाभिमान आपको सफलता की ओर ले जाता है, अहंकार पतन की ओर। स्वाभिमानी बनो, लेकिन हमेशा विनम्र रहो। अपनी प्रतिभा का अहंकार मत करो, बल्कि उसका उपयोग समाज की सेवा के लिए करो। समाज, परिवार और बड़ों का सम्मान करो, यही असली स्वाभिमान है। "स्वाभिमानी बने अहंकारी नहीं" यह संदेश केवल एक नैतिक उपदेश नहीं, बल्कि सफल जीवन का मूल मंत्र है। इतिहास और शास्त्र इस बात के साक्षी हैं कि जिन्होंने स्वाभिमान के साथ संयम रखा, वे महान बने, और जिन्होंने अहंकार को अपनाया, वे पतन के गर्त में चले गए। युवा शक्ति के पास अनंत संभावनाएं हैं। यदि वे स्वाभिमान के साथ आत्म-विकास करें और अहंकार से दूर रहें, तो वे न केवल अपने लिए बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी प्रेरणा बन सकते हैं। अतः स्वाभिमानी बनें, आत्मसम्मान रखें, लेकिन कभी भी अहंकारी न बनें!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

दो भाषाएँ देश की, एक कृष्ण, दो राम।
एक नचावे धुन सुना, दूजा प्रेरक धाम।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया

इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों में गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है।

तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता-पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थिति भी है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को घूमिल कर रहे हैं।

स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे-जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**ललित गर्ग**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# संगम स्नान के साथ पूरा होगा महाकुंभ का कल्पवास



**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

महाकुंभ में व्रत, संयम और सत्संग का कल्पवास करने का विशिष्ट विधान है। इस वर्ष महाकुंभ में 10 लाख से अधिक लोगों ने विधिपूर्वक कल्पवास किया है। पौराणिक मान्यता है कि माघ मास पर्यंत प्रयागराज में संगम तट पर कल्पवास करने से सहस्त्र वर्षों के तप का फल मिलता है। महाकुंभ में कल्पवास करना विशेष फलदायी माना जाता है। परंपरा के अनुसार 12 फरवरी, माघ पूर्णिमा के दिन कल्पवास की समाप्ति हो रही है। सभी कल्पवासी विधिपूर्वक पूर्णिमा तिथि पर पवित्र संगम में स्नान कर कल्पवास का पारण करेंगे। पूजन और दान के बाद कल्पवासी अपने अस्थाई आवास त्याग कर पुनः अपने घरों की ओर लौटेंगे। आस्था और अध्यात्म के महापर्व, महाकुंभ में कल्पवास करना विशेष फलदायी माना जाता है। इस वर्ष महाकुंभ में देश के कोने-कोने से आए लोग संगम तट पर कल्पवास कर रहे हैं। शास्त्रों के अनुसार कल्पवास की समाप्ति 12 फरवरी, माघ पूर्णिमा के दिन होगी। पद्मपुराण के अनुसार पौष पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा तक एक माह संगम तट पर व्रत और संयम का पालन करते हुए सत्संग का विधान है। कुछ लोग पौष माह की एकादशी से माघ माह में द्वादशी के दिन तक भी कल्पवास करते हैं।

**12 फरवरी के दिन कल्पवासी पवित्र संगम में स्नान कर कल्पवास के व्रत का पारण करेंगे**

12 फरवरी के दिन कल्पवासी पवित्र संगम में स्नान कर कल्पवास के व्रत का पारण करेंगे। पद्मपुराण में भगवान दत्तात्रेय के बनाए नियमों के अनुसार कल्पवास का पारण किया जाता है। कल्पवासी संगम स्नान कर अपने तीर्थपुरोहितों से नियम अनुसार पूजन कर कल्पवास व्रत पूरा करेंगे। शास्त्रों के अनुसार कल्पवासी माघ पूर्णिमा के दिन संगम स्नान कर व्रत रखते हैं। इसके बाद अपने कल्पवास की कुटीरों में आकर सत्यनारायण कथा सुनने और हवन पूजन करने का विधान है। कल्पवास का संकल्प पूरा कर कल्पवासी अपने तीर्थपुरोहितों को यथाशक्ति दान करते हैं। साथ ही कल्पवास के प्रारंभ में बोए गए जौं को गंगा जी में विसर्जित करेंगे और तुलसी जी के पौधे को साथ घर ले जाएंगे। तुलसी जी के पौधे को सनातन परंपरा में मां लक्ष्मी का रूप माना जाता है। महाकुंभ में बारह वर्ष तक नियमित कल्पवास करने का चक्र पूरा होता है। यहां से लौटकर गांव में भोज कराने का विधान, इसके बाद ही कल्पवास पूर्ण माना जाता है।


## माघ पूर्णिमा स्नान पर प्रयागराज महाकुंभ में होगा विशेष यातायात प्रबंध

**महाकुंभ नगर ।** प्रयागराज महाकुंभ में माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व को देखते हुए प्रशासन ने विशेष यातायात योजना बनाई है। इसके अंतर्गत, 11 फरवरी 2025 की सुबह 4:00 बजे से संपूर्ण मेला क्षेत्र को 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम स्नान के लिए केवल आवश्यक एवं आकस्मिक सेवाओं को ही प्रवेश की अनुमति होगी। प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं के निजी व सार्वजनिक वाहनों को 11 फरवरी को सुबह 4:00 बजे के बाद संबंधित रूट की पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। इससे शहर में यातायात अव्यवस्था न हो और श्रद्धालु पैदल सुगमता से स्नान घाटों तक पहुंच सकेंगे।

श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने 11 फरवरी की शाम 5:00 बजे से पूरे प्रयागराज शहर को भी 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया है। केवल आपातकालीन सेवाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी जाएगी। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष यातायात योजना 12 फरवरी को स्नान संपन्न होने तक लागू रहेगी। महाकुंभ में कल्पवास कर रहे श्रद्धालुओं के वाहनों पर भी यह नियम लागू रहेगा। प्रशासन ने सभी कल्पवासियों से अनुरोध किया है कि वे नियमों का पालन करें और अधिकृत पार्किंग स्थलों का उपयोग करें। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सहयोग दें, ताकि महाकुंभ का यह महत्वपूर्ण स्नान पर्व सुगमतापूर्वक संपन्न हो सके।

## 11 लाख से अधिक आगंतुकों ने देखी 'स्वच्छ सुजल गांव' की तस्वीर

**लखनऊ/महाकुंभ नगर ।** योगी सरकार के नेतृत्व में नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने महाकुंभ-2025 में 'स्वच्छ सुजल गांव' बसाया है। इसमें अब तक देश-दुनिया के 11 लाख से अधिक आगंतुक पहुंचे, जिन्होंने योगी सरकार के नेतृत्व में आए बदलाव के बाद यूपी के समृद्ध गांवों की कहानी देखी। 'नमामि गंगे' और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा का भी निर्वहन कर रहा है। 'स्वच्छ सुजल गांव' में आने वाले आगंतुकों को 'जलप्रसाद' भी दिया जा रहा है। वहीं, गांव में प्रतिदिन शाम को गंगा जल आरती भी हो रही है। 'स्वच्छ सुजल गांव' में अब तक 11 लाख से अधिक अतिथि पहुंच चुके हैं, जिन्होंने इस गांव के जरिए समृद्ध यूपी का दीदार किया। गांव में आगंतुकों का निरंतर आना जारी है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। यहां 19 जनवरी, 24 जनवरी, 26 जनवरी और 9 फरवरी को सर्वाधिक पर्यटक-श्रद्धालु आए। यह संख्या इन चार दिनों में प्रतिदिन एक लाख से अधिक रही। वहीं, यहां प्रमुख स्नान पर्वों पर प्रवेश बंद रहा।



पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के जरिए बुंदेलखंड के गांव-गांव में हर घर जल पहुंचाने की नई तस्वीर से भी आगंतुक रूबरू हो रहे हैं। वे यहां 2017 से पहले बदहाल और इसके बाद बदले बुंदेलखंड के बदलाव की गाथा का भी दीदार कर रहे हैं। देश-दुनिया से आए श्रद्धालु 40 हजार स्क्वायर फीट एरिया में बसे गांव में पीएम आवास, सीएम आवास, ग्राम पंचायत, सोलर एनर्जी के जरिए समृद्ध उत्तर प्रदेश की नई कहानी भी देख रहे हैं। यह गाथा बदले यूपी की पहचान से हर आगंतुक को अवगत भी करा रही है। योगी सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण जलापूर्ति और नमामि गंगे विभाग ने महाकुंभ-2025 में 'स्वच्छ सुजल गांव' बसाया है।

## बिहार के पू. चंपारण में दवा खाने से दो दर्जन से अधिक छात्र बीमार

**पटना (आईएएनएस)**

बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के एक सरकारी स्कूल में सोमवार को एल्बेंडाजोल की गोली खाने के बाद दो दर्जन से अधिक छात्र बीमार हो गए। यह घटना मधुबन प्रखंड के कोइलहारा गांव स्थित 'उत्क्रमित मध्य विद्यालय' में हुई। घटना के बाद छात्रों की तबीयत बिगड़ने से उनके अभिभावक घबरा गए और उन्होंने स्कूल में हंगामा किया। गुस्साए अभिभावकों ने कुछ समय के लिए स्कूल के सभी शिक्षकों को बंधक बना लिया। स्थिति को संभालने के लिए एक मेडिकल टीम तुरंत स्कूल पहुंची और बीमार छात्रों को इलाज के लिए मधुबन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। इलाज के बाद सभी छात्रों की हालत में सुधार हुआ। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग पूरे जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चला रहा है, जिसमें सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को एल्बेंडाजोल और डीसी फोर्ट की दवा दी जा रही है। सोमवार को दवा लेने के बाद कई बच्चों ने उल्टी और पेट दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। मेडिकल टीम ने सभी प्रभावित छात्रों का तुरंत इलाज किया। जिन बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया उनमें अंशु कुमारी, अदिति कुमारी, ज्योति कुमारी, साहीदा खातून, लाडली प्रवीण, कुसमुन खातून, अन्या प्रवीण, सान्या रानी, रंजन कुमार, साई राजा, नबी हसन, अरबाज आलम और कुदुस आलम शामिल हैं।

# साइबर अपराध रोकने के लिए एआई का इस्तेमाल करेगी सरकार : अमित शाह

**नई दिल्ली (हि.स.)**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार साइबर अपराध को रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर म्यूल अकाउंट्स की पहचान करने की योजना बना रही है।

गृहमंत्री शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में 'साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराध' विषय पर गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अमित शाह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और रिज़र्व बैंक तथा अन्य सभी बैंकों के साथ समन्वय से म्यूल अकाउंट्स की पहचान की व्यवस्था बनाने के लिए प्रयास जारी है। म्यूल अकाउंट को ऑपरेट होने से पहले ही बंद करने की व्यवस्था भी की जाएगी। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'रुकें, सोचें और फिर कार्रवाई करें' के मंत्र के बारे में जानकारी देकर उन्हें साइबर अपराधों के प्रति सतर्क किया जा सके।

गृहमंत्री ने कहा कि आई4सी पोर्टल पर कुल 1 लाख 43 हजार एफआईआर दर्ज की गई हैं और 19 करोड़ से अधिक लोगों ने इस पोर्टल का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से 805 'ऐप्स' और 3266 वेबसाइट-लिंक को आई4सी की सिफारिश पर ब्लॉक किया गया है। इसके अलावा 399 बैंक और वित्तीय मध्यस्थ ऑनबोर्ड हो चुके हैं। साथ ही 6 लाख से अधिक संदिग्ध डेटा साझा किया गया, 19 लाख से अधिक म्यूल खाते पकड़े गए और 2038 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन रोके गए हैं।उल्लेखनीय है कि म्यूल अकाउंट- धोखाधड़ी के जरिए कमाए गए पैसे को ठिकाने लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला बैंक खाते को कहते हैं।

अमित शाह ने कहा कि आज भारत दुनिया में डिजिटल परिदृश्य के मामले में तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। भारत की कुल अर्थव्यवस्था में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान 20 प्रतिशत है। गृह मंत्रालय का लक्ष्य साइबर अपराध के मामलों और उनकी एफआईआर को शून्य करना है। साइबर अपराध से निपटने के लिए हमने चार प्रकार की रणनीति अपनाई है, जिसमें अभिसरण, समन्वय, संचार और क्षमता शामिल है। इन सभी को स्पष्ट उद्देश्यों और रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ लागू किया जा रहा है। गृह मंत्रालय के भीतर अंतर-मंत्रालयी और अंतर-विभागीय समन्वय को मजबूत किया गया है, जिससे निर्बाध संचार और सूचना का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित हुआ है।

### कई साइबर अपराध मामलों से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिली है

शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय, सीईआरटी-आईएन, आई4सी और दूरसंचार और बैंकिंग जैसे विभागों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान की स्वस्थ परंपरा के कारण कई साइबर अपराध मामलों से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिली है। गृहमंत्री ने साइबर अपराध को रोकने के लिए जनता के बीच जागरुकता बढ़ाने के महत्व पर बल दिया और समिति के सभी सदस्यों से आई4सी हेल्पलाइन नंबर 1930 का प्रचार करने का अनुरोध किया। साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मद्देनजर, '1930' हेल्पलाइन कार्ड ब्लॉक करने जैसी विभिन्न सेवाओं की पेशकश करते हुए एक-बिंदु समाधान प्रदान करती है।



## महाकुंभ से वापस लौट रहे तीर्थ यात्रियों की ऑटो ट्रक से टकराई, तीन की मौत, दो घायल

**भभुआ (आईएएनएस)**

बिहार के कैमूर जिले में मंगलवार को एक अनियंत्रित ऑटो ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो पर सवार सभी लोग प्रयागराज के महाकुंभ से पवित्र स्नान कर वापस लौट रहे थे। मृतकों में एक महिला भी बताई जा रही है।

मोहनिया थाना प्रभारी प्रियेश कुमार प्रियदर्शी ने मंगलवार को बताया कि पांच लोग एक ऑटो पर सवार होकर महाकुंभ से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान मोहनिया थाना क्षेत्र के मुठानी के पास चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और ऑटो ने सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में ऑटो पर सवार एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। सभी लोग औरंगाबाद जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मृतकों के परिजनों को पुलिस ने सूचना दी है।



## हम धर्म और पैसा बांटने की नहीं, काम की राजनीति करते हैं : भगवंत मान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा पंजाब के विधायकों की बुलाई गई मीटिंग के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मीडिया से बातचीत करते हुए आगे की रणनीति बताई। उन्होंने कहा कि हम अब दिल्ली में मिले अनुभव का इस्तेमाल पंजाब में करेंगे। उन्होंने कहा, "हार-जीत चलती रहती है, इसमें कोई बड़ी बात नहीं है।



अब हम दिल्ली का अनुभव पंजाब में भी लागू करेंगे। हमने मोहल्ला क्लिनिक, जिसे पंजाब में 'आम आदमी क्लिनिक' कहा जाता है, को खोलने पर जोर दिया है। हम पहले ही 850 से ज्यादा क्लिनिक स्थापित कर चुके हैं।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## यूपी के संभल में सर्वे के माध्यम से अपराधियों की होगी पहचान

**संभल (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश के संभल में 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद पुलिस अब बड़ी सतर्कता से आगे बढ़ रही है। अब सर्वे के माध्यम से पता चलेगा कि कौन से अपराधी कहां जाकर क्या अपराध कर रहा है। वह एकाएक अमीर कैसे हो गया है। घर से गायब रहने वालों का पता किया जाएगा। इस बारे में सर्वे किया जा रहा है। एएसपी श्रीशचंद्र ने बताया कि संभल क्षेत्र में रहने वाले कुछ लोगों के बारे में यह संज्ञान में आया है कि वे संभल के आसपास तथा एनसीआर में लगातार अपराध करते हैं। कुछ लोगों के बारे में पता चला है कि वे संभल से माइग्रेट करके आसपास के जिलों में जाकर अपराध करते हैं। इस बारे में व्यापकता से छानबीन की जा रही है कि वे कौन से अपराधी हैं जो यहां से जाकर बाहर अपराध करते हैं और बाहर से आकर यहां निवास करते हैं। इस बारे में लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## प्राइस डीलर एसोसिएशन ने किया धरना प्रदर्शन

**भागलपुर।** भागलपुर समाहरणालय परिसर में मंगलवार को जिला संगठन फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन भागलपुर के तत्वाधान में डीलरों ने अपनी मांगों के समर्थन में अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। सभी डीलर अपने हाथों में कटोरा लेकर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। उल्लेखनीय है कि डीलरों ने लगातार दूसरे दिन धरना प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के गोपाल यादव ने कहा कि हमारी मुख्य मांगों में विक्रेताओं को प्रति माह 30 हजार मानदेय, प्रति क्विंटल कमीशन का निर्धारण, बोरे के बिना अनाज का वजन किया जाए।

## मंडल छात्रावास में भीषण आग सैकड़ों छात्रों का सामान जलकर राख



**पूर्णिया ।** पूर्णियाँ लॉ कॉलेज के निकट स्थित मंडल छात्रावास में मंगलवार की सुबह भीषण आग लग गई, जिसमें सैकड़ों छात्रों का सामान प्रभावित हुआ है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस घटना में छात्रों की किताबें, मार्कशीट, सर्टिफिकेट, साइकिल, बेड, खाने-पीने की वस्तुएँ समेत अन्य सामान जलकर राख हो गए। घटना के दौरान छात्रावास में रखे कई गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गए, जिससे आग और भीषण हो गई। दमकल की कई गाड़ियाँ मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक पूरा लॉज जल चुका था।

# 'परीक्षा पे चर्चा' में अपना अनुभव बताएंगी दीपिका पादुकोण

## पीएम मोदी ने शेयर किया प्रोमो

## दीपिका खुद मानसिक स्वास्थ्य की समस्या की शिकार रह चुकी हैं

- **दीपिका खुद मानसिक स्वास्थ्य की समस्या की शिकार रह चुकी हैं**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण 'परीक्षा पे चर्चा' के 8वें संस्करण के दूसरे एपिसोड में छात्रों से बात करती नजर आएंगी। पीएम ने एपिसोड का प्रोमो शेयर किया है, जिसमें अभिनेत्री छात्रों से बात करती नजर आईं।

एक्स हैंडल पर 'परीक्षा पे चर्चा' के दूसरे एपिसोड के प्रोमो वीडियो को शेयर करते हुए पीएम ने लिखा, "एग्जाम वॉरियर्स के चर्चा किए जाने वाले सबसे आम विषयों में से एक मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती है, इसलिए इस साल की 'परीक्षा पे चर्चा' में इस विषय पर विशेष रूप से एक एपिसोड है, जो कल 12 फरवरी को प्रसारित होगा। पीएम मोदी ने अभिनेत्री के एपिसोड में शामिल होने की जानकारी देते हुए आगे लिखा, "हमारे साथ दीपिका पादुकोण हैं, जो इस विषय के बारे में बहुत भावुक हैं और इस पर बात कर रही हैं। शेयर किए गए प्रोमो वीडियो में दीपिका न केवल अपने अनुभव को शेयर करती हैं, बल्कि वह छात्रों को यह भी बताती नजर आईं कि इस समस्या से बाहर कैसे निकलें। दीपिका खुद मानसिक स्वास्थ्य की समस्या की शिकार रह चुकी हैं।

इससे पहले दीपिका ने 'परीक्षा पे चर्चा' के 8वें संस्करण में 'मानसिक स्वास्थ्य' पर छात्रों से बात करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। इंस्टाग्राम पर प्रोमो को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि वह इसे लेकर काफी उत्साहित हैं। दीपिका पादुकोण मानसिक स्वास्थ्य को लेकर अक्सर लोगों को जागरूक करती नजर आती हैं। ऐसे में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर दीपिका ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि इस एपिसोड में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत होगी, खासकर शिक्षा के संदर्भ में। वीडियो शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, " 'परीक्षा पे चर्चा' अपने 8वें संस्करण के साथ वापस आ चुका है! इस बार हम मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी चर्चा करेंगे। इस उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद। मैं अपने एपिसोड को लॉन्च करने के लिए उत्सुक हूं। 'परीक्षा पे चर्चा 2025।"वहीं, एपिसोड के प्रोमो वीडियो की शुरुआत एक छात्र के पादुकोण से यह सवाल पूछने से होती है कि वे अपने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए क्या महत्वपूर्ण काम कर सकते हैं? अभिनेत्री ने छात्रों को सलाह दी कि वे हमेशा खुद को अभिव्यक्त करें, चाहे वह परिवार के साथ हो या दोस्तों के साथ, अपनी भावनाओं को कभी ना दबाएं।



# हमारा लक्ष्य योग्यता के आधार पर महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करना है : क्रिस्पिन छेत्री



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने नए मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में अपना पहला राष्ट्रीय शिविर शुरू किया है, जहां वे 20-26 फरवरी को शारजाह, यूएई में होने वाले मैत्रीपूर्ण टूनार्मेंट पिंक लेडीज कप की तैयारी कर रही हैं। यह टूनार्मेंट एएफसी महिला एशिया कप 2026 क्वालीफायर से पहले टीम के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा होगी, जो इस साल भारत की सबसे बड़ी चुनौती है। पूर्व युवा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, क्रिस्पिन महिला फुटबॉल कोचिंग के चार साल के अनुभव के साथ देश की कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को निखार रहे हैं और ट्रॉफियां जीत रहे हैं। 50 वर्षीय क्रिस्पिन की प्रमुख उपलब्धियों में उनके मौजूदा क्लब ओडिशा एफसी को उनकी पहली भारतीय महिला लीग और ओडिशा महिला लीग खिताब दिलाना, ओडिशा के साथ राष्ट्रीय खेलों का स्वर्ण पदक जीतना और सेतु एफसी के साथ आईडब्ल्यूएल में उपविजेता बनना शामिल है। जगरनॉट्स के साथ, क्रिस्पिन ने इस सीजन की शुरूआत में एएफसी महिला चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रच दिया, जो किसी भारतीय क्लब के लिए पहला था। छेत्री ने एआईएफएफडॉटकॉम के साथ एक साक्षात्कार में कहा, ह्णएक कोच के रूप में यह मेरे लिए एक शिखर क्षण है। राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच बनना कुछ ऐसा है जिसके लिए हम सभी काम करते हैं। मैं इस यात्रा का हिस्सा बनकर और भारतीय महिला फुटबॉल को आगे बढ़ते देखकर रोमांचित हूं। छेत्री शिविर की संरचना के बारे में आशावादी हैं, जिसमें अनुभवी दिग्गजों और होनहार युवा खिलाड़ियों का मिश्रण शामिल है। उन्होंने कहा,"राष्ट्रीय टीम की जर्सी के लिए, मुझे लगता है कि हर महिला खिलाड़ी, जो पूरे भारत में खेल रही है, चाहे वह कॉलेज स्तर की हो, एक मौका पाने की हकदार है। यह जरूरी नहीं है कि आईडब्ल्यूएल खिलाड़ी ही काफी अच्छे हों। हर जगह प्रतिभाएं हैं। महिला राष्ट्रीय टीम में, मैं उन सभी खिलाड़ियों को मौका देना चाहता हूं जो खेल को अपने दिल से प्यार कर रही हैं। इसलिए मैं उन्हें आजमाना चाहता हूं।

# शतरंज: मुंबई के उभरते सितारे वेदांत पनेसर ने विज्क आन जी में 2026 चैलेंजर्स सेक्शन के लिए क्वालीफाई किया



**मुंबई(आईएएनएस)।** मुंबई के रहने वाले वेदांत पनेसर ने नीदरलैंड के विज्क आन जी में आयोजित क्वालीफायर जीतकर शतरंज 2026 के चैलेंजर्स सेक्शन में जगह पक्की कर ली है। 6/9 स्कोर करके पनेसर ने प्रतिस्पर्धी अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र से आधा अंक आगे रहकर सबसे प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में अपनी जगह पक्की की। अपनी जीत के बारे में बात करते हुए, वेदांत ने कहा, विज्क आन जी में खेलना हर शतरंज खिलाड़ी का सपना होता है। मैंने वहां एक उद्धरण पढ़ा, जिसमें कहा गया था, 'मरने से पहले, लोग प्राग जाना चाहते हैं, लेकिन एक शतरंज खिलाड़ी के लिए, यह विज्क आन जी में जीतना है।' विज्क आन जी में जीतना, जहां दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शतरंज खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हैं, वास्तव में विशेष है। टाटा स्टील चैलेंजर्स 2026 के लिए क्वालीफाई करना एक सपना सच होने जैसा है, और मुझे उम्मीद है कि मैं अगले साल ग्रैंडमास्टर के रूप में वापस आऊंगा।₹ यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि मुंबई पारंपरिक रूप से चेन्नई की तुलना में अपनी शतरंज संस्कृति के लिए नहीं जाना जाता है, जो भारत का शतरंज केंद्र है, जिसने कई शीर्ष खिलाड़ी दिए हैं। इसके बावजूद, वेदांत ने मुंबई से बढ़ती शतरंज प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लगातार रैंक हासिल की है, जहां इस स्तर पर पेशेवर रूप से शतरंज खेलने वाले बहुत कम लोग हैं। मैं अपने दोस्तों का बहुत आभारी हूं जिन्होंने मेरा साथ दिया और इस टूनार्मेंट की तैयारी में मेरी मदद की। उनके समर्थन ने बहुत बड़ा बदलाव किया। आगे बढ़ते हुए, मुझे पता है कि अगले स्तर तक पहुंचने और चैलेंजर्स के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए, मुझे अपने इर्द-गिर्द एक पेशेवर टीम बनाने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, मैं ओल्ड ब्रिज म्यूचुअल फंड के प्रति उनके अटूट समर्थन के लिए, टाटा स्टील शतरंज के प्रति मुझे यह प्रविष्टि देने के लिए और मेरी मां के प्रति भी अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं, जो हमेशा मेरी सफलता के पीछे एक मजबूत स्तंभ रही हैं।"

## बेथ मूनी ने जनवरी के लिए महिला खिलाड़ी का सम्मान प्राप्त किया

**दुबई(आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी को इंग्लैंड के खिलाफ बहु-प्रारूप एशेज श्रृंखला के दौरान उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए जनवरी 2025 के लिए आईसीसी महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया है। बाएं हाथ की ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज की स्पिनर करिश्मा रामहरैक और भारत की अंडर-19 स्टार त्रिशा गोंगडी को हराकर प्रतिष्ठित मासिक सम्मान जीता। मूनी ने पहली बार मासिक आईसीसी पुरस्कार जीता है और दिसंबर 2024 में शानदार फॉर्म में चल रही ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड के सम्मान जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के लिए यह लगातार दूसरा पुरस्कार है। घरेलू दर्शकों के सामने एशेज जीतना बहुत खास था और महिला टेस्ट के लिए रिकॉर्ड भीड़ के सामने, एमसीजी में पहला डे-नाइट टेस्ट खेलकर सीरीज पूरी करना एक ऐसा पल है जिसे हम सभी कभी नहीं भूलेंगे।

## आरसीए ने 2 विकेट से जीता



**रांची।** ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट मेकॉन स्टेडियम में रेलवे यूथ बनाम आरसीए के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रेलवे यूथ ने 42 ओवर में सात विकेट पर 233 रन बनाया। आकाशदीप ने 58, मनीष पांडे ने 50, नयन प्रकाश ने 21, जगजीत ने 30 व अमर ने 15 रन बनाया।
गेंदबाज करते हुए साहिद ने 53 रन देकर 3 विकेट, वसीम ने 35 रन देकर 2 विकेट, ईशान ने 51 रन देकर 1 विकेट, सलाउद्दीन ने 50 रन देकर 1 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी आरसीए टीम ने 37 ओवर में आठ विकेट पर 237 रन बनाया। वत्सल तिवारी ने 57, वसीम ने 45, पंकज ने 35, प्रणव ने 29, शशि ने 27 व एहसान ने 23 रन लिया। जगजीत ने 52 रन रन देकर 3 विकेट, अभिषेक ने 56 रन देकर 3 विकेट, आकाशदीप ने 30 रन देकर 2 विकेट लिया।
आरसीए ने 2 विकेट से जीता।



## गुजरात रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**राजकोट।** तेज गेंदबाजों प्रियजीत जडेजा और अर्जन नागवासवाला ने मिलकर 7 विकेट चटकाए जिससे गुजरात ने मंगलवार को यहां सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहली पारी के आधार पर 295 रन से पिछड़ी सौराष्ट्र की टीम क्वार्टर फाइनल मुकाबले के चौथे दिन दूसरी पारी में भी 197 रन पर सिमट गई। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रियजीत ने 32 रन देकर चार जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नागवासवाला ने 54 रन देकर तीन विकेट चटकाए। सौराष्ट्र ने दिन की शुरूआत बिना विकेट खोए 33 रन से की। प्रियजीत ने सलामी बल्लेबाज चिराग जानी (26) को आउट करके गुजरात को दूसरी पारी में पहली सफलता दिलाई और 67 रन की साझेदारी को तोड़ा। इस युवा तेज गेंदबाज ने इसके बाद भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा (02) को आउट करके सौराष्ट्र को बड़ा झटका दिया। सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई ने 103 गेंद में 9 चौकों की मदद से 54 रन की पारी खेली लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त साथ नहीं मिला।



## 'रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करना मुझे अच्छा लगता था' : गुप्टिल

**रायपुर(आईएएनएस)।** व्हाइट बॉल क्रिकेट के दिग्गज न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल ने सोमवार को लीजेंड 90 लीग में सिर्फ 49 गेंदों पर नाबाद 160 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने आईपीएल में रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी की शुरूआत करने के अपने दिनों को याद किया। गुप्टिल, जिन्होंने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से बिग बॉयज यूनिकरी को अकेले ही ध्वस्त कर दिया। उन्होंने पारी के दौरान कुछ शानदार शॉट्स लगाए। दिलचस्प बात यह है कि गुप्टिल ने 2016 आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी की थी। अपने शानदार प्रदर्शन के बाद गुप्टिल से पूछा गया कि वह किस क्रिकेटर के साथ पारी की शुरूआत करना चाहेंगे, तो न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज ने जवाब दिया, मैंने पहले भी उनके साथ पारी की शुरूआत की है, मुझे रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी करना अच्छा लगता है। गुप्टिल ने भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का सामना करने के लिए अपनी उत्सुकता भी जाहिर की। मैं हार्दिक पंड्या का सामना करना चाहूंगा।

## कोहली की फॉर्म पर रहेगी नजर

# तीसरे वनडे में इंग्लैंड को क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत



**अहमदाबाद।** पहले दो मैच में आसान जीत से उत्साह से लबरेज भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी लय बरकरार रखकर क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। इस मैच में हालांकि विराट कोहली पर निगाह रहेगी जिनके पास चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म हासिल करने का यह आखिरी मौका होगा। भारत पहले दो मैच चार विकेट के समान अंतर से जीत कर पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुका है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अब उस नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेलने के लिए उतरेगी जहां उसे वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। यह कहने की जरूरत नहीं है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कोहली की फॉर्म को लेकर चिंतित होगी। आठ टीमों के बीच खेले जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में शुरू होगी। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। भारत अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और 23 फरवरी को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की जो भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। कोहली अपने इस साथी से प्रेरणा लेकर यहां बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कोहली पूरी तरह से लय में नहीं दिख रहे हैं लेकिन वह इतनी देर तक क्रीज पर नहीं टिके हैं कि खुद को बड़ी पारी खेलने का मौका दे सकें।

**19 फरवरी** से पाकिस्तान और दुबई में शुरू होगी चैंपियंस ट्रॉफी

- **23 फरवरी** को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा।
- **20 फरवरी** को बांग्लादेश के साथ भारत अपना पहला मैच खेलेगा।
- **कोहली** का बल्ला अगर चल जाता है तो यह स्टार बल्लेबाज वनडे क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाला तीसरा खिलाड़ी बन सकता है।

कोहली का बल्ला अगर चल जाता है तो यह स्टार बल्लेबाज वनडे क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाला तीसरा खिलाड़ी बन सकता है। कोहली को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए केवल 89 रन की जरूरत है। भारत ने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है।
स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल करने और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी से भारत का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।
शमी की सफल वापसी से निश्चित तौर पर भारतीय टीम प्रबंधन को राहत मिली होगी क्योंकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को लेकर संदेह बना हुआ है। बुमराह को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अहमदाबाद में होने वाले इस वनडे से वापसी करनी थी लेकिन अभी वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में ही हैं। भारत और इंग्लैंड दोनों की टीम ने मंगलवार को अभ्यास नहीं किया था क्योंकि वे तरोताजा होकर तीसरे वनडे में उतरना चाहती हैं।

### टीम इस प्रकार हैं :

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रविंद्र जड़ेजा, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती।
**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जो रूट, फिलिप साल्ट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, ब्रायडन कार्स, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, साकिब महमूद, आदिल रशीद और मार्क वुड।



## सेंसेक्स 1,018 अंक फिसला



**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को बड़ी गिरावट देखी गई। बाजार के ज्यादातर मुख्य सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,018 अंक या 1.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,293 और निफ्टी 309 अंक या 1.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,071 पर था। बाजार का रुझान नकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 532 शेयर हरे निशान में, 3,469 शेयर लाल निशान में और 96 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। बड़ी गिरावट के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप 9 लाख करोड़ रुपये गिरकर 408 लाख करोड़ रुपये हो गया है। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बड़ी बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,583 अंक या 3.02 प्रतिशत गिरकर 50,887 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 574 अंक या 3.45 प्रतिशत गिरकर 16,074 पर था। निफ्टी ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंस सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रास्ट्रक्चर और मीडिया समेत सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं।, सेंसेक्स पैक में 30 में से 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं।

# एआई के क्षेत्र में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा भारत : ग्लोबल टेक लीडर्स

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उद्योगों और ग्लोबल टेक्नोलॉजी लैंडस्केप को फिर से परिभाषित कर रहा है। साथ ही भारत इस क्रांति में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है। यह बयान पेरिस में चल रही एआई एक्शन समिट में ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर्स द्वारा दिए गए। एआई एक्शन समिट का तीसरा संस्करण एआई गवर्नेंस के लेकर वैश्विक संवादों की सीरीज में लेटेस्ट है और इसकी सह-अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई है।
दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों के शीर्ष अधिकारी एआई क्षेत्र में भारत की बढ़ती हुई क्षमता से अवगत हैं। ओपनएआई के सीईओ, सैम ऑल्टमैन ने कहा, भारत एआई का एक बड़ा बाजार है। साथ ही हमारी कंपनी के लिए दूसरी सबसे बड़ी



- भारत के लोग स्टैक, चिप, मॉडल और कई असाधारण एप्लीकेशन बना रहे हैं : **सैम ऑल्टमैन**
- एआई के क्षेत्र में भारत में फ्रंट से नेतृत्व करने की क्षमता है: **सुंदर पिचाई**

मार्केट है। बीते एक वर्ष में यहां हमारे यूजर्स की संख्या तीन गुना बढ़ी है।
उन्होंने आगे कहा, भारत के लोग स्टैक, चिप, मॉडल और कई असाधारण एप्लीकेशन बना रहे हैं। एआई क्रांति में भारत को एक लीडर के रूप में उभरना चाहिए। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि एआई के क्षेत्र में भारत में फ्रंट से नेतृत्व करने की क्षमता है। ग्लोबल टेक लीडर्स ने बताया कि अच्छा टैलेंट पूल और एआई टेक्नोलॉजी को तेजी से अपनाने के कारण भारत एआई इनोवेशन, विकास और उसे लागू करने में तेजी से आगे बढ़ने को तैयार है।
माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला ने कहा, भारत इंडिक भाषाओं के क्षेत्र में और एआई का उपयोग करके अपने उद्योगों में बदलाव ला सकता है। साथ ही कहा, देश में एआई के क्षेत्र में बड़ा काम करने के लिए गणित प्रतिभा, शैक्षणिक संस्थान और अनुसंधान संस्थान हैं।
एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने भारत से अपनी खुद की एआई का निर्माण करने का आग्रह किया। हुआंग ने कहा कि देश में अगली पीढ़ी एआई डिलीवरी के लिए बैक-ऑफिस होगी। आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा के अनुसार, भारत में विशाल जनसंख्या और डेटा वेल्थ एआई परिदृश्य में एक अद्वितीय लाभ बनाने में मदद करेगी।

## भारत में 2047 तक कोयले की मांग 1,755 मिलियन टन पहुंचने का अनुमान: केंद्र

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत में कोयले की मांग 2030 तक 1,462 मिलियन टन (एमटी) और 2047 तक 1,755 एमटी तक पहुंचने का अनुमान है। यह जानकारी सोमवार को सरकार द्वारा दी गई। ैश्विक स्तर पर पांचवें सबसे बड़े भूगर्भीय कोयला भंडार और दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता के रूप में, कोयला एक मुख्य ऊर्जा स्त्रोत बना हुआ है, जो राष्ट्रीय ऊर्जा मिश्रण में 55 प्रतिशत का योगदान देता है। पिछले दशक में मुख्य रूप से कोयले से चलने वाली ताप विद्युत संयंत्रों ने कुल बिजली उत्पादन में 74 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया है।

## अमेरिकी सांसदों ने अदाणी ग्रुप पर डीओजे की कार्रवाई की जांच करने की मांग उठाई

**वाशिंगटन(आईएएनएस)।** छह अमेरिकी सांसदों ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को कड़े शब्दों में एक पत्र लिखा है, जिसमें डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस द्वारा अदाणी ग्रुप के अधिकारियों के खिलाफ अभियोग की जांच की मांग की गई है। छह अमेरिकी सांसदों, जिसमें लांस गूडेन, पैट फालोन, माइक हैरिडोपोलोस, ब्रैंडन गिल, विलियम आर टिममन्स और ब्रायन बाबिन शामिल हैं, ने पत्र में कहा कि डीओजे की कार्रवाई गुमराह करने वाली थी। इसमें भारत जैसे रणनीतिक सहयोगी के साथ अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचने का जोखिम था। अमेरिकी सांसदों ने पत्र में लिखा, यह मामला इस आरोप पर आधारित है कि इस कंपनी के सदस्यों द्वारा विशेष रूप से भारत में स्थित भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने की तैयारी की गई थी। मामले को उचित भारतीय अधिकारियों को देने के बजाय बाइडन डीओजे ने कंपनी के अधिकारियों को दोषी ठहराने का फैसला किया। सांसदों ने पत्र में आगे लिखा कि किसी मामले को इस तरह से आगे बढ़ाने का कोई अनिवार्य कारण नहीं था जो भारत जैसे सहयोगी के साथ संबंधों को जटिल बना सके, जब तक कि कुछ बाहरी कारक इसमें शामिल न हों।

# हुसैनाबाद में तीन परीक्षा केन्द्रों पर 151 में से तीन परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के सात मैट्रिक परीक्षा केंद्रों मेंपहले दिन परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हुई। हुसैनाबाद मे मैट्रिक परीक्षा के लिए सात केन्द्र बनाया गया, जिसमें पहले दिन वोकेशनल विषय में मात्र तीन परीक्षा केन्द्र पर कुल 151 मे तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिसमें क्रमशः बक्शी उच्च विद्यालय केंद्र पर 30 मे दो अनुपस्थित, बालिका प्लस टू विद्यालय में 51 और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र पर 70 परीक्षार्थी में एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। बक्शी उच्च विद्यालय परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक संतोष प्रसाद व बालिका प्लस टू विद्यालय पर प्रेम प्रकाश सिंह ने परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते देखे गये ।



## पहले दिन कदाचारमुक्त मैट्रीक परीक्षा संपन्न

**हैदरनगर।** जैक से संचालित मैट्रीक व इंटर की परीक्षा मंगलवार से शुरू कर दी गई है। राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर में परीक्षा के पहले दिन मैट्रीक की परीक्षा कदाचारमुक्त शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया है। प्रभारी प्राचार्य बैद्यनाथ राम ने बताया कि मंगलवार को पहले दिन कुल 257 में 256 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों की सक्रिय भूमिका रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक प्रवेश पत्र नहीं लेने वाले परीक्षार्थियों को प्लस टू उच्च विद्यालय प्रागंण हैदरनगर में बुधवार को भी प्रवेश पत्र का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अब तक जिन परीक्षार्थियों ने प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं किया है। उन्हें बुधवार को कार्यावधि में विद्यालय आकर प्रवेश पत्र लेने को कहा है।

## चंदवा में शांतिपूर्ण हुई मैट्रिक और इंटर की परीक्षा मैट्रिक में एक विद्यार्थी अनुपस्थित

**चंदवा।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटर की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई है। पहले दिन केंद्रों में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। प्रथम पाली में संपन्न हुई मैट्रिक परीक्षा में प्लस टू हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहा वहीं द्वितीय पाली में हुई इंटर की परीक्षा में सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि प्रखंड में इस बार मैट्रिक परीक्षा के लिए पांच केंद्र और इंटर की परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाये गये है। मैट्रिक में 1693 परीक्षार्थी और इंटर में 1107 परीक्षार्थी भाग ले रहे हैं। परीक्षा को लेकर प्रशासन के द्वारा व्यापक रूप से तैयारी की गई है।

## झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण हुई

**बारियातू।** परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय मे बनाए गए परीक्षा केंद्र मे 11 फरवरी को झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित इंटर की एग्रीकल्चर (कृषि )विषय मे 60 मे से 60 ऑटोमोटिव विषय की परीक्षा मे 39 मे से 39 परीक्षार्थी शामिल हुए। दोनों विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीक़े से सम्पन्न हुआ।

## बाइक और लॉकेट चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू (हि.स.)।** बाइक और सोने की लॉकेट चोरी की घटना का मेदिनीनगर शहर थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस सिलसिले में एक लुटेरे और एक ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। बाइक और सोने का लॉकेट बरामद किया है। लुटेरे की पहचान हमीदगंज बीएन कॉलेज के पास रहने वाले संजीत ओझा और ई-रिक्शा चालक पप्पू कुमार के रुप में हुई है।

रांची रोड रेड़मा के जितेन्द्र कुमार सोनी ने 10 फरवरी को घर के पास खड़ी स्पेलेंडर प्लस बाइक (जेएच03एपी 4920) चोरी हो जाने का मामला दर्ज कराया था। तेजी से अनुसंधान करते हुए गुप्तचरों से मिली सूचना पर बीसफुटा पुल के पास से चोरी गई बाइक पर सवार चोर संजीत ओझा को गिरफ्तार किया गया। संजीत ओझा पूर्व में ड्रोन कैमरा लूट मामले में जेल जा चुका है। साथ ही पुलिस ने पांच फरवरी को बेलवाटिका गुरूद्वारा के समीप पूंजय कुमार गुप्ता के पांच वर्षीय पुत्र के गले से सोने का लॉकेट निकाल लेने वाले ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया। आरोपित के द्वारा बच्चे के गले से सोने का लॉकेट निकालने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। अनुसंधान के दौरान आरोपित की पहचान की गयी और उसे गिरफ्तार किया गया और उसकी निशानदेही पर सोने का लॉकेट बरामद किया गया। ई-रिक्शा चालक पप्पू वर्ष 1998 में हत्या मामले एवं वन विभाग की लकड़ी चोरी कांड में जेल जा चुका है। शहर थाना स्थित इंस्पेक्टर कार्यालय में थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने इस संबंध में पूरी जानकारी दी। कार्रवाई टीम में शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार, टीओपी टू के प्रभारी अनिल कुमार सिंह, पु.अ.नि. अशुतोष रजक और जवान, हवलदार रमेश प्रसाद, सूर्यनाथ सिंह, अमित कुमार, मुकेश कुमार सिंह, मिथलेश कुमार पासवान, राजेश कुमार चन्द्रवंशी, प्रमोद यादव और सहायक आरक्षी जयंत दुबे शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### डाला कला पंचायत भवन में आमसभा का हुआ आयोजन



**ऊंटारी रोड़।** पांडू प्रखंड के ग्राम पंचायत डाला कलां पंचायत सचिवालय में प्रखंड बिकास पदाधिकारी के पत्रांक 100 दिनांक 07,02,2025 के आलोक में आम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डाला कलां पंचायत के मुखिया राम कुमार यादव ने किया। जिसमें पंचायती राज्य झारखंड के निर्देशन में पलामू जिला पंचायती राज्य पदाधिकारी के पत्रांक 46 दिनांक 29,01,25 के आलोक में पूर्व से कार्यरत पंचायत स्वयं सेवक प्रेमिका कुमारी देवी पति मिथलेश रजक एवं विकास कुमार मेहता पिता अंबिका महतो को पंचायत सहायक के पद पर चयन किया गया। जिसमें पंचायत पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रहे। सर्व सहमति एवं ग्रामीण जनता के द्वारा आम सहमति दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से पांडू प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम्न कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह उपस्थित रहे। मौके वार्डसदस्य सुमित्रा देवी, ललिता देवी, सुनील बैठा, राजमुनि राम, शंभूशरण सिंह, बैजनाथ सिंह, प्रदीप यादव, रणजीत सिंह, अरविंद सिंह, सतीश सिंह, सतेंद्र यादव, मल्लू राम, प्रणव कुमार, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### दुर्घटना में सहायक अभियंता गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**लातेहार।** मंगलवार की सुबह एनएच- 75 रांची-मेदिनीनगर राष्ट्रीय उच्च पथ पर एक सड़क हादसे में ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्लूडी) के सहायक अभियंता गंभीर रूप से घायल हो गये। लातेहार सदर अस्पताल मे उनका प्राथमिक इलाज कर रिम्स रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण कार्य विभाग (आरइओ), पलामू में बतौर सहायक अभयिंता पदस्थापित परितोष राज केरकेट्टा अपने कार से पलामू अपने विभागीय कार्यालय जा रहे थे। जबकि विपरित दिशा से गढ़वा से एक पंच कार में सवार होकर चार लोग रांची की ओर जा रहे थे। इसी दौरान चंदवा के सिकनी ग्राम के समीप दोनों गाड़ियों की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गये।गंभीर रूप से घायल सहायक अभियंता को रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया। घायल महिला धर्म किशोरी खतरे से बाहर है। महिला के साथ बैठे अन्य तीन लोगों को भी हल्की चोट लगी है।

### 22 फरवरी से 8 मार्च तक लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में दी गई जानकारी



**बड़गड़ (गढ़वा)।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय नालसा नई दिल्ली एवं उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देशानुसार प्रधान जिला सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष श्री नलिन कुमार एवं सचिव श्री रवि चौधरी जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढवा के निर्देश पर मंगलवार को 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत बडगड प्रखंड के ग्राम सालो में सभी ग्रामीण के बीच 22 फरवरी एवं 08 मार्च को लगने वाला राष्ट्रीय लोक अदालत, कानूनी सहायता, सरकारी योजना, अनाथ बच्चों को मिलने वाली स्पॉन्सरशिप, मैया सम्मान योजना, सड़क सुरक्षा, बाल मजदूरी, बाल विवाह, आदि बिंदुओं पर अधिकार मित्र राजेंद्र राम के द्वारा जानकारी दिया गया ।इस मौके पर में रोजगार सेविका प्रभा देवी, खुशबून बीबी, राजेश कच्छप, रवि किस्पोट्टा आदि सामिल थे।

### भाजपा नेता पूरन सिंह खरवार की रेल हादसे में हुई मौत

**श्री बंशीधर नगर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के मझिगावां निवासी एवं भाजपा नेता सह पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष पूरन सिंह खरवार की रेल हादसे में मौत हो गई। यह दुखद घटना नगर उंटारी थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव के रेलवे ट्रैक के पास घटी। परिजनों के अनुसार, पूरन सिंह खरवार की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। सोमवार को वे अचानक बिना किसी को बताए घर से निकल गए थे। जब वे देर रात तक वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। मंगलवार को उन्हें सूचना मिली कि सोनबरसा रेलवे ट्रैक के किनारे एक शव पड़ा है। परिजन जब घटनास्थल पर पहुंचे, तो शव की पहचान पूरन सिंह खरवार के रूप में हुई। यह खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बेदौलिया में स्कूली बच्चों को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया



**हुसैनाबाद।** प्रखंड क्षेत्र के बेदौलिया राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा प्रभा देवी एवं संचालन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा ने किया। इस समारोह में मुख्य रूप से गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी निभाकर बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूली बच्चों को कॉपी कलम प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान कर विद्यालय के प्रभारी जयप्रकाश शर्मा के द्वारा सम्मानित किया गया। इस तरह के नृत्य में मेडल पाने वालो में रिया कुमारी, रागिनी कुमारी, अर्चना कुमारी, पुष्पा कुमारी,मधुबाला कुमारी, चंचली कुमारी। नाटक के लिए प्रियांशु कुमारी,चांदनी कुमारी, काजल कुमारी, पीयूष कुमार रोशन कुमार, रवि किशन गुप्ता, प्रियांशु कुमार, अनमोल कुमार सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं सम्मानित हुए।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# सोशल मीडिया व इंटरनेट का उपयोग सतर्क रहकर करें : डीसी

- साइबर फ्रॉड के मामले में तत्काल सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करें

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में "टुगेदर फॉर अ बेटर इंटरनेट थीम" के तहत सुरक्षित इंटरनेट दिवस को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार में आयोजित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त , पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन, जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गय।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस हर साल फरवरी के दूसरे सप्ताह के मंगलवार को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदाराना उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाना है, खासकर बच्चों और युवाओं के बीच। इंटरनेट एक शक्तिशाली माध्यम है, लेकिन इसके साथ साइबर अपराध, डेटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग जैसी समस्याएं भी बढ़ी हैं, इसलिए इस दिवस के जरिए लोगों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल प्राइवेसी और इंटरनेट के सकारात्मक उपयोग के प्रति जागरूक और सुरक्षित करने का प्रयास किया जाता है। आगे उपायुक्त ने कहा आज हम सभी जानते है इंटरनेट और सोशल मीडिया ने हमारे जीवन मे अहम भूमिका बनाई है उसका सकारात्मक कम और नकारात्मक ज्यादा प्रभाव पड़ रहा है। सोशल मीडिया और इंटरनेट का बच्चों और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह का प्रभाव हो सकता है। ऐसे में आवश्यक है कम समय के लिए सोशल मीडिया या इंटरनेट का उपयोग सकारात्मक कार्य के लिए किया जाए।

आगे उन्होंने बैंक से संबंधित कॉल या संदेश में जब भी रिवॉर्ड पॉइंट, केवाईसी, लोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, सीवीवी या ओटीपी की मांग की जाए, तो कोई भी गोपनीय जानकारी साझा न करने की बात कही। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फर्जी आईडी से सावधान रहने की सलाह दिए। उन्होंने साइबर फ्रॉड के मामले में तत्काल सहायता के लिए 1930 पर कॉल करने का सुझाव दिया।

इस दौरान कार्यशाला को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य मकसद लोगों को इंटरनेट के बारे में जागरूक करना है। लगातार इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग से साइबर अपराधी भी भोली भाली जनता को ठगने का काम कर रहे हैं। ऐसे में हम सभी को इंटरनेट का प्रयोग करते समय बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है। जिससे कि किसी तरह के नुकसान से बचाया जा सके। आगे उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी ओटीपी न शेयर करें। इसके साथ ही अनजान नंबरों से आने वाली कॉल से सावधान रहें। किसी भी तरीके का अपना पासवर्ड एटीएम कार्ड नंबर पिन नंबर ना शेयर करें। लगातार बढ़ते इंटरनेट के प्रयोग को देखते हुए साइबर ठग रोज नया-नया प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे में कभी किसी के परिवार के गायब होने कभी किसी की बीमारी का बहाना बनाकर लोगों को ठगने का काम किया जा रहा है। ऐसे में सभी को सावधान रहने की नसीहत दी जाती है जिससे कि किसी तरह के जान माल के नुकसान से बचाया जा सके। कार्यशाला में उपस्थित साइबर एक्सपर्ट ने साइबर सुरक्षा को लेकर कई अहम जानकारियां साझा की गईं।

इस कार्यशाला में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, एनआईसी के इंजीनियर एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मी व स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### आवारा कुत्तों का आतंक जारी 7 लोगों को काटकर किया घायल

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत गली के आवारा कुत्तों का आतंक का बदस्तूर जारी है। सोमवार को अलग-अलग स्थानों पर सात लोगों को कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया है। घायलों में देवंती देवी चेताग, मोहम्मद वाहिद बालूमाथ, अजहर खान बालूमाथ, रीटो देवी पकरी, सरताज बालूमाथ, विराट कुमार पिता बाबूलाल बैठा चेताग ,बसीर देवी दोकर के नाम शामिल हैं। यह सभी बालूमाथ प्रखंड के रहने वाले हैं। जिनका बालूमाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार की गई। पीड़ितों ने बतलाया कि रास्ते में आते जाते कुत्ते दौड़ जाते हैं और काट लेते हैं।बीते कुछ दिनों पहले भी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कई लोगों को गली के आवारा कुत्ते काट कर घायल कर चुके हैं। राहगीरों को कुत्तों से खौफ हो गया है। अगर इन आवारा कुत्तों को कंट्रोल नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में इस तरह की घटना देखी जाएगी।

## जन शिकायत निवारण में डीसी ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

# निदान को लेकर दिए कई दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता ने उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया। इस कर्यक्रम में जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। वृद्धा पेंशन को लेकर मनिका प्रखण्ड के निवासी कईल मियां ने 4 महीने से पेंशन नही मिलने के कारण हो रही समस्या के संबंध में उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखीं तथा लोगों से प्राप्त आवेदन के आलोक में उपायुक्त ने समस्या निदान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

जन शिकायत निवारण में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधित, रोजगार, पेंशन, संबंधी जुड़े आवेदन आये। इस दौरान कुछ आवेदकों की समस्याओं का निष्पादन आन द स्पॉट किया गया और शेष आवेदकों के समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें।

उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## जहरीले फसल की उपज व मानव के भोजन से बचाने की है जरुरत

# खेती कार्य में जागरुकता से हैं सम्मान के पात्र हैं किसान : प्रेमतोष

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी सह जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देश पर कीटनाशकों के ताबड़तोड़ से बचने के लिए हैदरनगर प्रखंड के बरडंडा पंचायत सचिवालय में 10 फरवरी सोमवार की शाम किसान गोष्ठी का समापन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप जलाकर मुखिया सुदर्शन राम ने किया। उपस्थित ग्रामीणों और किसानों से एटीएम परवीन जहां ने कहा कि इन दवाओं के लगातार प्रयोग से स्वास्थ्य व पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि खेती में प्रयोग होने वाली कीटनाशक दवाइयों से जानलेवा सब्जी व फलों के उत्पादन से उनके भोजन तक पहुंच रहे हैं। जिससे कैंसर जैसी अन्य कई गंभीर बीमारियां बढ़ रही हैं। किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह ने किसानों से फसलों को कीटों से बचाने और अधिक पैदावार लेने के लिये स्वदेशी खाद और बीज के प्रयोग करने की कई जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जहरीली फसलों की उपज करने और मानव जीवन के भोजन अविलंब बचाया जाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारी, मुखिया, समस्त किसानों को अंग वस्त्र, गमछा देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षक वीरेन्द्र प्रसाद ने कहा कि अनर्गल कीटनाशक दवाओं का प्रयोग आज किया जा रहा है। जो प्रयोग के दौरान किसान सहित आमजनों के स्वास्थ्य पर भी इसका असर पड़ रहा है। इन दवाइयों से मनुष्य शरीर पर होने वाले हानिकारक प्रभाव को देखते हुए सरकार भी आर्गेनिक खेती को बढ़ावा दे रही है।

## ट्रेन का गेट नही खुलने पर टोरी जंक्शन पर यात्रियों ने किया हंगामा

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत टोरी जंक्शन पर सोमवार की देर शाम यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। हटिया से आनंद विहार जा रही स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में कुंभ स्नान को लेकर अप्रत्याशित भीड़ रहने व ट्रेन के बॉगी का दरवाजा बंद रहने के कारण दर्जनों यात्री ट्रेन में नहीं चढ़ पाए और ट्रेन अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रस्थान कर गई। ट्रेन छूट जाने के बाद यात्रियों ने प्लेटफार्म पर हंगामा करना शुरू कर दिया। हालांकि आरपीएफ टोरी के द्वारा ट्रेन के कई बॉगी के मुख्य द्वार को खुलवाकर यात्रियों को ट्रेन पर चढ़ाया। इसके बावजूद बड़ी संख्या में यात्री ट्रेन में नही चढ़ पाए। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर रंजीत रंजन सहाय ने बताया कि ट्रेन में काफी भीड़ भाड़ की वजह से ट्रेन का गेट बंद था। टोरी में कुंभ स्नान के लिए जाने वाले कुछ यात्री उक्त ट्रेन पर नहीं चढ़ पाये। जिस कारण यात्रियों में नाराजगी थी। हालांकि यात्रियों के द्वारा ट्रेन की खिड़की का कांच तोड़े जाने की भी चर्चा है।

## ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल में टक्कर, दो की हुई घटनास्थल पर ही मौत, एक बालक गंभीर

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हंटरगंज मार्ग के बीच बराटपुर मोड़ पर मंगलवार की संध्या ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो गई। जिसमें दो व्यक्तियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि ट्रैक्टर पर सवार एक 10 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना होने की जानकारी जब थाना प्रभारी कासिम अंसारी को मिली तो उन्होंने प्रतापपुर चिकित्सा पदाधिकारी कुमार संजीव से संपर्क किया और एंबुलेंस के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घायल बालक को प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए एंबुलेंस से भेजा और ट्रैक्टर से दबे हुए ट्रैक्टर चालक को निकालने के लिए जेसीबी को बुला कर डेड बॉडी को निकाला जा सका। ट्रैक्टर चालक जमुना बातेशा से इंट लेकर प्रतापपुर आ रहा था और प्रतापपुर से जा रहा मोटरसाइकिल सवार अचानक बराटपुर से पीछे मोड पर अनबैलेंस हो गया। जिस कारण मोटरसाइकिल सवार दूर तक फेंका गया और उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर ट्रैक्टर चालक की मौत अपने ही ट्रैक्टर के इंजन के नीचे दबने से हो गई। ट्रैक्टर चालक का तो पता नहीं चल पाया है।

## पेज एक के शेष

### आखिर सरकार किसे...

कंपनी ने निर्धारित क्षेत्र से अधिक जमीन पर खनन किया था। इससे राज्य सरकार को करीब 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के राजस्व का नुकसान हुआ था। सरकार ने मामले की जांच कराई थी। जांच में भी अवैध खनन किए जाने और राजस्व के नुकसान की बात कही गई थी। लेकिन, उक्त जांच रिपोर्ट पर सरकार की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रार्थी की ओर से बताया गया कि उक्त क्षेत्र के लोगों को पुनर्वास सहित अन्य सुविधा भी प्रदान नहीं की गई है। पूर्व में अदालत ने जांच रिपोर्ट पर की गई कार्रवाई की जानकारी सरकार से मांगी थी। लेकिन, मंगलवार को भी सरकार की ओर से मामले में स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया।

### शारीरिक और मानसिक...

कोर्ट ने कहा, भारत सरकार के अधिनियम के अनुसार, किसी भी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी में मानसिक रोगों के उपचार को बाहर करने के लिए प्रावधान नहीं हो सकता। कोर्ट ने पाया कि कोल इंडिया और इसकी सहयोगी कंपनियों में मेडिकल बीमा की जो योजना लागू है, उसमें मानसिक रोगों के उपचार के खर्च के भुगतान का प्रावधान नहीं है। लेकिन, यह प्रावधान मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के सीधे विरोध में है। कोर्ट ने कहा, कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनियां संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत 'राज्य' की परिभाषा में आती हैं। उनकी कोई भी नीति या संकल्प संसद द्वारा पारित किसी भी कानून के खिलाफ नहीं हो सकती। यदि कोई संकल्प या उसका कोई भाग किसी संसदीय कानून के विपरीत है, तो वह भाग अमान्य माना जाएगा।

### हजारीबाग में 1.02...

तूतीकोरिन क्षेत्र में 1.65 करोड़ हैचरी उत्पादित सीड रैंच किए हैं। गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार, ओडिशा, केरल, राजस्थान, झारखंड, गोवा और त्रिपुरा के कुछ इलाकों में मोती पर्ल कल्चर कार्य किया जा रहा है। कई राज्य सरकारों द्वारा राज्यवार प्राकृतिक मोती उत्पादन के आंकड़े सूचित नहीं किए गए है। मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने प्राकृतिक मोतियों की मार्केट लिंकेज को मजबूत करने के लिए राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों के साथ कई बैठकें भी की हैं।

### भारत करेगा अगली...

साथ ही, भारत अपनी विविधता को देखते हुए अपना स्वयं का लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) बना रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया, कंप्यूटिंग पावर जैसे संसाधनों को एकत्रित करने के लिए हमारे पास एक यूनिक सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल भी है। यह हमारे स्टार्ट-अप और शोधकर्ताओं को किफायती कीमत पर उपलब्ध कराया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, एआई स्वास्थ्य, कृषि और अन्य द्वारा लाखों लोगों की जिंदगी को बदल सकता है। यह एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद कर सकता है, जिसमें सतत विकास लक्ष्यों की यात्रा आसान और तेज हो जाएगी। एआई के कारण नौकरियां खत्म होने की बहस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है कि टेक्नोलॉजी के कारण काम खत्म नहीं होता है। उन्होंने आगे कहा, नौकरियों के प्रकार बदल जाते हैं और नई तरह की नौकरियां पैदा होती हैं। हमें इसके लिए स्किल और रिस्किलिंग में निवेश करना होगा, जिससे एआई से संचालित होने वाले भविष्य के लिए लोग तैयार हो सकें।

# एयरो इंडिया 2025 : अदाणी डिफेंस और डीआरडीओ ने व्हीकल-माउंटेड काउंटर-ड्रोन सिस्टम का किया अनावरण

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**




**कंपनी ने अपने बयान में कहा, "यह अत्याधुनिक प्रणाली उभरते हवाई खतरों के खिलाफ भारत की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है।**

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) के साथ मंगलवार को 'एयरो इंडिया 2025' में व्हीकल-माउंटेड काउंटर-ड्रोन सिस्टम का अनावरण किया। कंपनी ने अपने बयान में कहा, "यह अत्याधुनिक प्रणाली उभरते हवाई खतरों के खिलाफ भारत की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

आधुनिक युद्ध में टोही और आक्रामक अभियानों के लिए ड्रोन के बढ़ते उपयोग के कारण एक मजबूत एंटी-ड्रोन सिस्टम की आवश्यकता अनिवार्य हो गई है। अदाणी डिफेंस और एयरोस्पेस के सीईओ आशीष राजवंशी ने कहा कि यह भारत के डिफेंस इनोवेशन इकोसिस्टम की क्षमता को दिखाता है। यह डीआरडीओ के वर्ल्ड क्लास आरएंडडी और टेक्नोलॉजी फ्रेमवर्क के हस्तांतरण से संचालित है। उन्होंने आगे कहा कि हमें ये बताकर खुशी हो रही है कि अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस सफलतापूर्वक डीआरडीओ की टेक्नोलॉजी को ऑपरेशनल रेडी सॉल्यूशंस में बदलने में सफल रहा है। इससे हमारी सेनाओं की क्षमता बढ़ेगी।

राजवंशी के मुताबिक, अपनी उन्नत विनिर्माण क्षमताओं का लाभ उठाकर, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे सशस्त्र बलों के पास देश के रणनीतिक हितों की रक्षा के लिए सबसे उन्नत, स्वदेशी रक्षा टेक्नोलॉजी तक पहुंच हो। इस प्लेटफॉर्म को डीआरडीओ के महानिदेशक (इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रणाली) डॉ. बीके. दास ने रक्षा विशेषज्ञों और उद्योग भागीदारों की उपस्थिति में लॉन्च किया। व्हीकल-माउंटेड काउंटर-ड्रोन सिस्टम लंबी दूरी की सुरक्षा, चपलता और सटीकता सुनिश्चित करता है, जो इसे आधुनिक रक्षा बलों के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति बनाता है। यह उन्नत सेंसर क्षमताओं के माध्यम से निर्बाध सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें ड्रोन का ऑटोमेटिक डिटेक्शन, वर्गीकरण और निष्क्रिय करना शामिल है। इस ड्रोन को सिंगल 4x4 व्हीकल के साथ एकीकृत किया गया है। इसमें किसी ड्रोन को मार गिराने के लिए हाई-एनर्जी लेजर सिस्टम लगा हुआ है। इसमें 7.62 एमएम गन और एडवांस रडार है। यह 10 किलोमीटर की रेंज में टारगेट को हिट कर सकता है।




# रूस के सुखोई-57 और अमेरिकी एफ-35 के बीच भारतीय 'एमका' बटोर रही सुर्खियां

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**

बेंगलुरु में हो रहे 'एयरो इंडिया 2025' में रूस का सुखोई-57 स्टील्थ फाइटर जेट लोगों के बीच एक बड़ा आकर्षण बना हुआ है। अमेरिका के शक्तिशाली फिफ्थ जेनरेशन फाइटर जेट एफ-35 पर भी सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। यहां दोनों ही फाइटर जेट नियमित उड़ान भर रहे हैं।

इस दौरान दोनों विमानों की कलाबाजी देख विभिन्न देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी चकित हैं। ऐसे विदेशी और आधुनिकतम लड़ाकू विमानों के बीच भारत की स्वदेशी लड़ाकू विमान परियोजना एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एमका) भी सुर्खियां बटोर रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी कह चुके हैं कि भारत एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट को लेकर प्रण कर चुका है कि इसे बनाकर तैयार करना है। डीआरडीओ का कहना है कि 'एमका' विमान तैयार होने पर यह अपनी श्रेणी के अन्य आधुनिक और घातक फाइटर जेट में से एक होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की पावर से युक्त इलेक्ट्रॉनिक पायलट, नेटसेंट्रिक वारफेयर सिस्टम, इंटीग्रेटेड व्हीकल हेल्थ मैनेजमेंट और इंटरनल-बे के साथ यह दुश्मन के लिए बेहद घातक साबित होगा।

**'एमका' बेहद एडवांस्ड और 5वीं पीढ़ी का डबल इंजन लड़ाकू विमान है**

**भारत ने एक हल्का लड़ाकू विमान तेजस भी बनाया है। लेकिन, 'एमका' बेहद एडवांस्ड और 5वीं पीढ़ी का डबल इंजन लड़ाकू विमान होगा। इसमें एआई-पावर इलेक्ट्रॉनिक मल्टी सेंसर डाटा फ्यूजन है ताकि आसपास की स्थिति पर पूरी तरह नजर रखी जा सके। इसकी मदद से विमान में मौजूद पायलट तुरंत कार्रवाई भी कर सकेगा। यह सटीक टारगेट लगाने में भी मददगार होगा। इसकी खासियत यह भी है कि यह बेहद कम विजिबिलटी में ऑपरेशन को अंजाम दे सकता है।**

एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एमका) परियोजना के निदेशक कृष्ण राजेंद्र नीलि के मुताबिक, एमका भारत की सबसे महत्वाकांक्षी फाइटर जेट परियोजना है।

## इजरायली कैबिनेट युद्ध विराम के अगले चरण पर करेगी चर्चा



**यरूशलम ।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के प्रवक्ता ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इजरायल की कैबिनेट गाजा युद्ध विराम के अगले चरण पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को बैठक करेगी। बयान के अनुसार, गाजा युद्धविराम पर कतर में वार्ता के लिए इजरायली प्रतिनिधिमंडल सोमवार सुबह इजरायल लौट आया। पिछले हफ्ते नेतन्याहू की वाशिंगटन यात्रा के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने युद्धविराम के दूसरे चरण के बारे में इजरायल और हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता के लिए रविवार को दोहा की यात्रा की। हालांकि, नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल ने केवल तकनीकी मामलों पर ध्यान केंद्रित किया न कि उन प्रमुख मुद्दों पर जिन पर अभी सहमति नहीं बनी है। 15 महीने के विनाशकारी युद्ध के बाद 19 जनवरी को लागू हुए युद्ध विराम के तहत, 21 बंधकों- 16 इजरायली और पांच थाई को इजरायली जेलों से रिहा किए गए, सैकड़ों फिलिस्तीनी बंदियों के बदले में गाजा से रिहा किया गया।

## लोकसभा चुनाव के लिए ही बना था 'इंडिया' अलायंस : नासिर हुसैन

**नई दिल्ली ।** दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार और कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एक बार फिर विपक्षी 'इंडिया' ब्लॉक के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद नासिर हुसैन ने इस विषय पर मंगलवार को कहा कि 'इंडिया' ब्लॉक लोकसभा चुनाव के लिए ही बना था। नासिर हुसैन ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, " 'इंडिया' अलायंस लोकसभा चुनाव से पहले लोकसभा चुनाव के लिए ही बना था। वहीं, कांग्रेस की विचारधारा और राजनीति देश में दक्षिणपंथी राजनीति के खिलाफ है। इस गठबंधन को उसी के लिए बनाया गया था।

## उत्तर कोरिया ने रूस को भेजीं लंबी दूरी की 200 तोपें, सोल का दावा

**सोल ।** नॉर्थ कोरिया ने रूस को यूक्रेन के खिलाफ जंग में मदद के लिए लगभग 200 लंबी दूरी की तोपें भेजी हैं। इसके साथ ही प्योंगयांग की तरफ से और सैनिक व हथियार भेजने की संभावना है। साउथ कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह दावा किया। संसदीय रक्षा समिति को दिए गए एक ब्रीफिंग में मंत्रालय ने कहा, "(उत्तर कोरिया) ने लगभग 11,000 सैनिक, मिसाइल, 200 लंबी दूरी की तोपें और पर्याप्त मात्रा में गोला-बारूद उपलब्ध कराया है। साथ ही प्योंगयांग आगे चलकर अतिरिक्त सैनिक, हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध करा सकता है। इससे पहले साउथ कोरिया की जासूसी एजेंसी ने कहा था कि नॉर्थ कोरिया ने रूस का समर्थन करने के लिए लगभग 11,000 सैनिक भेजे हैं।

## यूएन एजेंसी ने सुरक्षा बलों पर सूडान में मदद करने में बाधा डालने का आरोप लगाया

**खार्तूम।** संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने सोमवार को अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) पर जरूरतमंदों तक मानवीय सहायता पहुंचाने में बाधा डालने का आरोप लगाया। यह आरोप विशेष रूप से पश्चिमी सूडान के दारफुर क्षेत्र में लगाया गया। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने एक बयान में कहा, "आरएसएफ से संबद्ध सूडानी राहत एवं मानवीय कार्य एजेंसी (एसएआरएचओ) के लगातार लगाए गए प्रतिबंध और नौकरशाही बाधाएं, लोगों तक जीवन रक्षक सहायता पहुंचने में बाधा डाल रही हैं।

## पेरिस 'एआई एक्शन समिट' : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा

# 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बदल सकता है लोगों का जीवन'

**पेरिस (आईएएनएस)**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस में 'एआई एक्शन समिट' के दौरान अपने संबोधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत सी चीजों को बेहतर बना कर लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है। पेरिस के ग्रैंड पैलेस में आयोजित सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा, "शासन का मतलब सभी के लिए पहुंच सुनिश्चित करना भी है, खास तौर पर ग्लोबल साउथ में। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत सी चीजों को बेहतर करके लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'एआई एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद कर सकता है जिसमें विकास लक्ष्यों की यात्रा आसान और तेज हो जाए। ऐसा करने के लिए, हमें संसाधनों और प्रतिभाओं को एक साथ लाना होगा। हमें ओपन-सोर्स सिस्टम विकसित करना होगा जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाए। हमें पूर्वाग्रहों से मुक्त गुणवत्तापूर्ण डाटा सेट बनाना होगा...।

प्रधानमंत्री मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं। इससे पहले पीएम मोदी सोमवार को पेरिस पहुंचे। ओर्ली एयरपोर्ट पर उतरने के बाद वह राष्ट्रपति मैक्रों की ओर से आयोजित रात्रिभोज के लिए एलिसी पैलेस रवाना हुए। फ्रांसीसी नेता ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। रात्रिभोज में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। पीएम मोदी ने वेंस को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में उनकी जीत पर बधाई दी। बता दें पीएम मोदी पेरिस से अमेरिका के लिए रवाना होंगे।

पीएम मोदी के पेरिस पहुंचने से पहले एक वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि वह और प्रधानमंत्री मोदी 'तकनीकी संप्रभुता' के लिए प्रयास करेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी की तरह हमारा भी दृढ़ विश्वास है कि भारत और फ्रांस दो महान शक्तियां हैं और हमारे बीच विशेष संबंध हैं। हम अमेरिका का सम्मान करते हैं और उसके साथ काम करना चाहते हैं, हम चीन के साथ भी काम करना चाहते हैं, लेकिन किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं।" मैक्रों ने कहा, "भारत और फ्रांस अग्रणी हैं लेकिन अमेरिका और चीन हमसे बहुत आगे हैं। हम एआई पर एक साथ काम करना चाहते हैं।

## एस जयशंकर ने फ्रांस के विदेश मंत्री से की मुलाकात, एआई और इनोवेशन पर की चर्चा



**पेरिस (आईएएनएस)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को पेरिस में अपने फ्रांसीसी समकक्ष जीन-नोएल बैरोट से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इनोवेशन, कनेक्टिविटी और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की

जयशंकर ने बैठक का ब्योरा शेयर करते हुए कहा, "आज शाम पेरिस में विदेश मंत्री जीन-नोएल बरोट से मिलकर खुशी हुई। एआई और इनोवेशन, कनेक्टिविटी और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमारे व्यापक सहयोग पर चर्चा हुई। क्षेत्रीय और वैश्विक विकास के बारे में भी बात हुई। फ्रांसीसी विदेश मंत्री ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'भारत के साथ, एआई हमारी रणनीतिक साझेदारी का नया क्षेत्र है। 2026 में, हम मिलकर इनोवेशन का एक फ्रेंको-भारतीय वर्ष लिखेंगे!'

यह बैठक पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत रात्रिभोज के दौरान हुई। प्रधानमंत्री मोदी अपने दो देशों के दौरे के पहले चरण के तहत सोमवार को फ्रांस पहुंचे. फ्रांस के बाद पीएम मोदी संयुक्त राज्य अमेरिका जाएंगे।

## 'दुलहनिया बीड़ीवाली' शो में नजर आएंगी पौलमी दास

**मुंबई ।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' की पूर्व प्रतियोगी पौलमी दास 'दुलहनिया बीड़ीवाली' शो में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। शो में अभिनेत्री के किरदार का नाम 'चंपा' है। 'दुलहनिया बीड़ीवाली' की कहानी निशा नामक एक नवविवाहिता की है, जो अपने पति रोहन के साथ अपने पैतृक गांव जाती है, जहां उसे चंपा (पौलमी) की किंवदंती से जुड़े एक अभिशाप का पता चलता है। गांव में रिवाज रहता है कि इस भय से बचने के लिए हर आदमी को दुल्हन की पोशाक पहननी पड़ेगी।हालांकि, रोहन ऐसा करने से इंकार कर देता है। इसके बाद कहानी में से कई रहस्य सामने आने लगते हैं, जिसे लेकर गांव में भय व्याप्त हो जाता है। निशा का अतीत उसके सामने आकर खड़ा हो जाता है। इसके बाद वह रोहन की रक्षा करने और अभिशाप को तोड़ने के लिए लड़ाई लड़ती है।

## कोटा में फिर एक कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में मंगलवार फिर एक कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक छात्र की पहचान अंकुश मीणा के रूप में हुई है, जो सवाई माधोपुर का निवासी था और कोटा के दादाबाड़ी के प्रताप नगर इलाके में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। पुलिस के अनुसार, पहली नजर में यह आत्महत्या व्यक्तिगत कारणों से की गई प्रतीत हो रही है। छात्र का शव एमबीएस अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है और परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। छात्र के परिजन मोजी राम मीणा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि छात्र यहां पर रहकर डेढ़ साल से नीट की तैयारी कर रहा था। इसके पिताजी खेती का काम करते हैं। हमें जब फोन किया गया, तो इस घटना के बारे में जानकारी मिली। इससे पहले 18 जनवरी को राजस्थान के कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे छात्र मनन जैन ने आत्महत्या कर ली थी।

## अमेरिका : निजी विमान की बिजनेस जेट से टक्कर, एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

**एरिजोना (आईएएनएस)।**

अमेरिका के एरिजोना में स्कॉट्सडेल एयरपोर्ट पर एक छोटा निजी जेट विमान एक प्लेन से टकरा गया। हादसे में एक शख्स की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक सोमवार को हुई दुर्घटना में मोटली क्रू के फ्रंटमैन विंस नील के स्वामित्व वाला 'लीयरजेट 35A' शामिल था। हालांकि, हादसे के वक्त नील विमान में नहीं थे, उनके प्रतिनिधि वॉरिक रॉबिन्सन ने सीएनएन को यह जानकारी दी। विमान ने कथित तौर पर लैंडिंग के समय एक खड़े 'गल्फस्ट्रीम 200' बिजनेस जेट को टक्कर मार दी। अधिकारियों ने बताया कि विमान के उतरते ही उसका बायां मुख्य गियर फेल हो गया, जिससे टक्कर हो गई। विमान ने ऑस्टिन, टेक्सास से उड़ान भरी थी। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, बचावकर्मियों ने घटनास्थल पर घायलों को प्राथमिक मेडिकल सहायता दी। एक व्यक्ति को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया और तीन अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्कॉट्सडेल फायर डिपार्टमेंट के कैप्टन डेव फोलियो के अनुसार, एक व्यक्ति ने मेडिकल मदद लेने से इनकार कर दिया। सोशल मीडिया पर मोटले क्रू द्वारा पोस्ट किए गए प्रारंभिक बयान में दावा किया गया कि मृतक पायलट था तथा घायल यात्रियों में नील की प्रेमिका और उसका एक मित्र भी शामिल थे।

मोटली क्रू की ओर से सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक शुरुआती बयान में दावा किया गया था कि मृतक पायलट था और नील की गर्लफ्रेंड और एक दोस्त घायल यात्रियों में शामिल हैं। हालांकि, बाद में पोस्ट को हटा दिया गया और एक अन्य बयान जारी किया गया जिसमें लोगों की पहचान नहीं बताई गई। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि जेट में चार लोग सवार थे - दो पायलट और दो यात्री। अधिकारियों ने अभी तक विमान में सवार लोगों के नाम जारी नहीं किए हैं।

# भारतीय सभ्यता ने मानव जाति को देवत्व की अवधारणा दी : आरिफ मोहम्मद खान

**गया (आईएएनएस)**



बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मंगलवार को कहा कि भारतीय सभ्यता लगभग 5000 वर्ष पुरानी है। महान भारतीय दार्शनिकों के विचारों के आधार पर कहा जा सकता है कि देश ने मानव जाति को देवत्व की अवधारणा दी है। वास्तव में, सदियों पुराने भारतीय दर्शन ने पश्चिमी देशों सहित दुनिया को प्रभावित किया है और यहां तक कि उन्होंने हमारे पुराने ग्रंथों का रूपांतरण कर गहन अध्ययन भी किया है।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) नई दिल्ली के समर्थित दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद और सामाजिक नीति केंद्र द्वारा आयोजित 'एकात्म मानववाद के सामाजिक पहलू' पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए।

उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय अवधारणा हमें सभी संस्कृतियों और विविधताओं का सम्मान करना सिखाती है। विश्व में पांच प्रमुख सभ्यताएं ईरानी, चीनी, रोमन, तुर्क और भारतीय सभ्यताएं हैं, जो अपने-अपने महत्व के लिए जानी जाती हैं।

भारतीय सभ्यता की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह ज्ञान और बुद्धि के प्रचार के लिए जानी जाती है, इसीलिए हमें अपने प्राचीन शास्त्रों में 'मानवता' का वास्तविक अर्थ खोजने की आवश्यकता है। इस अवधारणा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने पहली बार राजनीतिक क्षेत्र में प्रयोग किया था। राज्यपाल ने अपने संबोधन में भगवद गीता, वेदों के श्लोकों और शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद और भारत के अन्य महान दार्शनिकों के कथनों को उद्धृत किया। उन्होंने अपने संबोधन के अंत में कहा कि हमारे संविधान निर्माता प्रस्तावना में इतने सारे बिंदुओं को रखने के बजाय 'एकात्म मानववाद' शब्द का प्रयोग कर सकते थे। इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राम माधव ने कहा कि भारत निःसंदेह एक महान देश है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंच पर महान विचारकों को पैदा न करने के लिए हमारी आलोचना की जाती है। मेरे लिए पिछली सदी में देश ने दो महान मौलिक विचारकों को जन्म दिया, एक महात्मा गांधी और दूसरे पंडित दीनदयाल उपाध्याय।

